

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 243 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 12 जून 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


# मध्य पूर्व में तनाव के बीच वर्ल्ड बैंक ने बढ़ाया भारत की विकास दर का अनुमान

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। मध्य पूर्व में जारी तनाव और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर आई है। वर्ल्ड बैंक ने अपनी ताजा ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स रिपोर्ट में भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान को बढ़ाते हुए कहा है कि देश आने वाले वर्षों में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।



रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2026 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं 2027 के लिए विकास दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है, जो पहले 6.6 प्रतिशत था। वर्ल्ड बैंक ने इसके पीछे मजबूत घरेलू मांग और अर्थव्यवस्था की निरंतर मजबूती को प्रमुख कारण बताया है।

वर्ल्ड बैंक के डिप्टी चीफ इकोनॉमिस्ट आयहान कोसे ने कहा कि भारत की घरेलू मांग उम्मीद से अधिक मजबूत बनी हुई है। यही कारण है कि मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष से पैदा हुए आर्थिक दबावों का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर अपेक्षाकृत कम दिखाई दिया है।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2026 में दक्षिण एशिया दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र बना रहेगा। हालांकि ऊर्जा कीमतों में वृद्धि और भू-राजनीतिक तनाव के कारण क्षेत्रीय विकास दर में कुछ कमी आने की आशंका है।

वर्ल्ड बैंक ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता भी जताई है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2026 में वैश्विक विकास दर घटकर 2.5 प्रतिशत रहने की संभावना है, जो कोविड-19 महामारी के बाद सबसे धीमी वृद्धि दर होगी। बढ़ती महंगाई, ऊंची ऊर्जा कीमतें और सख्त वित्तीय परिस्थितियां विश्व अर्थव्यवस्था पर दबाव बना सकती हैं।

इन चुनौतियों के बावजूद भारत उन चुनिंदा बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, जिनकी विकास संभावनाओं में सुधार किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत घरेलू मांग और निर्यात में वृद्धि भारत की आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है। अनुमान है कि वर्ष 2028 में भी भारत की विकास दर 7 प्रतिशत के आसपास बनी रहेगी।

## क्या कांग्रेस में विलय होगी शरद पवार की पार्टी?

मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस नेतृत्व ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार को पार्टी के कांग्रेस में विलय का प्रस्ताव दिया है। बताया जा रहा है कि इस प्रस्ताव पर पार्टी स्तर पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, हाल के दिनों में सांसद सुप्रिया सुले के कुछ बयानों के बाद इस तरह की चचाओं को और बल मिला है। हालांकि, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की ओर से अब तक इस संबंध में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इसी बीच पार्टी के भीतर संभावित असंतोष की खबरों ने राजनीतिक हलकों में नई चचाओं को जन्म दे दिया है। जानकारी के अनुसार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के तीन विधायक महाराष्ट्र भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष से मिले हैं।

## बिहार विधान परिषद चुनाव

### निशांत, संजय मयूख और पवन सिंह समेत सभी 10 उम्मीदवार निर्विरोध एमएलसी निर्वाचित



बिहार विधान परिषद की 10 सीटों के लिए हुए द्विवार्षिक चुनाव और एक सीट पर उपचुनाव में सभी 10 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। गुरुवार को नाम वापसी की अवधि समाप्त होने के बाद निर्वाचन प्रक्रिया पूरी हो गई और सभी उम्मीदवारों को विजयी घोषित कर दिया गया।

इन चुनावों में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रभारी संजय मयूख के पुनर्निर्वाचन ने विशेष ध्यान आकर्षित किया। उनके अलावा भोजपुरी सिनेमा के चर्चित गायक एवं अभिनेता पवन सिंह सहित एनडीए के सभी उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। विपक्ष की ओर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुनील सिंह भी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

विधान परिषद की विधानसभा कोटे की नौ सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव हुआ, जबकि एक सीट पर उपचुनाव कराया गया। यह सीट पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विधान परिषद से इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुई थी। सोमवार को कुल 10 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था और किसी अन्य प्रत्याशी के मैदान में नहीं होने के कारण सभी निर्विरोध निर्वाचित हो गए।

नवनिर्वाचित सदस्यों में जनता दल (यूनाइटेड) से निशांत कुमार, भारती मेहता, शिवानी देवी प्रजापति और ललन प्रसाद शामिल हैं। भाजपा की ओर से संजय मयूख, पवन सिंह, संजय प्रकाश, अनिल ठाकुर और शीला पंडित निर्वाचित हुए हैं।

# दिल्ली-एनसीआर को गर्मी से राहत, आंधी-बारिश का अलर्ट;

### तापमान में 8 डिग्री तक गिरावट संभव, ऑरेंज अलर्ट जारी, 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। भीषण गर्मी और लू की चपेट में आए दिल्ली-एनसीआर के लोगों को अब बड़ी राहत मिलने वाली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले दो दिनों के लिए आंधी, बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी करते हुए 11 जून के लिए ऑरेंज अलर्ट तथा 12 जून के लिए येलो अलर्ट घोषित किया है।

मौसम विभाग के अनुसार क्षेत्र में मौसम का मिजाज तेजी से बदलने वाला है और तापमान में 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है।

आईएमडी के मुताबिक, 11 जून को दिल्ली-एनसीआर में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। रात के समय आंधी-तूफान और अधिक तीव्र होने की संभावना है




तथा हवा की गति 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि 12 जून को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जो पिछले दिनों दर्ज किए गए तापमान की तुलना में करीब 8 डिग्री कम होगा। पूरे दिन रुक-रुक कर बारिश और गरज-चमक की गतिविधियां जारी रह सकती हैं।

इस बीच पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मौसम ने करवट लेना शुरू कर दिया है। कई स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश दर्ज की गई है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर से आ रही नमी वाली हवाओं के प्रभाव से दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद समेत पूरे एनसीआर में अगले दो दिनों तक मौसम सक्रिय रहेगा।

आईएमडी ने लोगों को सलाह दी है कि खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों, पेड़ों और कमजोर ढांचों के नीचे खड़े होने से बचें। बिजली गिरने और तेज हवाओं के दौरान विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

# ओमान तट पर तेल टैंकर पर हमले से भारत नाराज, अमेरिका के समक्ष दर्ज कराया कड़ा विरोध

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। ओमान तट के निकट तेल टैंकर एमटी सेट्टेबेलो पर हुए हमले को लेकर भारत ने अमेरिका के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। जहाज पर सवार भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर भारत सरकार ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए क्षेत्र में ऐसे हमलों को तत्काल रोकने की मांग की है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि हमले के बाद अमेरिका के कार्यवाहक राजदूत जेसन मीक्स को तलब कर भारत की आपत्ति और चिंताओं से अवगत कराया गया। विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (अमेरिका) नागराज नायडू ने भारतीय नाविकों की सुरक्षा और कल्याण को लेकर भारत का पक्ष स्पष्ट रूप से रखा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दुनिया भर में बड़ी संख्या में भारतीय नाविक कार्यरत हैं और उनकी सुरक्षा भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ओमान तट के पास वाणिज्यिक पोत एमटी सेट्टेबेलो पर हुए हमले के खिलाफ भारत ने अमेरिकी पक्ष के समक्ष मजबूत विरोध दर्ज कराया है।



विदेश मंत्रालय के अनुसार, जहाज पर सवार 24 भारतीय चालक दल के सदस्यों में से 21 को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि तीन भारतीय नाविक अभी भी लापता हैं। ओमान स्थित भारतीय दूतावास स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर खोज एवं बचाव अभियान में सहयोग कर रहा है।

भारत ने कहा है कि क्षेत्र में जहाजों पर लगातार हो रहे हमले बेहद चिंताजनक हैं और यह बढ़ते क्षेत्रीय संघर्ष का परिणाम हैं। भारत ने तनाव कम करने, संवाद और कूटनीति के जरिए समाधान निकालने तथा अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करने की आवश्यकता दोहराई है।

उधर अमेरिकी सेंट्रल कमांड का दावा है कि पलाऊ ध्वज वाले तेल टैंकर एमटी सेट्टेबेलो पर कार्रवाई इसलिए की गई क्योंकि वह कथित रूप से ईरान से तेल ले जाकर लागू नाकेबंदी का उल्लंघन कर रहा था। अमेरिकी सेना के अनुसार, कई चेतावनियों के बाद जहाज के इंजन कक्ष को सटीक हथियारों से निशाना बनाकर निष्क्रिय किया गया।

भारत ने स्पष्ट किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों से अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही भारत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षित नौवहन की बहाली के लिए कूटनीतिक प्रयासों का समर्थन करता रहेगा।

# इटली की पीएम मेलोनी का सख्त संदेश: ईरान नहीं बदला तो EU लगाएगा नए प्रतिबंध

### मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच यूरोपीय संघ से अतिरिक्त दबाव बनाने की अपील, इजरायली मंत्री की टिप्पणी को भी बताया अस्वीकार्य

रोम। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा है कि यदि ईरान अपने वर्तमान रुख पर कायम रहता है और क्षेत्रीय संकट का समाधान नहीं निकलता, तो यूरोपीय संघ को उसके खिलाफ नए लक्षित प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने यह बात संसद को संबोधित करते हुए कही।

जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए कूटनीतिक प्रयासों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तेहरान अपने रवैये में बदलाव नहीं करता है, तो यूरोपीय संघ को अतिरिक्त दबाव बनाने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मौजूदा हालात में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारी है कि वह तनाव कम करने और संवाद को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी प्रयास करे।



उन्होंने दोहराया कि इटली हमेशा बातचीत और कूटनीति के माध्यम से विवादों के समाधान का समर्थक रहा है।

इस दौरान जॉर्जिया मेलोनी ने इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्वीर की हालिया टिप्पणियों की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि इटली के बारे में दिया गया उनका बयान न केवल इटली के लिए अस्वीकार्य है, बल्कि यह इजरायल की गरिमा और सहयोगी देशों के बीच अपेक्षित सम्मान के भी अनुरूप नहीं है।

मेलोनी ने कहा कि मित्र देशों के बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन सार्वजनिक मंचों पर संयम, जिम्मेदारी और सम्मान बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने सभी पक्षों से तनाव बढ़ाने वाले बयानों से बचने और संवाद के मार्ग को प्राथमिकता देने की अपील की।

यह बयान ऐसे समय में आया है जब मध्य पूर्व में सैन्य तनाव और समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंताएं लगातार बढ़ रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि क्षेत्र में बढ़ते तनाव का असर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मार्गों पर पड़ सकता है। गौरतलब है कि यह विवाद गाजा सहायता फ्लोटिला जहाज के कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिए जाने के मामले से जुड़ा हुआ है। इस मुद्दे पर इटली ने यूरोपीय संघ से प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। इसके जवाब में इतामार बेन-ग्वीर ने इटली को 'पल-पल में रुख बदलने वाला देश' कहा था, जिस पर इटली की प्रधानमंत्री ने कड़ा विरोध जताया

## काजू से भी महंगी हुई मुजफ्फरपुर की शाही लीची, 1200 रुपये सैकड़ा तक पहुंची कीमत

मुजफ्फरपुर। अपनी अनोखी मिठास और उत्कृष्ट गुणवत्ता के लिए देश-दुनिया में प्रसिद्ध मुजफ्फरपुर की शाही लीची इस वर्ष रिकॉर्ड कीमतों पर बिक रही है। प्रतिकूल मौसम और जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पादन में भारी गिरावट आने से बाजार में इसकी कीमत 1200 रुपये प्रति सैकड़ा तक पहुंच गई है। कई स्थानों पर यह कीमत काजू जैसे सूखे मेवों से भी अधिक हो गई है। जानकारों के अनुसार इस बार मौसम की मार के कारण शाही लीची की पैदावार में लगभग 75 प्रतिशत तक कमी दर्ज की गई है।






## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 की तैयारियां तेज, 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में होगा भव्य आयोजन

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक और निर्यात प्रोत्साहन आयोजनों में शामिल "यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस)-2026" के चतुर्थ संस्करण की तैयारियों को लेकर गुरुवार को इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के प्रमुख सचिव, एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन शशि भूषण लाल सुशील ने की।

बैठक में सचिव एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन प्रांजल यादव, आयुक्त एवं निदेशक उद्योग के. विजयेंद्र पांडियन, विशेष सचिव शिशिर, इंडिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड के अध्यक्ष राकेश कुमार, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेरणा सिंह, नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी मंगलेश दुबे, उपायुक्त उद्योग पंकज निर्वाण सहित जिला प्रशासन, पुलिस और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में 25 से 29 सितंबर 2026 तक आयोजित होने वाले



ट्रेड शो की तैयारियों, विभागीय समन्वय, आधारभूत सुविधाओं और आयोजन को अधिक प्रभावी एवं भव्य बनाने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान चिकित्सा, विद्युत, अग्निशमन, यातायात, सुरक्षा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की गई। प्रमुख सचिव ने कहा कि देश-विदेश से आने वाले क्रेताओं, निवेशकों, उद्योग प्रतिनिधियों, प्रदर्शकों और आगंतुकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

बैठक में आयोजन के सफल संचालन के लिए विभिन्न स्थानीय समितियों के गठन पर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रोटोकॉल, चिकित्सा एवं आपातकालीन सेवाएं, आवास, परिवहन, यातायात प्रबंधन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और ब्रांडिंग से संबंधित समितियों के गठन का प्रस्ताव रखा गया। इन समितियों में प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा विभाग, विद्युत विभाग, अग्निशमन सेवा तथा नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों को शामिल किए जाने पर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि जिला प्रशासन और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के नेतृत्व में सभी समितियां समन्वित रूप से कार्य करेंगी तथा तैयारियों की नियमित समीक्षा की जाएगी। आगंतुकों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली, आवास और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को विशेष रूप से मजबूत किए जाने पर जोर दिया गया।

# बचपन की मिठास को कड़वे पसीने में बदलती यह निर्दयी दुनिया

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

किसी भी समाज का भविष्य बच्चों की आँखों में बसता है। जब उन आँखों के सपने स्कूल की चौखट तक पहुँचने से पहले ही श्रम की धूल में खो जाएँ, जब नन्हे हाथ खिलौनों और किताबों के बजाय बोझ और औजार उठाने लगें, तब समझ लेना चाहिए कि कहीं न कहीं मानवता हार रही है। 12 जून का विश्व बाल श्रम निषेध दिवस इसी पीड़ा की याद दिलाता है–यह उन करोड़ों बच्चों की मौन पुकार है जिनसे उनका बचपन छिन गया। तकनीकी युग में भी असंख्य बच्चे श्रम की बेड़ियों में जकड़े हैं। किसी राष्ट्र की सच्ची समृद्धि उसके सुरक्षित, शिक्षित और सम्मानजनक बचपन



से मापी जाती है; बचपन असुरक्षित हो तो विकास फीका पड़ जाता है।

आँकड़े बताते हैं कि बाल श्रम के विरुद्ध लड़ाई अभी अधूरी है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और यूनिसेफ की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में भी दुनिया के लगभग 138 मिलियन बच्चे बाल श्रम में फँसे हुए थे, जिनमें 54 मिलियन बच्चे ऐसे खतरनाक कार्य कर रहे थे जो उनके जीवन, स्वास्थ्य और भविष्य के लिए सीधा खतरा हैं। निस्संदेह, वर्ष 2000 के 246 मिलियन की तुलना में यह संख्या लगभग आधी हुई है, पर संतोष का कोई कारण नहीं है। संयुक्त राष्ट्र का सतत विकास लक्ष्य 8.7, जिसके तहत 2025 तक बाल श्रम समाप्त करने का संकल्प था, पूरा नहीं हो सका। प्रयासों ने तस्वीर बदली है, लेकिन हकीकत नहीं; जब तक आखिरी बच्चा भी श्रम से मुक्त नहीं होता, तब तक हर उपलब्धि अधूरी रहेगी।

बाल श्रम का वैश्विक भूगोल भी गहरी चिंता पैदा करता है। उप-सहारा अफ्रीका में लगभग 87 मिलियन बच्चे बाल श्रम में फँसे हैं, जो विश्व के कुल बोझ का लगभग दो-तिहाई है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में संख्या 49 मिलियन से घटकर 28 मिलियन हुई है, पर राहत अभी अधूरी है। आज भी लगभग 61 प्रतिशत बाल श्रमिक कृषि क्षेत्र में कार्यरत हैं। खेतों, बागानों और पशुपालन में खपते इन बच्चों के श्रम का हिसाब मिलता है, लेकिन उनके खोए बचपन का नहीं। घरेलू काम, छोटे कारखाने, बाजार, निर्माण स्थल और वैश्विक आपूर्ति शृंखलाएँ भी बाल श्रम के छिपे केंद्र बने हुए हैं। विडंबना यह है कि हम उत्पादों की चमक देखते हैं, पर उनके पीछे खोया बचपन नहीं।

भारत की स्थिति किसी भी तरह के आत्मसंतोष की गुंजाइश नहीं छोड़ती। आधिकारिक आँकड़ों में लाखों बच्चे बाल श्रम में दर्ज हैं, जबकि विशेषज्ञ इसे इससे कहीं अधिक मानते हैं। कृषि, पटाखा, चमड़ा, काँच उद्योग, खदानें और शहरी घरेलू कार्य–हर जगह बचपन श्रम में उलझा दिखता है। महामारी के बाद बढ़ी गरीबी, मानव तस्करी, पारिवारिक मजबूरियाँ और जलवायु संकट ने इस समस्या को और गहरा कर दिया है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि आज श्रम में खोया हर बच्चा कल की प्रतिभा हो सकता था। बाल श्रम दरअसल भविष्य की संभावनाओं की चोरी है। कानून मौजूद हैं, पर उनका प्रभावी क्रियान्वयन अब भी कमजोर है–एफआईआर बढ़ती हैं, लेकिन दोषसिद्धि कम।

बाल श्रम केवल अर्थव्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि समाज की नैतिक परीक्षा है। एक ओर हम बच्चों को देवतुल्य मानकर पूजते हैं, दूसरी ओर वही व्यवस्था उन्हें सबसे सस्ता श्रमिक बना देती है। गरीबी, अशिक्षा, वयस्कों के लिए रोजगार की कमी और कमजोर सामाजिक सुरक्षा–ये चार आधार बाल श्रम को मजबूती देते हैं। आजीविका के दबाव में परिवार बच्चों को भी श्रम की ओर धकेल देते हैं। साथ ही जलवायु परिवर्तन, आर्थिक संकट, संघर्ष और युद्ध जैसी वैश्विक परिस्थितियाँ उनके बचपन को और संकुचित कर रही हैं। स्पष्ट है कि समाधान केवल बच्चों को काम से हटाने में नहीं, बल्कि उन सामाजिक-आर्थिक कारणों को बदलने में है जो उन्हें वहाँ पहुँचाते हैं।

बाल श्रम के विरुद्ध अभियान में वर्ष 2026 का विषय निर्णायक संकेत देता है–ह्लबाल श्रम को लाल कार्ड: बच्चों के लिए उचित अवसर, वयस्कों के लिए सम्मानजनक कार्य।ह्व यह केवल नारा नहीं, बल्कि नीति परिवर्तन का आह्वान है। इसका स्पष्ट संदेश है कि बच्चों को अवसर और वयस्कों को सम्मानजनक रोजगार साथ-साथ दिए बिना बाल श्रम समाप्त नहीं होगा। फरवरी 2026 की माराकेश रूपरेखा ने भी शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार सुधार पर जोर दिया है। लेकिन संकल्प तभी सार्थक हैं जब वे जमीन पर बदलाहट बनें। दुनिया ने बाल श्रम के विरुद्ध अनेक संकल्प लिए हैं; अब जरूरत घोषणाओं से आगे बढ़कर उन्हें लागू करने की है।

बाल श्रम केवल अधिकारों का उल्लंघन नहीं, बल्कि मानव विकास की गहरी बाधा है। बचपन में काम करने को मजबूर बच्चा शिक्षा और कौशल से वंचित रह जाता है, जिससे आगे उसकी आय, अवसर और उत्पादकता सीमित हो जाती है और गरीबी पीढ़ियों तक चलती है। इसका प्रभाव राष्ट्रीय उत्पादकता, स्वास्थ्य और सामाजिक समानता पर भी पड़ता है। फिर भी आशा बनी हुई है–कुछ गाँवों की सामुदायिक निगरानी, एनजीओ की पहल और राज्य स्तरीय योजनाएँ सकारात्मक संकेत दे रही हैं। लेकिन ये प्रयास पर्याप्त नहीं; जरूरत है एक व्यापक, सख्त और समन्वित अभियान की, जिसमें पारदर्शी आपूर्ति शृंखलाएँ, कानून, आर्थिक सहारा और सामाजिक जागरूकता साथ चलें।

सभ्यता की असली पहचान बच्चों की हँसी में है, न कि उनके श्रम में। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस हमें याद दिलाता है कि अब संवेदना नहीं, निर्णायक कार्रवाई का समय है। बाल श्रम को हर स्तर पर वास्तविक "लाल कार्ड" दिखाना होगा–यह जिम्मेदारी सरकार, समाज, उद्योग और हर नागरिक की है। घर से लेकर कार्यस्थल तक यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी बच्चे का श्रम हमारी सुविधा न बने। बाल श्रम से मुक्ति केवल बच्चों की नहीं, पूरी मानवता की मुक्ति है। यदि बचपन अंधेरे में खोया रहा, तो भविष्य भी अधूरा रहेगा। बच्चों को शिक्षा, खेल और सपने तथा वयस्कों को सम्मानजनक काम–यही संतुलन मानवता की असली जीत है।

# जब भारत ने सैन्य विमान निर्माण में रचा नया इतिहास

**- महेन्द्र तिवारी**

भारत ने रक्षा और विमानन क्षेत्र में एक ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जिसे आने वाले वर्षों में देश की औद्योगिक और सामरिक प्रगति के महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। गुजरात के वडोदरा स्थित टाटा और एयरबस की अंतिम संयोजन इकाई में निर्मित पहले सी-295 सैन्य परिवहन विमान ने सफलतापूर्वक अपनी पहली परीक्षण उड़ान पूरी कर ली है। यह केवल एक विमान की उड़ान नहीं थी, बल्कि उस विश्वास, क्षमता और तकनीकी आत्मनिर्भरता की उड़ान थी, जिसकी कल्पना भारत लंबे समय से करता रहा है। इस उपलब्धि ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि भारत अब केवल रक्षा उपकरणों का उपभोक्ता नहीं रहना चाहता, बल्कि वह उन्नत रक्षा प्रणालियों और सैन्य विमानों के निर्माण में भी अग्रणी भूमिका निभाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

सी-295 कार्यक्रम भारत की रक्षा उत्पादन क्षमता को मजबूत करने वाली सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में गिना जा रहा है। भारतीय वायुसेना के लिए कुल 56 सी-295 विमानों की खरीद का निर्णय लिया गया था। इस व्यवस्था के अंतर्गत 16 विमान सीधे स्पेन से उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जबकि शेष 40 विमानों का निर्माण भारत में किया जा रहा है। यही वह पहल है जिसने देश में सैन्य विमान निर्माण के क्षेत्र में एक नए युग की शुरूआत की है। इन 40 विमानों का निर्माण वडोदरा में स्थापित उत्पादन परिसर में किया जाएगा, जहां भारतीय इंजीनियर, तकनीशियन और विशेषज्ञ वैश्विक स्तर की प्रौद्योगिकी के साथ काम कर रहे हैं।

पहले भारत निर्मित सी-295 विमान की सफल परीक्षण उड़ान ने इस परियोजना की व्यवहारिक सफलता को प्रमाणित कर दिया है। यह उड़ान उत्पादन के बाद होने वाली परीक्षण प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण थी। किसी भी सैन्य विमान को सेवा में शामिल करने से पहले उसकी विभिन्न प्रणालियों, उड़ान क्षमता, नियंत्रण व्यवस्था, सुरक्षा तंत्र और प्रदर्शन का कठोर परीक्षण किया जाता है। पहली सफल उड़ान यह दर्शाती है कि विमान निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार हुआ है और आगे की परीक्षण प्रक्रियाओं के लिए सक्षम है।

भारत में निर्मित पहला सी-295 विमान मई 2026 में पूरी तरह तैयार हुआ था। इसके बाद जून 2026 में उड़ान परीक्षणों का दौर प्रारंभ हुआ। इस सफल परीक्षण के बाद उम्मीद की जा रही है कि भारत में निर्मित पहला विमान इसी वर्ष भारतीय वायुसेना को सौंप दिया जाएगा। यह उपलब्धि केवल रक्षा क्षेत्र के लिए ही नहीं बल्कि भारतीय विनिर्माण क्षमता के लिए भी गर्व का विषय है। सी-295 एक मध्यम श्रेणी का सामरिक परिवहन विमान है, जिसे अनेक प्रकार के सैन्य अभियानों के लिए विकसित किया गया है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता इसकी बहुउद्देश्यीय उपयोगिता है। यह विमान



एक बार में 71 सैनिकों या लगभग 50 पैराट्रूपरों को ले जाने में सक्षम है। इसके अलावा इसका उपयोग रसद आपूर्ति, चिकित्सा निकासी, आपदा राहत, विशेष सैन्य अभियानों तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में त्वरित तैनाती जैसे कार्यों के लिए भी किया जा सकता है।

भारत जैसे विशाल और विविध भौगोलिक परिस्थितियों वाले देश के लिए ऐसे विमान का महत्व और भी बढ़ जाता है। हिमालयी क्षेत्रों से लेकर रेगिस्तानी इलाकों तथा समुद्री सीमाओं तक, भारतीय सशस्त्र बलों को विभिन्न परिस्थितियों में त्वरित परिवहन क्षमता की आवश्यकता होती है। सी-295 को इसी उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। यह छोटी और अपेक्षाकृत कम विकसित हवाई पट्टियों से भी उड़ान भर सकता है और उतर सकता है। इसकी यह क्षमता उन क्षेत्रों में विशेष रूप से उपयोगी है जहां सामान्य बड़े विमान संचालन नहीं कर सकते।

इस विमान की एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह कठिन परिस्थितियों में भी प्रभावी ढंग से कार्य कर सकता है। यह अस्थायी अथवा अर्धविकसित रनवे पर भी संचालन करने में सक्षम है। पूर्ण अंधकार की स्थिति में भी इसकी संचालन क्षमता इसे आधुनिक सैन्य आवश्यकताओं के अनुरूप बनाती है। युद्धकालीन परिस्थितियों में ऐसी क्षमताएं अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती हैं क्योंकि सैन्य अभियानों में अक्सर सीमित संसाधनों और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करना पड़ता है।

सी-295 कार्यक्रम केवल विमान निर्माण तक सीमित नहीं है। इसके माध्यम से भारत में एक व्यापक औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र भी विकसित हो रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत हजारों पुर्जों का निर्माण भारत में किया जा रहा है। अनेक भारतीय कंपनियां इस आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बनी हैं। इससे देश में उच्च तकनीकी विनिर्माण क्षमता का विकास हो रहा है और बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम के अंतर्गत 13000 से अधिक पुर्जों का निर्माण भारत में किया जा रहा है तथा दर्जनों भारतीय आपूर्तिकर्ताओं को उत्पादन प्रक्रिया में शामिल किया गया है। इससे केवल एक विमान नहीं बन रहा, बल्कि एक संपूर्ण औद्योगिक आधार तैयार हो रहा है जो भविष्य में अन्य रक्षा और विमानन परियोजनाओं के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा।

इस परियोजना का एक महत्वपूर्ण पहलू प्रौद्योगिकी हस्तांतरण भी है। जब किसी उन्नत विमान का निर्माण देश में किया जाता है, तो उससे जुड़े डिजाइन, निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण और परीक्षण संबंधी अनेक कौशल स्थानीय स्तर पर विकसित होते हैं। इससे भारतीय इंजीनियरों और तकनीशियनों को अत्याधुनिक तकनीक के साथ काम करने का अवसर मिलता है। दीर्घकाल में यही अनुभव भारत को अधिक जटिल और उन्नत विमान प्रणालियों के स्वदेशी विकास में सहायता करेगा।

सी-295 कार्यक्रम भारतीय वायुसेना के आधुनिकीकरण से भी जुड़ा हुआ है। वर्तमान में यह विमान पुराने एवरो परिवहन विमानों का स्थान ले रहा है, जो कई दशकों से सेवा में हैं। बदलती सैन्य आवश्यकताओं और आधुनिक युद्ध की चुनौतियों को देखते हुए अधिक सक्षम और आधुनिक परिवहन विमानों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। सी-295 इस आवश्यकता को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसकी बेहतर वहन क्षमता, आधुनिक प्रणालियां और बहुउद्देश्यीय उपयोगिता भारतीय वायुसेना की परिचालन दक्षता को बढ़ाएंगी।

वडोदरा में स्थापित उत्पादन केंद्र स्वयं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस सुविधा की स्थापना ने भारत को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में ला खड़ा किया है जहां आधुनिक सैन्य परिवहन विमानों का निर्माण किया जाता है। यह केंद्र भविष्य में अन्य विमानन परियोजनाओं के लिए भी आधार बन सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इसी प्रकार की परियोजनाएं आगे बढ़ती रहीं, तो भारत वैश्विक विमानन आपूर्ति श्रृंखला में और अधिक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर सकता है।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल हथियारों का निर्माण नहीं है, बल्कि रणनीतिक स्वतंत्रता भी है। जब कोई देश अपनी आवश्यक सैन्य प्रणालियों का निर्माण स्वयं करता है, तो वह बाहरी निर्भरता को कम कर पाता है। संकट या युद्ध की स्थिति में विदेशी आपूर्ति पर निर्भरता कई बार जोखिम पैदा कर सकती है। ऐसे में सी-295 जैसी परियोजनाएं भारत की सामरिक स्वायत्तता को मजबूत करती हैं।

इस उपलब्धि का आर्थिक महत्व भी कम नहीं है। रक्षा उत्पादन में बढ़ोतरी से निवेश, रोजगार, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा मिलता है। स्थानीय उद्योगों को नए अवसर मिलते हैं और तकनीकी दक्षता का स्तर ऊंचा होता है। इससे देश की समग्र औद्योगिक क्षमता में वृद्धि होती है। रक्षा विनिर्माण को अक्सर उच्च तकनीकी उद्योगों के विकास का आधार माना जाता है क्योंकि इसके लिए अत्यंत सटीक और उन्नत उत्पादन प्रक्रियाओं की आवश्यकता होती है।

पहले भारत निर्मित सी-295 की सफल परीक्षण उड़ान इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह निजी क्षेत्र की भागीदारी का एक सशक्त उदाहरण है। लंबे समय तक रक्षा उत्पादन मुख्य रूप से सरकारी संस्थानों तक सीमित रहा, लेकिन अब निजी उद्योग भी इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। टाटा और एयरबस की साझेदारी यह दिखाती है कि वैश्विक अनुभव और भारतीय क्षमता का संयोजन किस प्रकार विश्वस्तरीय परिणाम दे सकता है।

आने वाले वर्षों में जब सभी 40 विमान भारत में निर्मित होकर भारतीय वायुसेना को सौंपे जाएंगे, तब इस परियोजना का वास्तविक प्रभाव और स्पष्ट दिखाई देगा। इससे न केवल वायुसेना की परिवहन क्षमता मजबूत होगी, बल्कि भारत की औद्योगिक और तकनीकी शक्ति को भी नई पहचान मिलेगी। यह परियोजना भविष्य की उन महत्वाकांक्षी योजनाओं का मार्ग प्रशस्त कर सकती है जिनमें अधिक उन्नत सैन्य विमान, मानव रहित प्रणालियां और अन्य एयरोस्पेस प्लेटफॉर्म देश में विकसित और निर्मित किए जाएं।

सी-295 की पहली सफल उड़ान वस्तुतः उस नए भारत का प्रतीक है जो आत्मविश्वास के साथ तकनीकी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। यह उपलब्धि केवल एक विमान की सफलता नहीं, बल्कि भारतीय प्रतिभा, औद्योगिक क्षमता, वैज्ञानिक दृष्टि और राष्ट्रीय संकल्प की सफलता है। आने वाले समय में जब यह विमान भारतीय आकाश में वायुसेना के रंगों के साथ उड़ान भरेगा, तब वह केवल सैनिकों और सामग्री का परिवहन नहीं करेगा, बल्कि भारत के आत्मनिर्भर भविष्य की आकांक्षाओं को भी अपने साथ लेकर चलेगा।

**मरीज, मशीन और हैकर: स्वास्थ्य व्यवस्था का नया संकट**

# व्यूज की अंधी दौड़ में लहूलुहान होती सामाजिक मर्यादा

गुरुग्राम के एक स्टैंडअप कॉमेडी शो में 370 की बिरयानी की कीमत एक महिला की अस्मिता से लगाने वाले दर्शक का वीडियो और उस पर ताली पीटते कॉमेडियन प्रणीत मोरे का ठहाका सिर्फ एक तात्कालिक विवाद नहीं, बल्कि भारतीय स्टैंडअप कॉमेडी के उस गहरे नैतिक और वैचारिक पतन का दस्तावेज है, जो पिछले एक दशक से धीरे-धीरे हमारे समाज में पैठ बना रहा था। यह घटना साफ तौर पर रेखांकित करती है कि व्यूज, लाइक्स और वायरल क्लिप्स की अंधी दौड़ में हास्य और अश्लीलता के बीच का अंतर पूरी तरह समाप्त हो चुका है। जहाँ दर्शक हिमांशु जांगड़ा की नौकरी चली गई, वहीं प्रणीत मोरे को अपना सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर माफी मांगनी पड़ी। वहीं, दिवंगत अभिनेता इरफान खान की पत्नी सुतापा सिकदर से लेकर अभिनेत्री रश्मि देसाई तक ने इस खोखली माफी को सिरे से खारिज कर दिया। विवाद केवल यहीं नहीं थमा; इसी शो की एक अन्य क्लिप में एक महिला मेडिकल छात्रा ने मेडिकल कॉलेज में 'डेड बॉडी' के प्राइवेट पार्ट्स पर मजाक बनाने की बात गर्व से कबूल की, जिसने चिकित्सा जगत की नैतिकता और देहदान करने वाले परिवारों की भावनाओं को बुरी तरह झकझोर कर रख दिया। यह अराजकता किसी एक मंच की नहीं, बल्कि उस 'क्राउडवर्क' फॉर्मेट की देन है, जहाँ बिना स्क्रिप्ट, बिना सेंसर और बिना संपादन के केवल तात्कालिक भीड़ को हंसाने के लिए किसी भी हद तक जाने की खुली छूट ले ली गई है। भारतीय स्टैंडअप कॉमेडी का इतिहास पिछले एक दशक में जितनी तेजी से व्यावसायिक रूप से समृद्ध हुआ है, वैचारिक और सामाजिक रूप से वह उतना ही सतही और खोखला होता गया है। आज डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का पूरा एल्गोरिदम रचनात्मकता से ज्यादा 'शॉक वैल्यू' और विवाद को बढ़ावा देता है। जब कलाकार को पता होता है कि जितना तीखा, अभद्र या विवादास्पद कंटेंट होगा, रील्स




और शॉर्ट्स पर उतने ही मिलियन व्यूज मिलेंगे, तो वह सामाजिक मर्यादाओं को ताक पर रख देता है। अभिनेत्री रश्मि देसाई और आयशा खान का यह सवाल बेहद मौजूं है कि जब एक महिला की गरिमा को मंच पर तार-तार किया जा रहा था, तब उस हॉल में बैठे सैकड़ों लोगों में से एक भी व्यक्ति ऐसा क्यों नहीं था, जो उठकर इसका विरोध करता? सामूहिक हँसी अक्सर व्यक्तिगत विवेक को सुला देती है और यही इस डिजिटल इकॉनॉमी का सबसे खतरनाक पहलू है। जब हास्य का पैमाना केवल भीड़ का ठहाका बन जाए, तो वह कला नहीं, बल्कि एक अनियंत्रित तमाशा बन जाती है।

यदि हम पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों और इतिहास पर नजर डालें, तो स्टैंडअप कॉमेडी का यह भटकाव हर दिशा में फैला है, चाहे वह धर्म हो, देश की सुरक्षा एजेंसियां हों, सेना हो या फिर लोक संस्कृति। साल 2021 में मुनव्वर फारुकी को इंदौर में हिंदू देवी-देवताओं और गृह मंत्री पर कथित अभद्र टिप्पणी के आरोप में करीब एक महीना जेल में बिताना पड़ा था। इसके बाद 2023 में भारतीय मूल की अमेरिकी कॉमेडियन जरना गर्ग का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने '19,000 हिंदू देवी-देवताओं' का मजाक उड़ाया, जिसके खिलाफ देशव्यापी आक्रोश देखने को मिला और कई राज्यों में एफआईआर की मांग की गई। साल 2024 में पुनः मुनव्वर फारुकी को मुंबई के एक शो में कोंकणी समुदाय पर अपमानजनक टिप्पणी के लिए लिखित माफी मांगनी पड़ी। वर्ष 2025 में यह विवाद चरम पर पहुंच गया, जब महाराष्ट्र में महज दो महीनों के दौरान कुणाल कामरा, समय रैना और प्रणीत मोरे पर अलग-अलग मामलों में गंभीर एफआईआर दर्ज हुईं। कुणाल कामरा द्वारा राजनीतिक नेतृत्व पर किए गए कटाक्ष के बाद मुंबई के हैबिटेट क्लब में तोड़फोड़ हुई और बीएमसी की कार्रवाई झेलनी पड़ी। इसी तरह अतीत में तन्मय भट्ट द्वारा भारत रत्न लता मंगेशकर और सचिन तेंदुलकर का मजाक उड़ाने पर भारी कानूनी और सामाजिक विरोध का सामना करना पड़ा था, जबकि आंध्र प्रदेश में कॉमेडियन अनुदीप को अभिनेता व नेता पवन कल्याण पर की गई टिप्पणी के कारण पुलिस हिरासत में जाना पड़ा।

यह पूरा परिदृश्य दिखाता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर एकतरफा ढाल तैयार की जा रही है। जब राजनेताओं, पुलिसकर्मियों या सेना के जवानों पर व्यंग्य किया जाता है, तो उसे लोकतांत्रिक अधिकार का नाम दिया जाता है, लेकिन जब इसी स्वतंत्रता का उपयोग किसी मृत देह के अपमान, किसी समुदाय की अस्मिता को ठेस पहुँचाने या महिला विरोधी मानसिकता को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है, तब इसे किस श्रेणी में रखा जाएगा? देश में हर साल हजारों स्टैंडअप शो होते हैं और इनके वीडियो यूट्यूब व इंस्टाग्राम पर करोड़ों की कमाई करते हैं। इस विशाल बाजार की अपनी एक सामाजिक जिम्मेदारी बनती है। एक जीवंत लोकतंत्र में सत्ता, रूढ़ियों और पाखंड पर तीखा कटाक्ष होना अनिवार्य है और भारत में ऐसे बेहतरीन कलाकार हैं, जो मर्यादा में रहकर यह काम करते हैं। परंतु जब पूरी इंडस्ट्री को एक ही तराजू में तौला जाता है, तो नुकसान उन वास्तविक कलाकारों का होता है, जो कला की समझ रखते हैं। प्रणीत मोरे का यह कहना कि 'वह इंसान हैं और सीख रहे हैं', एक पेशेवर मंच पर अपनी जिम्मेदारी से भागने जैसा है। यदि वीडियो को एडिट कर, उस पर आकर्षक टैग लगाकर जानबूझकर वायरल किया गया, तो कॉमेडियन इस प्रकरण में बराबर का भागीदार है। हास्य का मूल उद्देश्य समाज को आईना दिखाना और तनाव कम करना होता है, न कि किसी की गरिमा को कुचलना। सरकार या अदालतें कानून बनाकर मंच पर सेंसरशिप लागू नहीं कर सकतीं और न ही यह एक स्वस्थ समाज के लिए सही होगा। इसकी अंतिम रेखा उस दर्शक को ही खींचनी होगी, जो टिकट खरीदकर इन शो में बैठता है। जब तक दर्शक अश्लीलता, अभद्रता और संवेदनहीनता पर तालियाँ बजाना बंद नहीं करेंगे, तब तक व्यूज की भूख से तड़पते ये क्रिएटर मर्यादाओं को लांघते रहेंगे। समय आ गया है कि डिजिटल युग की इस 'बर्बर हँसी' के खिलाफ समाज स्वयं अपनी मूक सहमति को तोड़े और यह तय करे कि मनोरंजन के नाम पर किस हद तक नीचे गिरने की इजाजत दी जा सकती है।

## 37वीं मंजिल से मौत: कब जागेगा सिस्टम?

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-152 स्थित निमार्णाधीन एटीएस परियोजना में 37वीं मंजिल से गिरकर दो मजदूरों की मौत केवल एक दुर्घटना नहीं है, बल्कि यह हमारी निर्माण व्यवस्था, सुरक्षा मानकों और प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। हर बार ऐसी घटनाओं के बाद जांच, कार्रवाई और मुआवजे की घोषणाएं होती हैं, लेकिन कुछ समय बाद सब कुछ सामान्य हो जाता है और अगली दुर्घटना का इंतजार शुरू हो जाता है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि 37वीं मंजिल जैसी अत्यधिक ऊंचाई पर कार्य कर रहे मजदूरों की सुरक्षा के लिए क्या पर्याप्त इंतजाम किए गए थे? यदि सुरक्षा उपकरण मौजूद थे तो वे विफल कैसे हो गए? यदि नहीं थे तो जिम्मेदार अधिकारियों और निर्माण कंपनी की जवाबदेही तय क्यों न हो? किसी भी निर्माण स्थल पर हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट, लाइफलाइन और अन्य सुरक्षा उपकरण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि श्रमिकों के जीवन की रक्षा का आधार होते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि देश के अधिकांश निर्माण स्थलों पर सुरक्षा नियम कागजों तक ही सीमित दिखाई देते हैं। निरीक्षण की व्यवस्था है, श्रम कानून हैं, सुरक्षा मानक हैं, लेकिन उनका पालन सुनिश्चित कराने वाली व्यवस्था अक्सर कमजोर नजर आती है। जब तक कोई बड़ा हादसा नहीं होता, तब तक न तो कंपनियां सुरक्षा पर गंभीरता दिखाती हैं और न ही संबंधित विभाग।

इन हादसों का सबसे दर्दनाक पक्ष यह है कि जान गंवाने वाले अधिकांश मजदूर समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं। वे अपने परिवार का पेट पालने के लिए जोखिम भरे काम करने को मजबूर होते हैं। उनके पीछे बूढ़े माता-पिता, पत्नी और छोटे बच्चे होते हैं, जिनकी दुनिया एक पल में उजड़ जाती है। कुछ लाख रुपये का मुआवजा किसी परिवार के मुखिया की कमी को कभी पूरा नहीं कर सकता।

**रमन झा/समाज जागरण**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी–42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा, 245 लंबित ऋण प्रकरण तीन दिन में निस्तारित करने के निर्देश

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 11 जून। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं बैंक ऋण वितरण से संबंधित लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण को लेकर गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

विकास भवन स्थित कार्यालय कक्ष में हुई बैठक में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी यूपी नेडा लवेश कुमार सिसोदिया, अग्रणी बैंक प्रबंधक, विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।



मुख्य विकास अधिकारी ने पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक, इंडियन बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सहित अन्य बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि लंबित ऋण प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर आगामी तीन दिनों के भीतर सभी 245 लंबित मामलों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों के ऋण आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण करते हुए ऋण वितरण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया जाए, जिससे अधिक से अधिक परिवार इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से आम नागरिकों को सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके बिजली खर्च को कम करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो और लाभार्थियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजना की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा प्रगति की दैनिक समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में सभी बैंक प्रतिनिधियों ने निर्धारित समयावधि के भीतर लंबित प्रकरणों का निस्तारण कर ऋण वितरण प्रक्रिया में तेजी लाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग पंकज निर्वाण, जिला लीड बैंक प्रबंधक राजेश कटारिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 14 जून को 14 केंद्रों पर होगी प्रवक्ता भर्ती परीक्षा, तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 11 जून। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित प्रवक्ता (महिला/पुरुष) राजकीय इंटर कॉलेज (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 को सकुशल, शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रियंका ने की।

बैठक में सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनपद के 14 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा 14 जून, रविवार को एक पाली में प्रातः 9:30 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने कहा कि सभी अधिकारी उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें तथा परीक्षा से पूर्व अपनी सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।




उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी निर्धारित समय से पूर्व अपने ड्यूटी स्थलों पर पहुंचें और अपने दायित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करें। परीक्षा संबंधी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से कार्यरत हों तथा अभ्यर्थियों के लिए पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार पर सघन जांच के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी अभ्यर्थी को मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, एयरफोन, कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच, पेन ड्राइव, डेटा कार्ड अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ परीक्षा केंद्र में प्रवेश न दिया जाए।

बैठक में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के समन्वयी पर्यवेक्षक आशीष एलन रॉबर्ट्स ने परीक्षा संचालन से संबंधित मानकों एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्रशेखर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

## ओवरसीज अपार्टमेंट में लगी आग, फायर सर्विस और पुलिस ने दो बुजुर्गों को सकुशल बचाया

नोएडा, 11 जून। थाना सेक्टर-49 क्षेत्र स्थित ओवरसीज अपार्टमेंट की चौथी मंजिल पर गुरुवार को आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर सर्विस और स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए फ्लैट में फंसे दो बुजुर्गों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पुलिस के अनुसार आग लगने के दौरान दोनों बुजुर्ग फ्लैट के अंदर फंस गए थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फायर सर्विस टीम ने हाइड्रोलिक मशीन और अन्य आवश्यक उपकरणों की सहायता से फ्लैट का दरवाजा काटकर अंदर प्रवेश किया। रेस्क्यू अभियान के दौरान पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना दोनों बुजुर्गों को सुरक्षित बाहर निकाला।

# मसाला निर्माण इकाइयों पर खाद्य विभाग की छापेमारी, 18 नमूने जांच के लिए भेजे

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 11 जून। जनपदवासियों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने गुरुवार को मसाला निर्माण एवं पैकिंग इकाइयों पर विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों से मसालों के 18 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर यह अभियान संचालित किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीमों ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मसाला निर्माण इकाइयों का



निरीक्षण कर नमूने एकत्र किए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी रविंद्र नाथ वर्मा ने जहांगीरपुर, जेवर स्थित एसपीआर स्पाइसेस एंड सीजनिंग प्राइवेट लिमिटेड से खुली कश्मीरी मिर्च तथा हल्दी पाउडर के नमूने लिए। निरीक्षण के दौरान निर्माण संबंधी अभिलेख उपलब्ध न होने पर 199 किलोग्राम खुली कश्मीरी मिर्च और 2479 किलोग्राम हल्दी पाउडर को सीज कर दिया गया।

इसके अलावा सेक्टर-57 स्थित टुडे इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, कासना स्थित काव्यम फूड्स, इकोटेक-3 स्थित केडी फूड्स स्पेशलटीज, सेक्टर-73 स्थित अभि प्योर ब्रांड मसाला इकाई, इकोटेक-6 स्थित नुइवी स्पाइसेस प्राइवेट लिमिटेड तथा धर्मपाल सत्यपाल फूड्स लिमिटेड से भी हल्दी, लाल मिर्च और धनिया सहित विभिन्न मसालों के नमूने संग्रहित किए गए।

विभागीय अधिकारियों ने कुल 18 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आगे भी इसी प्रकार अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जनपदवासियों को मानकों के अनुरूप शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।

# दिल्ली में हीटवेव से निपटने की तैयारी तेज, एलजी ने कूलिंग सेंटर और राहत वैन का लिया जायजा

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। दिल्ली में बढ़ती गर्मी और हीटवेव की चुनौती के बीच दिल्ली के उपराज्यपाल ने यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का दौरा कर हीटवेव से बचाव के लिए चलाए जा रहे राहत उपायों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कूलिंग सेंटरों की परिचालन स्थिति, राहत व्यवस्थाओं और विभिन्न स्थानों पर तैनात मोबाइल राहत वैन की कार्यक्षमता का जायजा लिया।

उपराज्यपाल ने विशेष रूप से आईएसबीटी और मेट्रो स्टेशनों जैसे अधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में तैनात मोबाइल राहत वैन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी राहत वाहन पूरी तरह कार्यशील हों और नागरिकों को आवश्यक सहायता एवं राहत उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त संसाधनों से लैस रहें।

एलजी ने कहा कि हीटवेव से राहत के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन बढ़ते तापमान को देखते हुए प्रयासों को और मजबूत करने की आवश्यकता है।

## अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार, एक जिंदा कारतूस बरामद

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा, 11 जून। थाना जारचा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कपिल यादव पुत्र रणवीर सिंह यादव निवासी हंस विहार कॉलोनी, थाना कोतवाली नगर, जनपद बुलंदशहर के रूप में




हुई है। उसकी उम्र करीब 28 वर्ष बताई जा रही है।

थाना जारचा पुलिस ने अभियुक्त को कलौंदा से छौलस जाने वाले मार्ग पर स्थित छायसा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है तथा उसके विरुद्ध विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा बरामद हथियार को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पुरी की तर्ज पर बनेगा भव्य रथ, 16 जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

नोएडा। सेक्टर-121 स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में इस वर्ष भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। रथयात्रा के लिए इस बार पुरी की तर्ज पर भव्य एवं आकर्षक रथ का निर्माण कराया जा रहा है। रथ निर्माण कार्य के लिए विशेष रूप से ओडिशा से कारीगर अमर सुथार को बुलाया गया है, जो अपनी टीम के साथ रथ को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

जगन्नाथ समिति के अध्यक्ष प्रमोद बेल ने बताया कि 16 जुलाई को



आयोजित होने वाली रथयात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे विशेष आरती के उपरांत महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 3 बजे भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा प्रारंभ होगी।

शाम 4 बजे भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा तथा सुदर्शन महाराज को विधिवत रथ पर विराजमान कराया जाएगा। इसके बाद रथयात्रा सेक्टर-121 स्थित मंदिर से प्रारंभ होकर सेक्टर-71 स्थित मौसी घर (बालनाथ मंदिर) तक जाएगी। समिति के अनुसार इस बार तैयार किया जा रहा रथ लगभग 24 फीट लंबा, 16 फीट चौड़ा और 21 फीट ऊंचा है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

जगन्नाथ समिति ने नोएडा, दिल्ली-एनसीआर तथा आसपास के क्षेत्रों के सभी श्रद्धालुओं से रथयात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि सभी भक्तों का मंदिर परिसर में स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा।

रथयात्रा को लेकर मंदिर परिसर में धार्मिक और भक्तिमय वातावरण बना हुआ है तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

# अवैध शराब तस्करी में युवक गिरफ्तार, 102 पव्वे देशी शराब बरामद

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

नोएडा, 11 जून। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की तस्करी करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 102 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद की है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जितेंद्र अहिरवार उर्फ जीतू पुत्र धर्मदास के रूप में हुई है। वह मूल रूप से ग्राम मुखर्रा, थाना महाराजपुर, जिला छतरपुर (मध्य प्रदेश) का निवासी है तथा वर्तमान में ग्राम छलैरा, थाना सेक्टर-39, नोएडा में रह रहा था। उसकी उम्र



21 वर्ष बताई गई है।

थाना सेक्टर-39 पुलिस ने आरोपी को जीआईपी मॉल के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 102 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद हुई, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार जनपद में अवैध शराब की तस्करी और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी है तथा ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# एचएएल में लायजन एजेंट चयन प्रक्रिया पर उठे सवाल, केंद्र सरकार ने मांगी रिपोर्ट

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की दवा कंपनी हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड (एचएएल) में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लायजन एजेंटों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। एक शिकायतकर्ता फर्म ने चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और मूल्यांकन मानकों पर सवाल उठाते हुए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मंत्री कार्यालय ने एचएएल प्रबंधन से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुष हेल्थ केयर नामक फर्म ने आरोप लगाया है कि उसने एचएएल द्वारा जारी टेंडर संख्या HAL/MAT/2026/L.A./34 के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन किया था और अपने पूर्व कार्य अनुभव तथा प्रदर्शन का पूरा विवरण भी प्रस्तुत किया था। इसके बावजूद वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए उसका चयन नहीं किया गया।

फर्म का आरोप है कि चयन प्रक्रिया के दौरान आवेदकों की पात्रता, अनुभव और प्रदर्शन के मूल्यांकन में पारदर्शिता नहीं बरती गई। शिकायत में पूरी चयन प्रक्रिया की समीक्षा कराने तथा संबंधित अभिलेखों की जांच की मांग की गई है। साथ ही शिकायत के निस्तारण तक नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगाने का अनुरोध भी किया गया है।

इस संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री के कार्यालय ने मामले का संज्ञान लिया है। मंत्री कार्यालय के निजी सचिव अखिलेश कुमार ने 29 मई 2026 को एचएएल के प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर शिकायत की प्रति संलग्न करते हुए विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट और तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है।

सूत्रों के अनुसार एचएएल से जुड़े कुछ अन्य मामलों को लेकर भी समय-समय पर शिकायतें सामने आती रही हैं। हालांकि उन मामलों में किसी सक्षम प्राधिकरण द्वारा कोई अंतिम निष्कर्ष सार्वजनिक रूप से जारी नहीं किया गया है।

फिलहाल इस मामले में एचएएल प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ऐसे में शिकायत में लगाए गए आरोपों की पुष्टि स्वतंत्र रूप से नहीं हो सकी है। कंपनी का पक्ष सामने आने और संबंधित जांच या समीक्षा पूरी होने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

(नोट : यह समाचार शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों और सरकारी स्तर पर मांगी गई रिपोर्ट पर आधारित है। आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है तथा एचएएल का पक्ष प्राप्त होना शेष है।)

# आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के साथ पुलिस की गोष्ठी, यातायात व सुरक्षा व्यवस्था पर हुई चर्चा

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

नोएडा, 11 जून। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की ओर से नागरिक सुरक्षा एवं जनसमस्याओं के समाधान को लेकर थाना फेस-2 क्षेत्र में आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन तथा डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एसीपी-1 सेंट्रल नोएडा श्रीमती दीक्षा सिंह ने आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर स्थानीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा



की। गोष्ठी के दौरान सेक्टरों एवं आवासीय क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न नागरिक समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। एसीपी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए और कहा कि नागरिकों की सुरक्षा तथा सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

बैठक में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने, सड़कों पर अव्यवस्था रोकने तथा आवासीय क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही मकान मालिकों को किराएदारों का अनिवार्य पुलिस सत्यापन कराने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए गए। एसीपी दीक्षा सिंह ने कहा कि सभी सेक्टरों में संचालित पीजी (पेइंग गेस्ट) आवासों का सत्यापन भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

गोष्ठी में आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और सुझावों से पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया। पुलिस अधिकारियों ने सभी मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## निमार्णाधीन एटीएस सोसाइटी में बड़ा हादसा, 37वीं मंजिल से गिरकर दो मजदूरों की मौत

ग्रेटर नोएडा, 11 जून। थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के सेक्टर-152 स्थित निमार्णाधीन एटीएस सोसाइटी में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। निर्माण कार्य में लगे दो मजदूर 37वीं मंजिल से नीचे गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार दोनों मजदूर टॉवर पर कार्य कर रहे थे। इसी दौरान सुरक्षा उपकरण (सेफ्टी पिन) टूट जाने के कारण वे ऊंचाई से नीचे गिर गए। हादसे के तुरंत बाद दोनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही थाना नॉलेज पार्क पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पंचनामा भरने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतकों में से एक मजदूर ठेकेदार का सगा भाई था, जो पश्चिम बंगाल का निवासी बताया जा रहा है। दूसरे मृतक की पहचान और अन्य आवश्यक जानकारियां जुटाई जा रही हैं।

# बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 10 स्थानों पर पकड़ी गई विद्युत चोरी




**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 11 जून। जनपद के हाई लॉस क्षेत्रों में विद्युत चोरी रोकने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विद्युत विभाग की टीमों ने संयुक्त चेकिंग के दौरान 10 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी है। कार्रवाई में कुल 23.17 किलोवाट अवैध विद्युत भार दर्ज किया गया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के निर्देश पर मुख्य अभियंता (वितरण) नोएडा क्षेत्र के नेतृत्व में 10 जून को दनकौर और दादरी क्षेत्र में एक साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में प्रवर्तन दल और विभागीय रेड टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की।

दनकौर टाउन क्षेत्र में 33/11 केवी उपकेंद्र दनकौर से पोषित इलाके में पांच परिसरों पर बिजली चोरी पकड़ी गई। यहां लगभग 10 किलोवाट का अवैध विद्युत भार दर्ज किया गया। वहीं, दादरी क्षेत्र के गौतमपुरी स्थित ब्लू स्टोन सैफायर कॉलोनी में 33/11 केवी उपकेंद्र धूम मानिकपुर से जुड़े क्षेत्र में भी पांच परिसरों पर विद्युत चोरी पाई गई। यहां लगभग 13.17 किलोवाट का अवैध भार दर्ज किया गया।




दोनों अभियानों में कुल 10 परिसरों पर अवैध विद्युत उपभोग का मामला सामने आया। विभाग ने सभी संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध भारतीय विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 135 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। संबंधित मामलों में एंटी पावर थेफ्ट थाना, सेक्टर-63 नोएडा में अभियोग दर्ज कराने की प्रक्रिया चल रही है।

विद्युत विभाग के अधिकारियों ने कहा कि राजस्व हानि रोकने और विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हाई लॉस क्षेत्रों में औचक निरीक्षण और चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे वैध विद्युत कनेक्शन एवं मीटर के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें। विभाग के अनुसार बिजली चोरी एक दंडनीय अपराध है और इसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। – संवाददाता, नोएडा

## चोरी हुआ टिपलर बरामद, ट्रैक्टर समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। थाना क्षेत्र से चोरी हुए टिपलर के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया टिपलर तथा घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देशन एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार व थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी के नेतृत्व में वांछित अपराधियों



की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना अफजलगढ़ पुलिस ने सात जून को दर्ज हुए टिपलर चोरी के मुकदमे का सफल अनावरण किया। थाना क्षेत्र के गांव सीरवासुचंद निवासी अंकित कुमार पुत्र चन्द्रपाल सिंह ने अपने टिपलर की चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस जांच में जुटी थी। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर नौ जून की रात एचसीएम इंटर कॉलेज, कासमपुरगढ़ी के पास बनी पुलिया के निकट घेराबंदी कर दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उनकी पहचान निपेन्द्र उर्फ गौरव (25) पुत्र संजय निवासी ग्राम पुक्खेवाला थाना रेहड़ तथा सुमित उर्फ सोल्हू (30) पुत्र स्व. हेमराज सिंह निवासी ग्राम सरकड़ा चकराजमल थाना धामपुर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से चोरी हुआ टिपलर तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त फार्मट्रैक-35 ट्रैक्टर बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोत्तरी कर दी गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस अवसर पर गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक शिवम तायल, कांस्टेबल आकाश कुमार यादव, कांस्टेबल नितिन कुमार तथा कांस्टेबल सुरेश कुमार शामिल रहे।

## जनपद सम्भल में जनगणना 2027 का कार्य सर्वप्रथम पूर्ण करने वाली टीम सम्मानित

**समाज जागरण**

बहजोई।भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अन्तर्गत संचालित मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य में जनपद सम्भल में सर्वप्रथम कार्य पूर्ण करने पर नगर पंचायत गवां की जनगणना टीम को सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी सम्भल अंकित खण्डेलवाल एवं अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/जिला जनगणना अधिकारी सत्यप्रिय सिंह द्वारा नगर पंचायत गवां के चार्ज अधिकारी, जनगणना लिपिक, कम्प्यूटर ऑपरेटर तथा फील्ड कार्य में लगे सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वालों में श्वेतांक सारस्वत, अधिशासी अधिकारी/चार्ज अधिकारी, नगर पंचायत गवां, अशोक कुमार (चार्ज लिपिक), कुवेन्द्र सिंघल (कम्प्यूटर ऑपरेटर), उदयभान सिंह, डिम्पल त्यागी एवं पुष्कर शर्मा (सुपरवाइजर) तथा मुकेश कुमार, दिव्या श्रीवास्तव, ममता कुमारी, नीलम सैनी सहित अन्य प्रगणक शामिल रहे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने कहा कि जनगणना राष्ट्रहित का महत्वपूर्ण कार्य है तथा नगर पंचायत गवां की टीम ने लगन, निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए जनपद में सर्वप्रथम मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण कर उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने सभी सम्मानित कार्मिकों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रभारी अधिकारी जनगणना आशुतोष तिवारी, जिला प्रभारी जनगणना अनिल कुमार मौर्य सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुल निर्माण में हो रही अनियमितताओं के संदर्भ में आठ सवालों का जवाब दें नगर विधायक--साली जैन

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली जिला महासचिव श्रीमती मीना राजपूत जिला उपाध्यक्ष रघुराज सविता महानगर महासचिव कमलेश यादव विधानसभा अध्यक्ष नरेश शंखवार सचिव रोहित नंदवंशी मजदूर सभा के अध्यक्ष मजदूर भाई सपा नेता सुशील गुरु राजेश वशिष्ठ बॉबी शर्मा गौरव राजपूत रवि यादव ने जैन



मंदिर और सुहाग नगर चौराहे के ऊपर से निर्माण हो रहे फ्लाई ओवर का मौके पर निर्माण कार्य को देखा

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली ने कहा कि नगर विधायक मनीष असीजा और जिलाधिकारी फिरोजाबाद द्वारा बनाई गई पुल निर्माण की जांच कर रही कमेटी ने अगर इन आठ सवालों के जवाब नहीं दिए तो इस फ्लाईओवर को खुले और सुनियोजित भ्रष्टाचार का प्रतीक मानेंगे।

1- क्या पुल निर्माण में जंग लगी सरिया का उपयोग किया किया गया है

2-टेस्टिंग लैब रिपोर्ट में जिंदल पैंथर की सरिया है जबकि मौके पर श्याम की सरिया क्यों पाई गई है।

3- निर्माण सामग्री सीमेंट बालू कंक्रीट आदि को मिक्सिंग कर घोल तैयार करने का गोदाम एत्मादपुर के पास दूसरे जनपद में क्यों बनाया गया।

4- सरिया और पुल निर्माण सामग्री मानकों के अनुरूप लगाई जा रही है इसकी मॉनिटरिंग के क्या इंतजाम किए गए।

5- पुल निर्माण के समय हादसे में दो मजदूर घायल हुए जिसमें एक की मौत हो गई उनको कितना मुआवजा दिया गया और घटना के जिम्मेदार दोषियों पर क्या कार्रवाई हुई।

6- हादसे के बावजूद भी सुरक्षा के उपाय में क्यों सुधार नहीं हुआ।

7- जैन मंदिर के सामने सुहाग नगर की ओर पुल के दो पिलर के बीच में ज्याद दूरी क्यों है।

8- नगर विधायक ने कई बार मौके पर निरीक्षण किया फिर भी उन्हें खामियां क्यों दिखाई नही दी खामियों को क्यों छुपाया क्यों चुप्पी साधी

उन्होंने कहा कि अगर सवालों के जवाब नहीं मिले तो यह पुल मनमानी और खुले भ्रष्टाचार के प्रतीक के रूप में जाना जाएगा

सौली भईया ने कहा कि सीमेंट बालू गिट्टी का घोल तो गोदाम से तैयार होकर निर्माण स्थल पर पहुंचता है इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि उसमें मानको के अनुरूप सीमेंट आदि मिलाया जा रहा है या नहीं लेकिन जब जंग लगी सरिया का खुलेआम उपयोग हो रहा है तो यह विश्वास नहीं किया जा सकता की घोल में सीमेंट मानकों के अनुरूप मिलावट की जा रही है। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए

उन्होंने कहा कि जंग लगी सरिया के उपयोग के कारण पुल की गुणवत्ता खराब होगी और हादसा होने की संभावना बनी गई है इसलिए इस पुल का नाम जंग लगी सरिया वाला पुल रखकर जगह-जगह चेतावनी बोर्ड भी लगा देने चाहिए है कि यह पुल जंग लगी सरिया का है। इस पर चलना जोखिम भरा हो सकता है जान माल के नुकसान के जिम्मेदार आप स्वयं होंगे।

## जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुई

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आधार एक अति महत्वपूर्ण दस्तावेज है इसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलता है इसलिए इसका अपडेटेड होना जरूरी और लाभदायक है, अगर आपका आधार अपडेटेड होता है तो आपको केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में बहुत आसानी होती है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आधार से संबंधित सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा ऐसे नागरिक जिनका आधार अपडेट होना शेष है, उन्हें समयबद्ध रूप से सुविधा उपलब्ध कराई जाए।




उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में संचालित सभी आधार नामांकन एवं अद्यतन केंद्रों की अद्यतन सूची उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जनपद में संचालित ऐसे आधार नामांकन एवं अद्यतन केंद्र, जो निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे हैं अथवा जिनकी लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद के सभी आधार नामांकन एवं अद्यतन केंद्रों पर आमजन को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि आधार संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा केंद्रों पर आने वाले नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने 0 से 5 वर्ष एवं 5 से 7 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के आधार नामांकन तथा 5 वर्ष एवं 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों के अनिवार्य बायोमीट्रिक अद्यतन की प्रगति की समीक्षा के दौरान संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत बच्चों का आधार नामांकन एवं बायोमीट्रिक अद्यतन कराया जाए। उन्होंने आधार बनाने एवं अपडेट करने वाले विभागों को निर्देश दिये कि ई-केवाईसी सहित सभी प्रोपर डाक्यूमेंटेशन के साथ आधार बनाये जाना सुनिश्चित करें, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटी न होने पाये।

उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि आधार कार्ड बनने से शेष रह गये बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाकर आधार कार्ड बनाना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध ढंग से प्रेक्टिस करने वाले चर्चित झोलाछाप डॉक्टर कमरु के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना। अवैध ढंग से चल रही क्लीनिक सील होने के बाद बिना वैध कागजों के प्रेक्टिस न करने का झूठा शपथ पत्र देकर सील हुई क्लीनिक के पास फिर से अवैध ढंग से प्रेक्टिस कर लोगो की जान से खिलवाड़ करने वाले चर्चित झोलाछाप डॉक्टर कमरुद्दीन उर्फ कमरु के खिलाफ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा दर्ज होने से झोलाछाप कमरु की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।



नगीना थाने में बुधवार को दर्ज कराए गए मुकदमें में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी के0पी सिंह ने कहा कि नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी कु0 शगुफ्ता अंजुम पुत्री मुबारक हुसैन ने 30 मार्च 2026 को जिलाधिकारी बिजनौर को दिये गए अपने शिकायती पत्र में कहा था कि झोलाछाप चिकित्सक कमरुद्दीन पुत्र अशरफ अंसारी निवासी ग्राम कल्याणपुर थाना नगीना बिना डिग्री के अवैध रुप से प्रेक्टिस कर लोगो की जान से खिलवाड़ कर रहा है। उस शिकायती पत्र की उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी के0वी सिंह द्वारा जांच की गयी तो झोलाछाप चिकित्सक कमरुद्दीन ग्राम मंझेडा शकरू में अवैध क्लीनिक खोलकर अवैध रुप से प्रेक्टिस करता पाया गया। अवैध क्लीनिक को सील करते हुए झोलाछाप चिकित्सक कमरुद्दीन को नोटिस देकर चिकित्सीय प्रमाण के साथ मुख्य चिकत्सा अधिकारी कार्यालय बिजनौर में पेश होने के निर्देश दिये गये थे। झोलाछाप चिकित्सक कमरुद्दीन ने 15 अप्रैल 2026 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय बिजनौर में पेश होकर अपना शपथ-पत्र देते हुए कहा कि मेरी शैक्षिक योग्यता बीएससी; जीव विज्ञान एवं सीसी एच इग्नू नई दिल्ली है जो कि चिकित्सा अभ्यास करने हेतु मेडिकल कॉउंसिल से वैध नहीं है। झोलाछाप द्वारा यह भी अवगत कराया कि मैं भविष्य में बिना वैध चिकित्सीय प्रमाण पत्र एवं बिना पंजीकरण के चिकित्सीय अभ्यास नहीं करूंगा। झोलाछाप कमरुद्दीन क्लीनिक सील होने के बावजूद स्वास्थय विभाग के अधिकारियों से सेटिंग कर धडल्ले से प्रेक्टिस करने लगा। शगुफ्ता अंजुम ने 03 जून 2026 को अला अधिकारियों को पुनः शिकायत करते हुए कहा कि झोलाछाप चिकित्सक कमरुद्दीन सील हुयी अपनी क्लीनिक के पास अवैध रुप से फिर से प्रेक्टिस कर लोगों को दवाई देकर उनकी जान से खिलवाड कर रहा है। शगुफ्ता अंजुम ने साक्ष्य तौर पर 15 मई 2026 की रात्रि लगभग 08:30 बजे की अवैध रुप से प्रेक्टिस कर लोगो को दवाई देते हुए स्वास्थय विभाग को झोलाछाप चिकित्सक कमरुद्दीन की विडियोग्राफी भी उपलब्ध करायी है। पुलिस ने उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी के0पी सिंह की तहरीर के आधार पर झोलाछाप चिकित्सक कमरुद्दीन पुत्र अशरफ अंसारी के खिलाफ बिना चिकित्सा अभ्यास के लिए आवश्यक अभिलेख न होने व मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर कार्यालय में क्लीनिक पंजीकृत न होन एवं गलत हलफनामा पेश करने के आरोप में संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है।

## जनपद में 12 एवं 13 जून को संभावित आंधी-तूफान एवं वज्रपात को लेकर प्रशासन सतर्क, नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) देवेन्द्र पाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मौसम विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ ने जनपद बिजनौर में दिनांक 12 जून 2026 से 13 जून 2026 तक आंधी, तेज हवाओं, वर्षा तथा वज्रपात की संभावना व्यक्त की गई है। उन्होंने बताया कि जनपद में वर्षा के साथ में मेघ गर्जन,आकाशीय बिजली होने की संभावना भी है। संभावित आपदा की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने तथा आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं उन्होंने जनसामान्य से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान विशेष सावधानी बरतें तथा मौसम विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करें।

उन्होंने कहा कि वज्रपात के दौरान खुले मैदान, खेत, तालाब, नदी, नहर तथा जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहें। पेड़ों के नीचे शरण न लें तथा मजबूत एवं सुरक्षित पक्के भवनों में आश्रय लें।

उन्होंने बताया कि वज्रपात के समय मोबाइल टावर, विद्युत खंभों, ऊंची इमारतों, धातु की वस्तुओं एवं बिजली के उपकरणों से दूरी बनाए रखें। किसानों से विशेष रूप से अपील की गई है कि खराब मौसम के दौरान खेतों में कार्य न करें तथा सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। यदि कोई व्यक्ति खुले स्थान पर फंस जाए तो दोनों पैरों को मिलाकर नीचे झुक जाए तथा जमीन पर न लेटे।

उन्होंने कहा कि बिजली चमकने और गर्जन सुनाई देने पर 30-30 नियम का पालन करें। बिजली चमकने के बाद यदि 30 सेकंड के भीतर गर्जन सुनाई दे तो तत्काल सुरक्षित स्थान पर चले जाएं तथा अंतिम गर्जन के कम से कम 30 मिनट बाद ही बाहर निकलें।

उन्होंने नागरिकों से कहा कि आंधी-तूफान के दौरान घरों की खिड़कियां एवं दरवाजे सुरक्षित रखें, अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें तथा टेलीविजन, कंप्यूटर, रेफ्रिजरेटर, कूलर एवं अन्य विद्युत उपकरणों का उपयोग बंद कर दें। वाहन चला रहे लोग सुरक्षित स्थान पर वाहन रोककर वाहन के भीतर ही रहें तथा पेड़ों एवं विद्युत लाइनों के निकट वाहन खड़ा न करें।

उन्होंने बताया कि वज्रपात अथवा अन्य आपदा से संबंधित किसी भी सूचना, शिकायत अथवा सहायता के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कंट्रोल रूम नंबर 01342-262031 एवं 01342-262295 पर संपर्क किया जा सकता है। आपातकालीन स्थिति में 112, 101 अथवा चिकित्सा सहायता लिए 108 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि मौसम विभाग, आकाशवाणी, एफएम रेडियो, टेलीविजन एवं जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी चेतावनियों एवं एडवाइजरी पर ध्यान दें तथा स्वयं सुरक्षित रहते हुए अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि एवं पशुहानि को रोका जा सके।

## विकास प्राधिकरण के गठन संबंधी बैठक आयोजित, अधिकारियों से मांगे गए सुझाव

**समाज जागरण**

बहजोई। कलेक्ट्रेट सभागार, बहजोई में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में विकास प्राधिकरण के गठन संबंधी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विकास प्राधिकरण से संबंधित अधिकारियों द्वारा प्राधिकरण के गठन की प्रक्रिया एवं उसके उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रस्तुत की गई।



जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों से सुझाव प्राप्त किए तथा विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विकास प्राधिकरण के गठन से पूर्व नगर निकायों से आवश्यक सुझाव प्राप्त किए जाएं। उन्होंने उद्योग विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि प्लेज पार्क एवं औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित ग्रामों को भी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत शामिल किए जाने की संभावनाओं पर विशेष रूप से विचार किया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने विकास प्राधिकरण की अवधारणा एवं उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नगर निकायों के आसपास विकसित होने वाली आवासीय प्लाटिंग एवं अन्य विकास कार्यों में आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना विकास प्राधिकरण का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के किनारे स्थित ग्रामों में होने वाली प्लाटिंग में भी सड़क, जल निकासी, विद्युत, पेयजल तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का समुचित प्रावधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि विकास प्राधिकरण के गठन से क्षेत्र का सुनियोजित विकास सुनिश्चित होगा तथा नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राधिकरण के गठन से पूर्व अपने सुझाव एवं आवश्यक प्रस्ताव उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, उप जिलाधिकारी संभल निधि पटेल, उप जिलाधिकारी चन्दौसी नीतू रानी, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष तिवारी, डिप्टी कलेक्टर रामानुज सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समिति ने क्रांतिकारी शहीद पं रामप्रसाद बिस्मिल की मनाई जयंती

**समाज जागरण**

चन्दौसी। महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी, कवि, क्रांतिकारी शहीद पं रामप्रसाद बिस्मिल की जयंती सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि - "शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले। वतन पर मरने वालों का यही बाकी निंशा होगा"।क्रांतिकारी शहीद पं रामप्रसाद "बिस्मिल" महान स्वतंत्रता सेनानी, देशभक्त, उच्च कोटि के कवि, शायर थे। "बिस्मिल" ने ब्रिटिश शासन से देश को आजाद कराने में अपने प्राणों की आहुति दे दी, न ही उन्होने अपने बारे में सोचा, न ही अपने परिवार के भविष्य के बारे में सोचा। जब भी सोचा तो भारत के आगे के भविष्य के बारे में और नई पीढ़ी को अंग्रेजो से मुक्त कराकर आजाद भारत सोंपने के बारे में सोचा। उस समय अंग्रेजो द्वारा जो भी नीतियां और कानून बनाए जा रहे थे वह भारत के लोगों के खून चूसने के लिए बनाए जा रहे थे, बल्कि भारत माता के रगों में वह रहे लहू को भी चूसने के लिए बनाए जा रहे थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि क्रांतिकारी पं रामप्रसाद "बिस्मिल" का जन्म 11जून सन 1897 ई को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर के



खिरनीबाग में हुआ था। आपके पिता मुरलीधर और माता मूलमति थीं।क्रांतिकारी रामप्रसाद "बिस्मिल" जब शिक्षा प्राप्त कर रहे थे तब इंद्रजीत जी के संपर्क में आए और उन्होंने उन्हें "आर्य समाज" से जोड़ा। 1915 मे जब रामप्रसाद बिस्मिल के बडे. भाई परमानंद को ब्रिटिश सरकार ने फांसी पर चढ़ा दिया तब "बिस्मिल" ने ब्रिटिश साम्राज्य को समूल नष्ट करने की प्रतिज्ञा कर ली। मैनपुरी षड़यंत्र मे "बिस्मिल" के नेतृत्व मे छह युवक शामिल थे, इस कांड को करने के बाद "बिस्मिल" भूमिगत हो गए। इस दौरान उन्होंने कई कविताएं,शायरी लिखीं। उन्होंने अपनी लिखी पुस्तके प्रकाशित भी कराई। 1920 मे उनकी मुलाकात क्रांतिकारी लाला लाजपतराय से हुई। शुरू में वह महात्मा गांधी जी के आंदोलन में कूद गए। गांधी जी के असहयोग आन्दोलन में सक्रिय भूमिका निभाई लेकिन गांधी जी द्वारा चौरी चौरा कांड के बाद 1922में असहयोग आन्दोलन स्थगित कर दिया गया। 18जुलाई 1927को बिस्मिल की अर्जी को खारिज कर दिया गया। 22अगस्त 1927को रामप्रसाद बिस्मिल सहित राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह को फांसी की सजा सुनाई गई। 16दिसंबर 1927को बिस्मिल ने अपनी आत्मकथा का आखिरी अध्याय पूर्ण किया। 18दिसंबर 1927को माता पिता से जेल में अंतिम मुला कात हुई। 19दिसंबर 1927को प्रातः काल 6बजकर 30मिनट पर गोरखपुर जेल में क्रांतिकारी पं रामप्रसाद बिस्मिल को फांसी पर लटका दिया गया। जेल के बाहर जनता जनार्दन अपने देशभक्त नेता के अंतिम दर्शन चाहती थी लेकिन जेल प्रशासन ने जब बिस्मिल का पार्थिव शरीर नहीं दिया तब जेल की दीवार जनता ने तोड़ दी और क्रांतिकारी बिस्मिल के पार्थिव शरीर के साथ अंतिम यात्रा निकाली। इस दौरान डॉक्टर महेश कुमार गुप्ता,संचालक डॉक्टर अरविन्द कुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर निशा गुप्ता, डॉक्टर नितिन कौशिक,अंकित बार्ष्णेय, पंकज बार्ष्णेय, सुरेश चंद्र शर्मा,विकास यादव, हिमांशु यादव, आशीष कुमार ,शिव कुमार, श्री मति अश्विनी शर्मा, शोभा यादव, सपना, ने विचार व्यक्त किए। अनुपम , निधि, ज्योति, कासमा , डालचंद, आयुष, मोहम्मद अनस, हरिकिशोर, कंचन, प्रवेश कुमारी, सोनाक्षी, आयुषी, मोहम्मद इस्लाम, विजय पाल, मुजाहिद अली, फूल सिंह यादव, नरवीर यादव, पुष्पेन्द्र कुमार, राकेश, मोहम्मद नईम आदि मौजूद रहे।

## राजकीय इंटर कॉलेज प्रवक्ता प्री परीक्षा-2025 की तैयारियों की समीक्षा, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल।कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज प्रवक्ता प्री परीक्षा-2025 जोकि दिनांक 14 जून 2026 को एक पाली में प्रातः 9:30 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित की जानी हैं की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्य प्रियसिंह द्वारा बताया कि जनपद में राजकीय इंटर कॉलेज प्रवक्ता प्री परीक्षा-2025 को जनपद में 06 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जानी है। यह परीक्षा जवाहर लाल मैमो. न. पं. इंटर कॉलेज सिरसी संभल, महात्मा गांधी डिग्री कॉलेज संभल, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज संभल, राजकीय महाविद्यालय हयात नगर संभल, जेड. यू. इंटर कॉलेज सराय तरीन संभल, हिंद इंटर कॉलेज संभल में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 06 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 2656 परीक्षार्थी भाग लेंगे।

उन्होंने कहा कि समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी समस्त गतिविधियों पर नजर बनाए रखेंगें तथा कोई भी अनियमितता प्रदर्शित होने पर सर्व संबंधित को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने लिखित परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केंद्रों पर नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट के विषय में भी जानकारी दी उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र पर तैनात पुलिसकर्मी मोबाइल का प्रयोग नहीं करेंगे परीक्षा ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी अपने पास पहचान हेतु परिचय पत्र आवश्यक रखेंगे और उन्होंने कहा कि महिला अभ्यर्थियों की तलाशी महिला पुलिसकर्मियों द्वारा एंक्लोजर में ही ली जाएगी उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों की चेकिंग अत्यंत सावधानी तथा गंभीरता से किया जाना अपेक्षित है इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा की सुचिता पर विशेष ध्यान दिया जाए उन्होंने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी संभल को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्रों के पास टेंट पेयजल, मोबाइल टॉयलेट आदि की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ओआरएस एवं ग्लूकोस आदि की व्यवस्था भी परीक्षा केन्द्रों के पास रहे आयरिश स्कैन एवं बायोमेट्रिक से संबंधित कार्मिक समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंच जाएं।

परीक्षा कक्षों में पंखों की पर्याप्त व्यवस्था रहे अगर परीक्षा कक्ष में पंखे खराब है तो उनको समय से सही करा लिया जाए परीक्षा कक्ष में प्रकाश की उचित व्यवस्था रहे तथा जनरेटर भी परीक्षा केंद्र पर हो यह भी सुनिश्चित किया जाए तथा शौचालय भी साफ स्वच्छ रहें तथा परीक्षा केन्द्रों पर सफाई व्यवस्था उचित रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा को गंभीरता से लें परीक्षा को सुचितापूर्ण तथा शांतिपूर्ण तथा पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराना सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह , उप जिलाधिकारी संभल निधि पटेल, उप जिलाधिकारी चंदौसी नीतू रानी, डिप्टी कलेक्टर रामानुज, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष तिवारी, उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी तथा समस्त केन्द्र व्यवस्थापक तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान ने सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों के साथ की बैठक।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद. राजकीय इंटर कॉलेज प्रवक्ता प्रारंभिक परीक्षा-2025 को सुचिताबद्ध, शांतिपूर्ण, पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने पुलिस लाइन सभागार कक्ष में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न की। जिलाधिकारी ने कहा कि यह परीक्षा दिनांक 14 जून 2026 को सुबह 9.30 बजे से 11.30 तक एक पाली में नौ परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होनी है। जिलाधिकारी ने कहा कि भीषण गर्मी के दृष्टिगत सभी परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, सफाई, शौचालय तथा छाया आदि की समुचित व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए, साथ ही प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग की एक मेडिकल टीम आवश्यक रूप से तैनात रहेगी, उन्होंने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रहने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ड्यूटी में बदलाव बार-बार न कराऐं जिनकी ड्यूटी जहां लगी है, वह वहीं तैनात रहेगा। उन्होंने कहा कि आयोग के निदेशों का अक्षरशः अनुपालन किया जाए, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और क्लार्क रूम की समुचित व्यवस्था हो, जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा की चेकिंग पूरी तरह से हो, कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर मोबाइल, ब्लूटूथ या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेगा, सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा के दौरान भ्रमणशील रहेंगे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने कहा की परीक्षा के दौरान आसपास के साइबर कैफे और फोटो स्टेट की दुकाने बंद रहेगी परीक्षा केंद्रों के आसपास खड़े वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग अवश्य की जाए, यह परीक्षा जनपद में सी0एल0 जैन डिग्री कॉलेज, दाऊ दयाल महिला डिग्री कॉलेज, दाऊ दयाल इंटर कॉलेज, एम0जी0 इंटर कॉलेज, एस0आर0के0 पी0जी0 कॉलेज, एस0आर0के0 इंटर कॉलेज, गोपीनाथ इंटर कॉलेज, नारायण कॉलेज शिकोहाबाद, पाली इंटर कॉलेज शिकोहाबाद जैसे 9 केंद्रों पर आयोजित होगी।

# कृपा सत्संग एवं कथा के प्रथम दिन रही श्रद्धालुओं की भीड़

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के सत्यनारायण मंदिर में श्रीराम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित भक्तमाल कृपा सत्संग एवं कथा के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कथा में संत आचार्य बाल योगी पचौरी महाराज ने भक्तों को आध्यात्मिक जीवन का महत्व बताते हुए सत्संग, संत सेवा और सद्संगति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत जीवन पथ के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं, जो मनुष्य को संसार रूपी भवसागर से पार लगाने का कार्य करते हैं। संत का नगर या घर में आगमन सौभाग्य का विषय होता है, जबकि संतों की सेवा करना और उनके सान्निध्य में रहना मनुष्य के लिए परम सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि यदि स्वयं संतत्व का भाव प्राप्त हो जाए तो वह महाभाग्य है। आचार्य बाल योगी पचौरी महाराज ने कहा कि संत का आगमन वसंत ऋतु के आगमन के समान है। जैसे वसंत आने पर प्रकृति मुस्कुराने लगती है, वैसे ही संतों के आगमन से संस्कृति और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि संत सोए हुए मनुष्य को जगाते हैं, जागे हुए को अपने पैरों पर खड़ा करते हैं और उसके जीवन में नई चेतना का संचार करते हैं। कथा के दौरान उन्होंने माता मदालसा का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि माता ने अपने पुत्रों को आत्मज्ञान का उपदेश दिया और उन्हें जीवन की सच्चाई से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि सत्संग और सद्संगति मनुष्य के जीवन को सफल बनाती है, जबकि कुसंगति पतन का कारण बनती है। माता मदालसा ने अपने पुत्र अलर्क को भी यही संदेश दिया था कि जीवन में सदैव कुसंग का त्याग करना और संतों की संगति करना। इस अवसर पर अखिल तायल, मोनू विपिन मित्तन, संजीव रेलपाल, नितिन बंसल, रजत, आकाश,

सचिन मित्तल, योगेश मित्तल, अनिल गोयल, विपुल मित्तल, पल्लवी मित्तन, अनीता शर्मा आदि मौजूद रहे।



# भाजपा की मासिक बैठक में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) गुरूवार को भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित मासिक जिला बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव- 2027 की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री एवं जिला प्रभारी डॉ. विकास अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया। डॉ. विकास अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को साकार करने में प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में भाजपा कार्यकर्ता लगातार योगदान दे रहे हैं और इस अभियान को आगे भी जारी रखना होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रीराम मंदिर निर्माण, धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, आयुष्मान भारत योजना तथा स्वच्छता अभियान जैसी अनेक योजनाओं ने देश के करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री पद तक नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को सेवा, समर्पण और विकास का प्रतीक बताया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप ने की। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों में पूरी ताकत से जुटना होगा। पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल ने भी बैठक को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मानस संगल ने किया। इस अवसर पर रमेश गौड़ कश्यप, राजेंद्र मादलपुर, भूपेंद्र शर्मा, आनंद पुंडीर, पुनीत द्विवेदी, श्रीपाल चौहान, दामोदर सैनी, विशेष सरोहा, अभय तोमर, रूबी चौधरी, भूपेंद्र चौधरी, पंकज गुप्ता, शक्ति सिंघल, सतपाल भूरा, सुखचैन वालिया आदि मौजूद रहे।




# भवन कर एवं जलकर की समस्याओं को दूर करने के लिए बिल होगा संशोधित

**समाज जागरण**

शामली। (फुरकान जंग) नगर पालिका शामली ने शहरवासियों को भवन कर एवं जलकर जमा करने में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के संशोधित कर निर्धारण के अनुसार नए बिल तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पालिका प्रशासन ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि संशोधित व्यवस्था के तहत शीघ्र बिल तैयार कर नागरिकों तक पहुंचाए जाएं, ताकि उन्हें कर जमा करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय में चेयरमैन अरविन्द संगल की अध्यक्षता में टैक्स विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। चेयरमैन ने बताया कि अप्रैल 2025 में शासन के निर्देशानुसार स्वकर निर्धारण प्रणाली लागू की गई थी, लेकिन इसके तहत कई नागरिकों को भवन कर एवं जलकर जमा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पूर्व बोर्ड बैठक में प्रणाली में मौजूद विसंगतियों को दूर करने के लिए संशोधन प्रस्ताव पारित किए गए थे, जिससे नागरिकों को कर में राहत मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होने निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के संशोधित कर निर्धारण के अनुसार रिवाइज बिल तैयार कराए जाएं तथा उन्हें जल्द से जल्द नागरिकों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि बिल प्राप्त होने की तिथि से एक माह के भीतर कर जमा करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहन स्वरूप 10 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। बैठक में ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने बताया कि पूर्व बोर्ड बैठक में स्वकर निर्धारण प्रणाली में जो संशोधन किए गए थे, उनके अनुसार यदि किसी वार्ड में सड़क की चौड़ाई, वार्ड की श्रेणी अथवा अन्य किसी कारण से किसी भवन का कर पिछले वर्ष की तुलना में कम निकलता है, तो ऐसे मामलों में पूर्ववत कर निर्धारण ही लागू रहेगा। बैठक में कर अधीक्षक योगेश कुमार, राजस्व निरीक्षक चन्द्र किशोर पटेल, टैक्स प्रभारी आजम खान, कंवरपाल, विनोद निर्वाल, अरविन्द कुमार, अमित कुमार, सुनील बंसल, जगमोहन सिंह, शमीम अहमद, राकेश कुमार, गजेन्द्र सिंह, अमित शर्मा मौजूद रहे।



# सपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया जोरदार हंगामा प्रदर्शन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पुत्री अदिति यादव के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई कथित आपत्ति जनक टिप्पणी के विरोध में बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। सपा नेताओं और कार्य कताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपते हुए आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की।

सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष अर्चना चौधरी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर पंवार, पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए जिला मुख्यालय पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ भी नारे लगाए और महिलाओं के सम्मान एवं सुरक्षा का मुद्दा उठाया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रो. सुधीर पंवार ने कहा कि अखिलेश यादव की पुत्री अदिति यादव के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वालों पर अब तक कार्रवाई नहीं होना गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष अर्चना चौधरी ने कहा कि महिलाओं और बेटियों के सम्मान से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल ने कहा कि सोशल मीडिया पर महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणियों का सभी को मिलकर विरोध करना चाहिए। यदि ऐसे मामलों में कार्रवाई नहीं हुई तो समाज में गलत संदेश जाएगा। मौके पर अशोक चौधरी, जावेद जंग, किरणपाल मलिक, भूपेंद्र सैनी, विनीत चौधरी, सलेकचंद, अनिल कोरी, सच्चू प्रधान, योगेंद्र गोगर, अमरदीप पंवार, शर्मिष्ठा पाल आदि मौजूद रहे।



# सिटी स्कैन मशीन में आई खराबी, सेवाएं रही बाधित

**समाज जागरण**

शामली। (फुरकान जंग) जिला संयुक्त चिकित्सालय में गुरुवार को सिटी स्कैन मशीन में तकनीकी खराबी आने से करीब एक घंटे तक सिटी स्कैन सेवाएं बाधित रहीं। इस दौरान जांच के लिए पहुंचे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गंभीर रूप से बीमार मरीजों और उनके परिजनों की चिंता भी बढ़ गई। हालांकि तकनीकी खराबी दूर होने के बाद सेवा पुनः सुचारू कर दी गई, जिससे मरीजों ने राहत की सांस ली। गुरूवार को जिला अस्प ताल में सुबह सात बजे से ही सिटी स्कैन कराने वाले मरीजों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। टेक्नीशियन शिवम कुमार द्वारा नियमित रूप से मरीजों के सिटी स्कैन किए जा रहे थे। इसी बीच सुबह करीब 9:30 बजे अचानक मशीन में तकनीकी त्रुटि (एरर) आ गई, जिसके चलते सिटी स्कैन मशीन बंद हो गई और जांच कार्य रुक गया। सिटी स्कैन सेवा बंद होने से जांच के लिए इंतजार कर रहे मरीजों को काफी देर तक अस्पताल में रुकना पड़ा। विशेष रूप से गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों और उनके परिजनों को अधिक परेशानी उठानी पड़ी। मशीन में आई खराबी को दूर करने के लिए टेक्नीशियन द्वारा तत्काल प्रयास शुरू किए गए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद तकनीकी खराबी को दूर कर मशीन को पुनः चालू कर दिया गया। इसके बाद सिटी स्कैन सेवाएं सामान्य रूप से शुरू हो गईं और लंबित मरीजों की जांच की गई। सीएमएस डा. नरेश सैनी ने बताया कि मशीन में आई तकनीकी समस्या को समय रहते ठीक कर लिया गया, जिससे सेवाएं जल्द बहाल हो सकीं। गुरूवार को 57 मरीजों के सिटी स्कैन हो सके।



# उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया संकल्प दिवस

**समाज जागरण**

शामली। संपूर्ण उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा संकल्प दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान व्यापारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा संगठन के प्रति समर्पण, व्यापारी हितों की रक्षा और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया गया। प्रथम चरण में संगठन के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने बीएसएम स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। व्यापारियों ने पौधों की देखभाल का भी संकल्प लिया। द्वितीय चरण में नगर अध्यक्ष अमित गर्ग के माजरा रोड स्थित आवास पर संकल्प दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों एवं पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा एवं कर्मठता से कार्य करने, व्यापारियों की सुरक्षा और सम्मान के लिए संघर्ष करने तथा देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का संकल्प लिया। सभी ने स्वदेशी अपनाएंगे, स्वदेशी बचाएंगे और स्वदेशी ही खरीदेंगे का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग, सुभाषचंद्र धीमान, नरेंद्र अग्रवाल, बृजभूषण संगल, सूर्यवीर सिंह, राजेश सिंघल, राजेश जैन, रवि संगल, वैभव गोयल, पंकज वालिया, महेश धीमान, अनुज गोयल, ऋषभ जैन, धारा गर्ग, आदेश जैन, अमित जैन मौजूद रहे।



# रेत का डंपर खेत में पलटने से फसल नष्ट

**समाज जागरण**

कैराना। रेत का डंपर खेत में पलटने से करीब एक बीघा फसल नष्ट हो गई। मामले में किसान ने डंपर चालक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। गांव गंदराऊ निवासी असजद ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे उसके साथ गांव के ही वादिल और अफसर अपने खेत के किनारे से घास हटा रहे थे। इसी दौरान गंदराऊ की ओर से तेज गति से रेत से भरा डंपर आ रहा था। चकरोड की चौड़ाई कम होने के कारण उन्होंने डंपर को रुकने का इशारा किया, तो चालक ने लापरवाही से डंपर चलाते हुए उस पर चढ़ाने की कोशिश करते हुए खेत के अंदर उतार दिया, जिस कारण डंपर खेत में पलट गया। डंपर के पलटने से लगभग एक बीघा फसल नष्ट हो गई। विरोध करने पर डंपर चालक ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# फोन नहीं देने पर की पिटाई

**समाज जागरण**

कैराना। फोन नहीं देने से क्षुब्ध युवक ने जूस विक्रेता के साथ मारपीट कर घायल किया। मोहल्ला छड़ियान निवासी नदीम ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह कांधला बस अड्डे के पास जूस की ठेली लगाता है। मंगलवार रात करीब साढ़े 11 बजे मोहल्ले का ही कामिल उसके पास आया और फोन मांगने लगा। उसने मना किया, तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उसकी पिटाई की। आरोपी ने अपना सिर उसकी नाक पर मार दिया, जिस कारण वह घायल हो गया। बाद में आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# युवती को जबरन उठाकर ले जाने की धमकी

**समाज जागरण**

कैराना। जबरन विवाह प्रमाण पत्र बनवाने के बाद युवती को उठाकर ले जाने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र एक गांव निवासी युवती ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 मई को वह परीक्षा देकर कॉलेज से घर जाने के लिए बाहर निकली थी। आरोप है कि इस दौरान हरियाणा के जनपद पानीपत के थाना सनौली क्षेत्र के गांव तामशाबाद निवासी आशीष उसे जबरदस्ती डरा और धमका कर अपने साथ ले गया। आरोपी ने बिना उसकी सहमति के फर्जी विवाह प्रमाण पत्र बनवा लिया तथा उसका बेग भी छीन लिया, जिसमें उसके आवश्यक दस्तावेज थे। उसकी मां द्वारा शिकायत करने पर कैराना पुलिस उसे तलाश करती हुई आरोपियों के गांव पहुंची तथा सनौली पुलिस की मौजूदगी में पुलिस उसे कैराना लेकर आ गई। यहां पर वह अपनी मर्जी से अपनी मां के पास रह रही है। बाद में आरोपी उसे जान से मारने तथा उठाकर ले जाने की धमकी दे रहे हैं। मंगलवार रात आशीष और उसके भाई अजय तथा सुरेश ने दो अज्ञात आरोपियों ने उसके घर पर हमला किया तथा धमकियां दी। मामले में पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# युवक से मारपीट कर गला दबाने की कोशिश

**समाज जागरण**

कैराना। युवक के साथ मारपीट करते हुए गला दबाने के प्रयास के मामले में पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया है। नगर के मोहल्ला अंसारियान निवासी मुस्तकीम ने मुकदमा दर्ज कराया कि वह सब्जी मंडी के बाहर गेट के समीप ठेली लगाकर बिरयानी बेचने का काम करता है। बुधवार सुबह करीब 11 बजे वह बिरयानी बेचकर अपने घर वापस जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान फ्लाईओवर के नीचे ठेली पर बिरयानी और कीमा कचोरी बेचने वाले आर्यपुरी निवासी शमीम ने गाली-गलौज करते हुए उसे धमकी दी। कहा कि यहां पर ठेली लगाना बंद नहीं किया, तो जान से मार दिया जाएगा। विरोध करने पर शमीम और अनीस निवासी आर्यपुरी तथा ताहिर निवासी मोहल्ला खैलकलां ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए उसकी पिटाई की। आरोपियों ने सब्जी के चमचे से उसके ऊपर कई वार किए तथा गला घोटने का प्रयास किया। अन्य लोगों के आ जाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

# धर्मान्तरण प्रकरण में महापंचायत एक सप्ताह के लिए टली

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के एक मेडिकल व्यवसायी के पुत्र के कथित धर्मांतरण प्रकरण को लेकर 12 जून को प्रस्तावित विशाल हिन्दू महापंचायत एवं धरना प्रदर्शन को फिलहाल एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी स्वामी यशवीर महाराज ने गुरुवार को सोशल मीडिया के माध्यम से जारी अपने बयान में दी। स्वामी यशवीर महाराज ने बताया कि गत 4 जून को मेडिकल व्यवसायी देवराज मलिक के पुत्र आयुष मलिक के धर्मांतरण का मामला सामने आया था। इसके बाद धर्मांतरण कराने के आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर 12 जून को शामली में विशाल हिन्दू महापंचायत और धरना प्रदर्शन आयोजित करने की चेतावनी दी गई थी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा इस प्रकरण में युवती और उसके पिता को जेल भेजा जा चुका है। प्रशासन की ओर से की जा रही कार्रवाई को देखते हुए फिलहाल महापंचायत को एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। स्वामी यशवीर महाराज ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने वाले हिन्दू समाज के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग और जागरूकता के कारण मामले में कार्रवाई संभव हो सकी है। हालांकि उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि मामले में शेष आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती और निष्पक्ष जांच व कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की जाती, तो एक सप्ताह बाद कुरैशी बस्ती का घेराव कर आंदोलन शुरू किया जाएगा। धर्मांतरण प्रकरण को लेकर जिले में चचाओं का दौर जारी है, जबकि पुलिस प्रशासन मामले की जांच में जुटा हुआ है।



# कृषि भूमि की सिंचाई व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए पाइप लाइन डलवाने की मांग

**समाज जागरण शामली।**

ग्राम भेड़ा उद्दा निवासी किसानों ने डीएम से कृषि भूमि की सिंचाई व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के नीचे अंडरग्राउंड पाइपलाइन डलवाने की अनुमति दिलाने की मांग की है। क्षेत्र के गांव भेड़ा उद्दा निवासी ऋषिपाल पुत्र आमेराम, राकेश एवं सतपाल पुत्र आगेराम ने डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी कृषि भूमि ग्राम मनट मंटी थानाभवन में स्थित है। किसानों के अनुसार भारत सरकार की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना के अंतर्गत भूमि का एक हिस्सा अधिग्रहित किए जाने के बाद उनकी कृषि भूमि दो हिस्सों में विभाजित हो गई है और बीच से राष्ट्रीय राजमार्ग गुजर रहा है। किसानों का कहना है कि भूमि के दोनों ओर बंट जाने के कारण सिंचाई कार्य में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में वे अपनी कृषि भूमि की सुचारू रूप से सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे खेती प्रभावित हो रही है और कृषि कार्यों में अतिरिक्त कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। उन्होने डीएम से मांग की है कि उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को राष्ट्रीय राजमार्ग के नीचे अंडरग्राउंड पाइपलाइन डालने की अनुमति एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएं, ताकि भूमि की सिंचाई व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।

# धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा कराने और मकान गिराने का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी एक दंपति ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी तथा अन्य उच्चाधिकारियों को शिकायत पत्र भेजकर जमीन की कथित धोखाधड़ी, कब्जे के प्रयास और मकान ध्वस्त किए जाने के मामले में कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी सन्नो पत्नी गय्यूर का आरोप है कि उन्होंने वर्ष 2023 में दानपत्र के माध्यम से कृषि भूमि का वैध स्वामित्व प्राप्त किया था। शिकायत के अनुसार उक्त भूमि गांव गंगेरू उत्तरी क्षेत्र में स्थित है तथा आबादी से सटी हुई है। आरोप है कि कुछ लोगों ने आपराधिक षड्यंत्र रचकर उनकी भूमि का फर्जी तरीके से बैनामा अपने नाम करा लिया।पीड़िता का कहना है कि अक्टूबर और नवंबर 2024 में दो अलग-अलग बैनामों के माध्यम से भूमि का विक्रय दशार्या गया, जिसकी कुल कीमत करीब 29.30 लाख रुपये दिखाई गई। बैनामे में भुगतान चेक के माध्यम से होना दशार्या गया, लेकिन वास्तविकता में केवल पांच लाख रुपये ही उनके खाते में पहुंचे। आरोप है कि बाद में इसी राशि में से भी 2.40 लाख रुपये धोखे से वापस दूसरे खाते में ट्रांसफर करा लिए गए।आरोप है कि पर्याप्त भुगतान किए बिना ही आरोपियों ने भूमि का बैनामा अपने पक्ष में दर्ज करा लिया, जो धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात का मामला है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उनके पति के विरुद्ध कार्रवाई कराए जाने के दौरान उनकी अनुपस्थिति का लाभ उठाकर आरोपियों ने भूमि पर कब्जा करने की नीयत से वहां बने मकान को जेसीबी मशीन से तुड़वा दिया। गुरुवार को पीड़िता ने मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक विश्वासघात तथा अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। साथ ही भूमि और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी गुहार लगाई है।



# बाहरी युवक ने अस्पताल में तैनात महिला कर्मचारी के साथ की मारपीट

**समाज जागरण शामली।**

शहर के गुलशननगर स्थित एक प्राईवेट हॉस्पिटल में कार्यरत महिला कर्मचारी के साथ हुई गलत फहमी के चलते भाईयों व हॉस्पिटल कर्मचारियों में मारपीट हो गई। हॉस्पिटल में हुई मारपीट से अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने झगडा कर रहे लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। गुरूवार को शहर के गुलशननगर स्थित हॉस्पिटल में कार्यरत महिला कर्मचारी के साथ एक बाहरी युवक द्वारा मारपीट किए जाने की सूचना पर दो भाई हॉस्पिटल पहुंचे, लेकिन तब तक मारपीट करने वाला युवक मौके से फरार हो चुका था, लेकिन गलत फहमी के चलते हॉस्पिटल कर्मचारियों ने दोनों भाईयों के कारण अकारण हॉस्पिटल में आकर हंगामा खडा करने का विरोध किया तो दोनों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। जिससे मौके पर अफरा तफरी फैल गई। सूचना पाकर कोतवाली मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के करीब तीन लोगों को हिरासत में लिया। जिसके बाद दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कर दिया।

# प्रशासन ने मेले का सामान हटवाया, दी चेतावनी

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग)प्रशासन ने लोक निर्माण विभाग की भूमि पर बिना अनुमति मेले का सामान हटवाना शुरू कर दिया है। ठेकेदार को स्वयं सामान हटाने के लिए अंतिम चेतावनी दी गई है।

नगर के कांधला तिराहे पर लोक निर्माण विभाग की भूमि आसमानी झूले समेत मेले का अन्य सामान सजाया जा रहा था। तहसील प्रशासन ने ठेकेदार को बिना अनुमति मेला लगाने की कार्रवाई की चेतावनी दी थी। दो बार टीम भी वहां पहुंची थी। उस समय कर्मचारियों ने स्वयं सामान हटाना शुरू कर दिया था। लेकिन, इसके बाद भी सामान नहीं हटाया जा रहा था। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे एक बार फिर एसडीएम शिवाजी यादव के निर्देश पर नायब तहसीलदार सतीश कुमार नगर पालिका की जेसीबी मशीन के साथ वहां पहुंचे। टीम की कार्रवाई से पूर्व ही कर्मचारियों ने नायब तहसीलदार से स्वयं सामान हटाने के लिए समय देने का आग्रह किया। नायब तहसीलदार ने शुक्रवार शाम तक सभी सामान हटाने के लिए अंतिम चेतावनी दी। उनकी मौजूदगी में कर्मचारियों ने स्वयं सामान भी हटाना शुरू कर दिया। नायब तहसीलदार का कहना है कि यदि समयावधि के भीतर सामान नहीं हटाया गया, तो प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जाएगी।



# शाम ढलते ही गांव पक्का शहीदां में जुटा जनसमूह, पुलिस अधीक्षक ने चौपाल में बैठकर सुनी ग्रामीणों की बात

## नशा, साइबर अपराध एवं महिला सुरक्षा पर खुलकर हुई चर्चा, हेल्पलाइन सेवाओं की दी विस्तृत जानकारी

**नशे के खिलाफ मुहिम को जन आंदोलन बनाने की अपील**

**समाज जागरण**





डबवाली/ कालांवाली 11 जून (सुरेश जोरासिया) गांव पक्का शहीदां में उस समय जागरूकता और संवाद का माहौल देखने को मिला जब पुलिस अधीक्षक डबवाली जसलीन कौर, आईपीएस "संध्या संवाद" कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों के बीच पहुंचीं। गांव की चौपाल पर महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए, वहीं पुलिस अधीक्षक ने नशे, साइबर अपराधों और महिला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर खुलकर चर्चा करते हुए लोगों को जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा आज विभिन्न सामाजिक बुराइयों में से एक है। जो केवल एक व्यक्ति को नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। नशे के खिलाफ शुरूआत में उठी आवाज युवा शक्ति को इस बुराई से दूर रखने में अहम भूमिका निभाएगी। नशे के खिलाफ जागरूकता संदेश प्रसारित करने के लिए डबवाली पुलिस द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों के साथ आमजन का सहयोग इस नशा मुक्त समाज अभियान को जन आंदोलन में परिवर्तित करने में एक अहम कड़ी साबित होगा। उन्होंने युवाओं से खेल, शिक्षा और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान करते हुए खेलों व अन्य रचनात्मक कार्यों को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने की अपील की। उन्होंने युवाओं से कहा कि नशा आपके भविष्य को अंधकार में ले जा सकता है इसके दूसरी ओर नशे से दूरी बनाकर वे खेल और अन्य रचनात्मक गतिविधियों से वे अपना भविष्य संवार सकते हैं। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस की नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने गांव के मोजिज व्यक्तियों व अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों का आकलन करें, ताकि वे किसी गलत संगत में न पड़े।

इस अवसर पर मौजूद ग्रामीणों ने नशा न करने, नशा पीड़ितों को उपचार के लिए प्रेरित करने व नशा तस्करों की सूचना पुलिस को देने का संकल्प लिया। पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों से नशे के सेवन, नशा तस्करी व नशे से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी मानस पोर्टल, हेल्पलाइन 1933, डबवाली पुलिस के मो. न. 9138999748 व अपने नजदीकी थाना, चौकी में देने की अपील की। उन्होंने आश्वस्त किया कि सूचना देने की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

साइबर अपराधों के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि आजकल ठग फर्जी बैंक अधिकारी, कस्टमर केयर, केवाईसी अपडेट, निवेश योजनाओं, लॉटरी और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों को किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी, बैंक खाते या एटीएम पिन, सीवीवी संबंधी जानकारी साझा न करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी की स्थिति में घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करवाएं, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके और नुकसान को रोका जा सके।

महिला सुरक्षा पर चर्चा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी तथा महिला विरुद्ध अपराधों की शिकायत करने में किसी प्रकार की झिझक न रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा डबवाली पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा प्रत्येक शिकायत पर संवेदन शीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने महिला सहायता के लिए शुरू की गई डायल 112 ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा, दुर्गा शक्ति एप्प व हेल्पलाइन न. 1091, वन स्टॉप सेंटर हेल्पलाइन 181, बच्चों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए 1098 की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ उप पुलिस अधीक्षक कालांवाली श्री ललित कुमार, थाना कालांवाली प्रभारी उप निरीक्षक विजय सिंह, महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुशीला देवी, चौकी सिंहपुरा प्रभारी पीएसआई सुखचैन सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी, एएसएमओ नागरिक अस्पताल डबवाली डॉ. हरसिमरन सिंह एवं सभी सरकारी विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर गांव पक्का शहीदां के गणमान्य व्यक्ति, महिलाएं तथा बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

# भारतीय रेलवे ने स्टेशनों पर देश भर में अग्नि सुरक्षा ऑडिट शुरू किया

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,11 जून : भारतीय रेलवे ने रेलवे स्टेशनों पर राष्ट्रव्यापी अग्नि सुरक्षा ऑडिट शुरू करके यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल का उद्देश्य मौजूदा अग्नि सुरक्षा प्रणालियों का आकलन करना और उन क्षेत्रों की पहचान करना है जिनमें सुधार की आवश्यकता है ताकि यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाई जा सके और रेलवे संपत्तियों की सुरक्षा की जा सके रेल मंत्रालय ने कहा कि इस ऑडिट में स्टेशन भवन, विद्युत उपकरण, वाता नुकूलन और वेंटिलेशन सिस्टम, आपातकालीन निकास द्वार और अग्निशमन उपकरण सहित सभी महत्वपूर्ण सुरक्षा अवसंरचनाओं को शामिल किया जाएगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रेलवे स्टेशन आग जैसी आपात स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयार रहें। मंत्रालय ने बताया कि ऑडिट में निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुपालन का भी आकलन किया जाएगा। निरीक्षण प्रक्रिया के दौरान पाई गई किसी भी कमी को तुरंत सुधारात्मक उपायों के माध्यम से दूर किया जाएगा रेलवे अपने पूरे नेटवर्क में सुरक्षा और संरक्षा को निरंतर बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। अग्नि सुरक्षा ऑडिट रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा मानकों को मजबूत करने और आपातकालीन तैयारियों में सुधार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन मांगे गए

**(रघुनंदन पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 11 जून : भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए योग्य बच्चों से आवेदन मंगाए हैं। यह पुरस्कार देश के टैलेंटेड बच्चों को सम्मान देने के लिए दिया जाता है। बहादुरी, समाज सेवा, खेल, साइंस और टेक्नोलॉजी, पर्यावरण सुरक्षा, कला और संस्कृति समेत अलग-अलग क्षेत्रों में शानदार उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चे इस पुरस्कार के लिए योग्य हैं। यह अवॉर्ड उन बच्चों को भी दिया जाता है जो अपने काम से दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हैं। डिप्टी कमिश्नर राहुल चाबा ने बताया कि भारतीय नागरिक और भारत में रहने वाले 18 साल से कम उम्र के बच्चे इस पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन सिर्फ ऑनलाइन पोर्टल के जरिए ही लिए जाएंगे। आवेदन भरने के लिए भारत सरकार के पोर्टल ६१२ि.ङ्क५.ल्ल पर जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई, 2026 है। डिप्टी कमिश्नर राहुल चाबा ने जिले के लोगों से अपील की कि यह अवॉर्ड भारत सरकार की तरफ से दिया जाने वाला बच्चों का एकमात्र नैशनल लेवल का पुरस्कार है।

इसलिए, ऊपर दी गई जानकारी के अनुसार, अलग-अलग फील्ड में कामयाब बच्चों को राष्ट्रीय लेवल पर सम्मानित करवाने के लिए इस पोर्टल पर आवेदन फॉर्म भरें। उन्होंने कहा कि ज्यादा जानकारी के लिए डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम ऑफिसर, महिला भवन, ज़िला परिषद कॉम्प्लेक्स, सादिक चौक, फरीदकोट से संपर्क किया जा सकता है।

# शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के डेलीगेशन ने अमेरिका के यूबा सिटी में होने वाले कार्यों के लिए जमीन का जायजा किया

## बनाया जा रहा गुरमत केंद्र सिख बच्चों को गुरमत सिद्धांतों और सिख परंपराओं से जोड़ने में मददगार होगा - एडवोकेट धामी

**(रघुनंदन पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो)**



जैतो, 11 जून : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के नेतृत्व में अमेरिका पहुंचे डेलीगेशन ने अमेरिका के यूबा सिटी में बनने वाले धर्म प्रचार केंद्र, प्रेस, सिख मिशन और गुरमत विद्यालय के लिए जमीन का जायजा किया और आर्किटेक्ट और लोकल सिख नेताओं से यहां होने वाले कामों पर चर्चा की। गौरतलब है कि करीब 14.5 एकड़ की यह जमीन स्वर्गीय सरदार दीदार सिंह बैंस और उनके परिवार ने शिरोमणि कमेटी को दी है। शिरोमणि कमेटी के डेलीगेशन में सीनियर वाइस प्रधान रघुजीत सिंह विर्क, चीफ सेक्रेटरी कुलवंत सिंह मन्नन, मेंबर भाई राजिंदर सिंह मेहता, ओएसडी सतबीर सिंह, सेक्रेटरी बलविंदर सिंह काहलवां मौजूद थे। इस बारे में ऑफिस की तरफ से जारी एक प्रेस बयान में एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि अमेरिका और कनाडा की संगत की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए शिरोमणि कमेटी ने पिछले दिनों अमेरिका में एक धर्म प्रचार केंद्र, प्रेस, सिख मिशन और गुरमत विद्यालय बनाने का फैसला किया था। इस मकसद के लिए स्वर्गीय सरदार दीदार सिंह बैंस ने शिरोमणि कमेटी को 14.5 एकड़ जमीन दी थी। उन्होंने कहा कि अमेरिका और कनाडा की कई संगतों की तरफ से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पवित्र स्वरूपों की बहुत ज्यादा मांग है, जिसे यहां प्रेस बनने से आसानी से पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि धर्म प्रचार के मकसद से बनाया जा रहा यह सेंटर जहां प्रवासी सिख समुदाय और सिख संगठन के बीच आपसी सहयोग को और मजबूत करेगा, वहीं यह सेंटर प्रवासी सिख बच्चों को गुरमत सिद्धांतों और सिख परंपराओं से जोड़ने में भी मददगार होगा। उन्होंने कहा कि यह काम लोकल सिख नेताओं और संगतों के सहयोग से जल्द ही पूरा हो जाएगा। इस अवसर पर अमेरिका निवासी करमदीप सिंह बैंस, हरगुरजीत सिंह बल, दलबीर सिंह गिल,परमजीत सिंह गिल, गुरमीत सिंह गिल, गुरनाम सिंह पम्मा, कुलवंत सिंह खैहरा, बलजीत सिंह मान, जीवन सिंह, गुरसेवक सिंह भंगू, सुखवंत सिंह खैरा, सुखविंदर सिंह, निर्मल सिंह जंडा, मुख्तियार सिंह ग्रेवाल, गुरप्रीत सिंह गिल, इंद्रजीत सिंह हैप्पी, दलबीर सिंह संघेरा, जोगिंदर सिंह निज्जर और अन्य उपस्थित थे।

# नेपाल द्वारा भारतीय आम के आयात पर कोई प्रतिबंध नहीं

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के ध्यान में यह बात आई है कि कुछ मीडिया रिपोर्टों में यह बताया गया है कि नेपाल ने भारत से आम के आयात पर प्रतिबंध लगाया है या आयात निलंबित किया है। ये रिपोर्टें तथ्यगत रूप से गलत और भ्रामक हैं।नेपाल सरकार ने अपने पादप संगरोध और कीटनाशक प्रबंधन केंद्र (नेपाल राष्ट्रीय पादप संरक्षण संगठन), के माध्यम से 10 जून 2026 को स्पष्ट किया है कि भारतीय आम के आयात पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। निर्धारित पादप-स्वच्छता (फाइटोसैनिटरी) आवश्यकताओं के तहत आयात की अनुमति दी जा रही है। इन आवश्यकताओं के अनुपालन और भारत सरकार द्वारा जारी वैध पादप-स्वच्छता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर आयात परमिट और रिलीज आदेश जारी किए जा रहे हैं। नेपाल को भारतीय आम का निर्यात निर्बाध जारी है। जनवरी 2026 से अब तक कुल 149 खेपों में 2005 मीट्रिक टन आम नेपाल को भेजे जा चुके हैं। केवल जून 2026 में ही अब तक 18 खेपें, जिनकी कुल मात्रा 266 मीट्रिक टन है, निर्यात की जा चुकी हैं। हालांकि, नेपाल ने हाल ही में कुछ आयात शर्तों में संशोधन किया है, जिसमें गर्म पानी उपचार (एचडब्लूटी) की आवश्यकता शामिल है, भारत ने निर्धारित आवश्यकताओं का अनुपालन करते हुए निर्यात की सुविधा प्रदान करना जारी रखा है। साथ ही, भारत ने बिना पूर्व परामर्श के नए पादप-स्वच्छता उपायों को पेश किये जाने के संबंध में अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं और इस मामले को डब्ल्यूटीओ एसपीएस समझौते और अंतर्राष्ट्रीय पौध संरक्षण सम्मेलन (आईपीसीसी) ढांचे के अनुसार उपयुक्त द्विपक्षीय चैनलों के माध्यम से आगे बढ़ा रहा है। हितधारकों, व्यापारियों और जनता को आयात और निर्यात नियमों से संबंधित जानकारी के लिए आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने और नेपाल को भारतीय आम के निर्यात पर किसी कथित व्यापार प्रतिबंधों के संबंध में किसी भी अप्रमाणित रिपोर्ट की अनदेखी करने की सलाह दी जाती है।

**उत्तर प्रदेश**

# योगी सरकार की पौधरोपण को जनभावनाओं से जोड़ने की अनूठी पहल

## मिशन छाया' के जरिए सड़क के दोनों किनारों पर लगाए जाएंगे छायादार पौधे

**महर्षि चरक औषधि, समरस और समृद्धि वन सहित बनेंगे कई नए वन स्वतंत्रता दिवस व रक्षाबंधन पर भी होगा विशेष पौधरोपण**

**समाज जागरण**

मीरजापुर/प्रदेश की योगी सरकार ने हरियाली बढ़ाने के लिए जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पौधरोपण महाअभियान की अभी हाल में ही शुरूआत की है। सरकार का प्रयास है कि अभियान के तहत रोपे गए पौधों को शत-प्रतिशत सुरक्षित रखा जाए और आम-जन को पौधरोपण के प्रति ज्यादा से ज्यादा जागरुक भी किया जाए। इसी कड़ी में जनपद में पौधरोपण अभियान को तीज-त्यौहारों व संस्कृति से जोड़ते हुए विभिन्न प्रकार के वनों की स्थापना के साथ ही विशिष्ट प्रकार के आयोजन भी किए जाएंगे। जिससे आमजन पौधरोपण के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के लिए भी जागरुक हो सकें। वृक्षारोपण अभियान के तहत जिले में कुल 87,50,015 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है। प्रभागीय वनाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि 'पौधरोपण महाभियान- के तहत जिले में हरियाली का दायरा बढ़ाने के लिए मानसून में 5 वनों व 2 वाटिकाओं की स्थापना वन विभाग व कई अन्य विभागों द्वारा की जाएगी। इनमें मुख्य रूप से 'महर्षि चरक औषधि वन' स्थापित किया जाएगा, जहां स्वास्थ्य के लिए लाभकारी जड़ी- बूटियों और औषधीय पौधों का रोपण होगा। इसके अलावा समरस वन, समृद्धि वन, कपि वन और ऊर्जा वन भी बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त के अवसर पर बरकछा में वंदेमातरम वाटिका की स्थापना की जाएगी। जहां पर स्वतंत्रता सेनानियों के प्रिय पौधों का रोपण किया जाएगा। 28 अगस्त को रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर मड़िहान रेंज में कपसा झरना के पास रक्षाबंधन वाटिका की स्थापना की जाएगी, जहां पर भाई-बहन मिलकर फलदार पौधों का रोपण करेंगे। इसके अलावा उद्यान विभाग की ओर से आम भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के जरिए लोगों को फलदार पौधे रोपने के लिए जागरुक किया जाएगा। इसी तरह है ग्राम्य विकास विभाग द्वारा प्रत्येक विकास खंड में सहजन का भंडारा कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के तहत आम जनों को रोपने के लिए सहजन के पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। इस आयोजन का उद्देश्य सहजन के औषधीय गुणों से आमजन को रूबरू कराते हुए ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण के लिए जागरुक करना है। पौधरोपण अभियान के प्रति जन-जागरूकता लाना है।इस वर्ष पौधरोपण को सीधे तौर पर जन-भावनाओं और हमारे प्रमुख त्योहारों से जोड़ा जा रहा है। नवीन विशिष्ट वन और मिशन छाया जैसे प्रयास पर्यावरण के प्रति लोगों में एक नई जागरूकता लाने के लिए हैं। वन विभाग की पूरी तैयारी है कि तय तिथियों पर आमजन, छात्र-छात्राओं और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी के साथ इन विशिष्ट वनों को सफलतापूर्वक स्थापित किया जाए, ताकि जिले में हरियाली का एक स्थायी और समृद्ध वातावरण तैयार हो सके। बताया कि इसलिए जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रीन चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिसके माध्यम से आमजन को पौधे लगाने से होने वाले लाभ व पेड़ों की कटान से वातावरण पर पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी दी जाएगी।

मिशन छाया से सड़कें बनेंगी छायादार प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि हीटवेट के दुष्प्रभावों को नियंत्रित करने हेतु प्रदेश सरकार ने सड़कों के किनारे दोनों तरफ ज्यादा से ज्यादा छायादार पौधे लगाने की योजना बनाई है। इसे मिशन छाया नाम दिया गया है। बताया कि इस मिशन के तहत सड़कों के किनारे छायादार पौधों का रोपण करने के साथ ही उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी। सड़कों के किनारे रोपे गए पौधे जब बड़े होकर वृक्ष बनेंगे तो सड़कों का तापमान कम रहेगा। जिससे हीटवेट का खतरा कम होगा। इन वनों की होगी स्थापना महर्षि चरक औषधि वन :आयुष विभाग समरस वन, वन विभाग समृद्धि वन, कृषि एवं ग्राम्य विकास विभाग,कपि वन, नगर विकास तथा आवास विकास विभाग,ऊर्जा वन,ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग वंदेमातरम वाटिका वन विभाग, रक्षाबंधन वाटिका वन विभाग यह होंगे। सहजन का भंडारा,ग्राम्य विकास विभाग, आम भंडारा उद्यान विभाग, ग्रीन चौपाल वन विभाग, मिशन छाया लोनिवि, पंचायती राज, आवास विकास, नगर विकास, परिवहन तथा शिक्षा विभाग अविरल धारा वृक्षारोपण सिंचाई, ग्राम्य विकास, नगर विकास तथा लघु सिंचाई विभाग,एक्सप्रेस-वे वृक्षारोपण लोक निर्माण विभाग।

# इंडस्ट्रियल एरिया पुलिस ने 24 घंटे में किया लाखों की चोरी का खुलासा , माल समेत दो शातिर गिरफ्तार

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**



कानपुर। पनकी थाना क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है, जिसके क्रम में पूर्व में अनेक अपराधियों को जेल की हवा खिलाने के साथ ही लाखों के माल की चोरी की घटना का भी 24 घंटे के अंदर सटीक खुलासा कर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया। घटना के 24 घंटे के अंदर माल सहित चोरों को भी गिरफ्तार करने जैसी यह महत्वपूर्ण सफलता अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले और पीड़ितों की सहायता में भी आग्रणी माने जाने वाले इंडस्ट्रियल एरिया पनकी के तेज तर्रार व्यवहार कुशल चौकी प्रभारी विकास वर्मा की टीम को मिली।

अवगत कराते चलें कि योगी सरकार की मंशा के अनुरूप पीड़ितों की सहायता के साथ ही अपराधियों के खिलाफ भी लगातार सफल मोर्चा खोले लोकप्रिय कार्यशैली के जुझारू तेवरों वाले सरल और शालीन स्वभाव के चौकी प्रभारी विकास वर्मा की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है।

प्राप्त विवरण के मुताबिक चौकी क्षेत्र इंडस्ट्रियल एरिया थाना पनकी स्थित एक फैक्ट्री से लगभग 2700 किलो वजन की लगभग 6 लाख से भी अधिक रुपए की कीमत वाली लेड की 108 सिल्लियां चोरी कर ली गईं थी। जिसकी सूचना के बाद तत्काल कार्यवाही में भी अग्रणी चौकी प्रभारी विकास वर्मा अपनी टीम के साथ सक्रिय होकर चोरों की तलाश में जुट गए। अंततः लाखों की चोरी की इस घटना के खिलाफ उनका कठोर परिश्रम रंग लाया और घटना के 24 घंटे के अंदर ही लाखों की चोरी की इस घटना का सटीक खुलासा करते हुए पूरे माल सहित दोनों शातिर चोरों शिवम पुत्र प्रमोद निवासी ग्राम जौरासी थाना बिलोआ जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश तथा उसके साथी अभिषेक कुशवाहा पुत्र राजेंद्र कुशवाहा निवासी बिलौआ जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# बाढ़ से बचाव के दृष्टिगत विन्ध्याचल मण्डल एवं रीवा मण्डल के मण्डलायुक्त की सह अध्यक्षता में बाढ़ नियंत्रण समिति की अन्तर्राज्यीय बैठक कर की गई चर्चा

## मेजा व अदवा बांध से 80 हजार क्यूसेक से अधिक पानी न छोड़ने पर की गई चर्चा- बांध से पानी छोड़ने के पूर्व सूचनाओ का करे आदान प्रदान

**समाज जागरण**

मीरजापुर / उत्तर प्रदेश जनपद के मीरजापुर सोनभद्र व मध्य प्रदेश के रीवा व मऊगंज के जनपदो में वर्षा के दिनो बाढ़ से लोगो की जान माल बचाने व बाढ़ नियंत्रण व बचाव के दृष्टिगत अष्टभुजा निरीक्षण गृह मे विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश एवं रीवा मण्डल के मण्डलायुक्त बी0एस0 जामोद की सह अध्यक्षता में संयुक्त बाढ़ नियंत्रण समिति की अन्तर्राज्यीय बैठक आहूत की गई। बैठक में रीवा मण्डल आई0जी0, उप पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल पूनम के अलावा जिलाधिकारी मीरजापुर पवन कुमार गंगवार, जिलाधिकारी मऊगंज, पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अपर्णा रजक कौशिक व पुलिस अधीक्षक मऊगंज, अपर आयुक्त राज कुमार द्विवेदी, मुख्य अभियंता सिंचाई मीरजापुर सिद्धार्थ कुमार व सिंचाई विभाग दोनो मण्डलो के अधिकारी उपस्थित रहें। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र जूम के माध्यम से बैठक में सहभागिता की। बैठक में अदवा, सिरसी व मेजा जलाशय वर्षा काल में छोड़े जाने वाले पानी पर चर्चा की गई। मण्डलायुक्त रीवा मण्डल ने बताया कि टोन्स व बेलन नदी पर स्थित रीवा जनपद की त्यौधर तहसील के कई क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित होते है। उन्होंने विभाग विन्ध्याचल मण्डल के अधिकारियो से कहा कि अदवा व मेजा बांध से पानी छोड़ने के पूर्व व्हाट्सएप व टेलीफोन के जरिए मध्य प्रदेश के अधिकारियो को सूचना अवश्य दे तथा अधिकतम 80 क्यूसेक अधिक पानी न छोड़ा जाए। पुलिस महानिरीक्षक रीवा मण्डल ने कहा कि सूचनाओ का आदान प्रदान आपस में समन्वय स्थापित कर समय से किया जाए तथा मेजा व अदवा बांध पूरा भरने में जब दो मीटर पानी नीचे रहे तभी धीरे-धीरे पानी छोड़ा जाए तो बाढ़ की स्थिति उत्पन्न नही होगी तथा विकट परिस्थितियो के लिए तैयारियां भी की जा सकेंगी। बैठक में मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल ने कहा गया कि दोनो राज्यो के सिंचाई एवं जल संशाधन विभाग के अधिकारी एक दूसरे के कंट्रोल रूम नम्बर से निरंतर सम्पर्क मे रहे तथा मीरजापुर में स्थापित वर्षा मापी केन्द्रो से लगातार वर्षा की स्थिति साझा किया जाए। उन्होंने कहा कि बांधो को अधिकतम भराव क्षमता पर न रखकर भारी वर्षा के लिए पर्याप्त खाली जगह बनाई रखी जाए।

उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित एरिया को सुरक्षित रखना व जनहानि को बचाना इस बैठक का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि किसी भी छोटी से छोटी सूचना को गम्भीरता से लेते हुए उसका समाधान पहले से करा लिया जाए। प्रत्येक थानो में वीट सिपाही तक तथा बाढ़ गांव के ग्राम प्रधान को भी व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा जाए ताकि तत्काल सूचना गांव स्तर पर बचाव के दृष्टिगत दी जा सके। सिंचाई विभाग जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को बाढ़ की स्थिति के बारे में व्हाटसएप के अलावा दूरभाष के माध्यम से भी अवगत करायेंगे। बैठक में जिलाधिकारी मीरजापुर पवन कुमार गंगवार ने जनपद में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि दोनो राज्यो के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो के वायरलेस सिस्टम, व्हाट्सएप ग्रुप तथा अन्य सूचना तंत्र सक्रिय किया जाएगा ताकि त्वरित आदान प्रदान हो सके और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो को बाढ़ से बचाया जा सके। उन्होंने दोनो राज्यो के मण्डलायुक्त को आश्स्वत किया कि बांधो से एक साथ पानी नही छोड़ा जाएगा, पानी छोड़ने से पहले मध्य प्रदेश के अधिकारियो को सूचति किया जाएगा।

# रेत माफियाओं पर प्रशासन का शिकंजा और कसा: घाटों पर उतरी टास्क फोर्स, अवैध रास्तों का नेटवर्क होगा ध्वस्त

**समाज जागरण विजय तिवारी**

कटनी - जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला स्तरीय टास्क फोर्स ने बड़वारा और बरही क्षेत्र के रेत घाटों में व्यापक संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाकर रेत माफियाओं के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार किया। कार्रवाई के दौरान अवैध परिवहन के लिए बनाए गए कई अस्थायी मार्गों की पहचान की गई, जिन्हें जल्द ही ध्वस्त कर स्थायी रूप से बंद करने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

**नदी किनारों तक पहुंची टीम,खनन क्षेत्रों की हुई बारीक जांच**

खनिज विभाग, मध्यप्रदेश माइनिंग कॉरपोरेशन और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने लदहर, सुतरी, बहरघटा, इमलिया, सुड्डी, बसाड़ी, सकरी-कुम्हरवारा सहित विभिन्न स्वीकृत रेत खदानों और घाटों का गहन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने केवल अभिलेखों की जांच तक सीमित न रहकर सीधे नदी तटों पर पहुंचकर जमीनी हकीकत का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान खदानों में उत्खनन गतिविधियां बंद पाई गईं, लेकिन टीम ने उन स्थानों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जहां से अवैध परिवहन की आशंका थी। कई ऐसे कच्चे रास्ते और संपर्क मार्ग चिन्हित किए गए जिनका उपयोग रेत के अवैध परिवहन में किया जा सकता था।

**अवैध रास्तों पर चलेगा बुलडोजर**

प्रशासन ने रेत माफियाओं द्वारा तैयार किए गए अस्थायी मार्गों की मैपिंग कर उनका पूरा नेटवर्क चिह्नित कर लिया है। पूर्व में तोड़े गए मार्गों का पुनः परीक्षण भी किया गया। अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में इन रास्तों को पूरी तरह ध्वस्त कर अवैध परिवहन की संभावनाओं को समाप्त किया जाएगा।

# रोजगार, सड़क और प्रदूषण के मुद्दे पर भड़का जनाक्रोश, कार्रवाई नहीं हुई तो होगा चक्काजाम

**समाज जागरण**

अनूपपुर। खनन प्रभावित क्षेत्र के स्थानीय युवाओं को रोजगार, प्रदूषण नियंत्रण, क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण और मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने एसईसीएल प्रबंधन और नीलकंठ कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि खनन परियोजनाओं से प्रभावित क्षेत्र के योग्य युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता नहीं दी जा रही है, जबकि बाहरी लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने स्थानीय युवाओं का पंजीयन कर पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की है।

**धूल प्रदूषण से बिगड़ रहा स्वास्थ्य**

ग्रामीणों का कहना है कि कोयला परिवहन और खनन गतिविधियों से भारी मात्रा में धूल उड़ रही है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। परिवहन मार्गों पर नियमित पानी का छिड़काव, डस्ट सप्रेशन सिस्टम की स्थापना और कोयला वाहनों को तिरपाल से ढंकने की मांग की गई है।

**बांकी बांध पर मंडरा रहा जल संकट का खतरा**

ग्राम पंचायत भाद और चुकान के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बांकी बांध में लगातार मिट्टी और खनन मलबा डाला जा रहा है, जिससे उसकी जलधारण क्षमता प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने तत्काल डंपिंग रोककर वैज्ञानिक सर्वे और संरक्षण कार्य कराने की मांग उठाई है।

**ब्लास्टिंग से मकानों और कुओं में दरारें**

ज्ञापन में कहा गया है कि खदानों में लगातार हो रही ब्लास्टिंग के कारण कई गांवों के मकानों में दरारें आ गई हैं और कुएं-बोरवेल भी प्रभावित हुए हैं। प्रभावित परिवारों को सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की गई है।

**सड़क किनारे खड़े ट्रकों से बढ़ रहा हादसों का खतरा**

माइंस के भारी वाहन सड़क किनारे खड़े रहने से यातायात प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने वाहनों के लिए अलग पार्किंग स्थल निर्धारित करने और सड़क सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है।

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क निर्माण में देरी पर नाराजगी**

पयारी नंबर-2 से भालूमाड़ा-कोतमा मार्ग तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क निर्माण के लिए पुरानी सड़क तोड़ दी गई, लेकिन लंबे समय बाद भी निर्माण शुरू नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बरसात से पहले सड़क निर्माण पूरा कराने की मांग की है।

**मूलभूत सुविधाओं की भी उठी मांग**

ज्ञापन में बरतराई मुख्य मार्ग से नई बस्ती टिमकीटोला तक सड़क निर्माण, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट स्थापना तथा स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग भी की गई है।

**चेतावनी: मांगें नहीं मानी गईं तो होगा आंदोलन**

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही मांगों पर ठोस और संतोषजनक कार्रवाई शुरू नहीं की गई तो क्षेत्र की जनता लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन और चक्काजाम आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन और संबंधित ठेका कंपनी की होगी।

# बुढ़ार के अविभाषक संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु जयकांत मिश्रा ने सैकड़ों साथियों के साथ भरा नामांकन

**समाज जागरण**



अविभाषक संघ बुढ़ार के चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु जयकांत मिश्रा ने अपना नामांकन सैकडो अधिवक्ताओं के जुलूस के साथ उपस्थित होकर निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन भरा बुढ़ार के पदाधिकारियों तथा सम्पूर्ण अधिवक्ताओं ने निर्वाचन के लिए फार्म भरते हुए जयकांत मिश्रा को पुनः चुनाव जीतानें के लिए जिंदावाद के साथ श्री गणेष किया। अविभाषक संघ बुढ़ार के सत्र 2026-28 के निर्वाचन हेतु अधिवक्ता रामकृष्ण गुप्ता निर्वाचन अधिकारी तथा अधिवक्ता सुषांत शेखर घोष, मनीष जायसवाल, शेष नारायण शर्मा रीना पात्रिक को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्ति किया गया है, इनके द्वारा निर्वाचन कार्य सम्पादित कराया जाएगा। अविभाषक बुढ़ार के निर्वाचन हेतु नामांकन निर्देषन फार्म प्राप्त करने एवं जमा करने की तिथी 10 जून से 12 जून तक प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 तक नियत की गई है, मतदान 28 जून को सम्पनन होगां इसके उपरांत मतगणना भी उसी दिन 3.00 बजे से सम्पनन कराए जाएगें अभिभाषक संघ अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव सह सचिव कोषाध्यक्ष ग्रंथपाल तथा कार्यकारणी सदस्य हेतु होने वाले चुनाव में अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन भरने में खासा उत्साह देखा जा रहा है, नामांकन की अंतिम तिथी 12 जून को है, बुढार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष के प्रबल एवं सषक्त उम्मीदवार के रूा में जयकांत मिश्रा अधिवक्ताओं के बीच हैं।

# जैतहरी की बेटी राजकुमारी पनिका ने रचा सफलता का नया इतिहास, मध्यप्रदेश पुलिस में आरक्षक पद पर चयन।

## अपने घर की बड़ी बेटी अपने गांव की पहली लड़की जिनका मप्र पुलिस में हुआ चयन

**माता-पिता एवं शिक्षकों के संस्कारों का मिला प्रतिफल, नगरवासियों में हर्ष की लहर चयन हुआ**

**समाज जागरण**



अनूपपुर। जिले के जैतहरी ग्राम लहरपुर मुर्रा टोला की बेटी राजकुमारी पनिका ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर मध्यप्रदेश पुलिस में आरक्षक पद पर चयनित होकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे नगर का नाम गौरवान्वित किया है। उनके चयन की खबर मिलते ही क्षेत्र में खुशी का माहौल व्याप्त हो गया तथा परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों द्वारा उन्हें बधाइयों का तांता लग गया। राजकुमारी पनिका की इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि कठिन परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उनका चयन शहडोल में हुआ है, जो उनके संघर्ष और अथक प्रयासों का परिणाम है। राजकुमारी ने अपनी प्रारंभिक एवं विद्यालयीन शिक्षा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी से एवं स्नातक की पढ़ाई शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर से प्राप्त की। छात्र जीवन से ही वे अनुशासित, मेहनती एवं प्रतिभावान रही हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने भी उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे संस्थान के लिए गौरव का विषय बताया है। इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता का विशेष योगदान रहा है। उनकी माता मुन्नी बाई पनिका एवं पिता जवाहर लाल पनिका ने सदैव उन्हें उच्च शिक्षा एवं बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया। परिवार के सहयोग, मार्गदर्शन और राजकुमारी की अथक मेहनत ने आज उन्हें इस महत्वपूर्ण उपलब्धि तक पहुंचाया है। नगर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों तथा शिक्षाविदों ने राजकुमारी को शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। जैतहरी के छोटे गांव मुर्रा टोला जैसे छोटे गांव से निकलकर प्रदेश पुलिस सेवा में स्थान प्राप्त करना निश्चित रूप से गौरव का विषय है। राजकुमारी पनिका की इस उपलब्धि ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। दृढ़ इच्छाशक्ति, सतत प्रयास और परिवार के सहयोग से सफलता के शिखर तक पहुंचा जा सकता है। पूरे जैतहरी क्षेत्र को अपनी इस होनहार बेटी पर गर्व है और सभी ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों में भारत में रचा विकास का नया इतिहास

**समाज जागरण**








अमलाई। भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछली 12 वर्षों में देश में विकास सुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की है केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं और दूरदर्शी नीतियों के कारण आज भारत विश्व मंच पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हीरा सिंह निकाह की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। जिला अध्यक्ष के बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब किसान महिला युवा और मजदूर वर्ग के उत्थान को केंद्र में रखकर कार्य किया प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों गरीबों को पक्के मकान मिले वहीं उज्वला योजना से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा प्रदान कर चिकित्सा क्षेत्र में नई क्रांति लाई किसान सम्मन निधि योजना के तहत किसानों के खाते में सीधे अधिक सहायता पहुंचाई गई जिससे किसानों को बड़ी राहत मिली। जिला भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं देशभर में एक्सप्रेस वे रेलवे एयरपोर्ट और डिजिटल नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है भारत आज डिजिटल इंडिया अभियान के माध्यम से दुनिया में डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में अग्रणी देश में शामिल हो चुका है गांव गांव तक इंटरनेट और ऑनलाइन सेवाएं पहुंचाने से आम जनता को पारदर्शी और सरल व्यवस्था का लाभ मिला है। भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक एवं पार्षद पवन कुमार चीनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा दिया है मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं ने युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर दिए हैं रक्षा क्षेत्र में भी भारत निर्भर बन रहा है और स्वदेशी तकनीक से आधुनिक हथियारों का निर्माण किया जा रहा है पवन कुमार ने कहा कि मोदी सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई तथा भारतीय सेवा को आधुनिक संसाधनों से सशक्त बनाया गया विदेश नीति के क्षेत्र में भी भारत का सम्मान बड़ा है और आज विश्व के बड़े देशों के बीच भारत की आवाज प्रभावशाली तरीके से सुनी जाती है। भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के मूल मंत्र के साथ देश को नई दिशा देने का कार्य किया है कोरोना महामारी जैसे कठिन समय में भी भारत में दुनिया को वैक्सीन उपलब्ध कराकर मानवता की मिसाल पेश की मोदी सरकार की नीतियों से देश आत्मविश्वास के साथ विकसित भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 12 वर्षों का कार्यकाल भारत के स्वर्णिम विकास कल के रूप में याद किया जाएगा देश की जनता का विश्वास

और समर्थन प्रधानमंत्री मोदी के प्रति लगातार बढ़ रहा है और आने वाले समय में भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में और अधिक मजबूती से आगे बढ़ेगा।

# पावर प्लांट गेट के समीप सहित अनेक ग्रामीण अंचलों में शराब की बिक्री

**समाज जागरण**

जैतहरी। भले ही आबकारी विभाग द्वारा जैतहरी नगर में वेंकट नगर मार्ग में देसी विदेशी कंपोजिट दुकान की स्वीकृति दी गई है लेकिन लाइसेंसी दुकान के अलावा अनेक स्थानों में शराब की अवैध बिक्री की जा रही है। बताया जाता है कि पावर प्लांट जैतहरी गेट के सामने कई दुकान के अलावा अमगवा, मुर्रा, चांदपुर धनगांव एवं वेंकटनगर मार्ग में अनेक ग्राम में पुलिसिया संरक्षण में शराब की अवैध बिक्री की जा रही है। आवासीय क्षेत्र में बिक्री होने के कारण प्रतिदिन वाद विवाद एवं मारपीट की स्थिति उत्पन्न होती है एवं क्षेत्र का वातावरण भी दूषित हो रहा है। लाइसेंसी ठेकेदार पांडे के संरक्षण में उनके गुगो द्वारा दो पहिया वाहनों से जगह-जगह शराब की खेप पहुंचाई जाती है। सूत्र बताते हैं कि जैतहरी सहित वेंकट नगर क्षेत्र में लगभग 50 स्थान में शराब की अवैध बिक्री हो रही है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ में चिकित्सकों का अभाव

**समाज जागरण**

राजेंद्रग्राम। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ में चिकित्सकों का अभाव बना हुआ है जिसके कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है बताया जाता है कि स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के अलावा मात्र दो चिकित्सक पदस्थ है। केंद्र में एक डेंटिस्ट की पदस्थापना की गई है जिसकी ड्यूटी ओपीडी में लगाई गई है दिन में पूरा हॉस्पिटल

उन्हीं के भरोसे रहता है और रात्रि में डॉक्टर श्याम की ड्यूटी रहती है। पुष्पराजगढ़ क्षेत्र आदिवासी बहुल क्षेत्र है और प्रतिदिन यहां सैकड़ो मैरिज इलाज हेतु आते हैं।

*** बीसीएम को बीपीएम का अतिरिक्त प्रभार**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीपीएम के पद पर रहे कर्मचारी का स्थानांतरण होने के बाद वर्तमान में बीपीएम का प्रभाव यहां पर पदस्थ बीसीएम आनंद सोनी को दिया गया है। एक व्यक्ति को दो प्रभाव मिलने के कारण कार्य भी सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है।

# टीएमयू पैरामेडिकल कॉलेज की गोल्डन गुडबाय पार्टी में संजोई स्वर्णिम स्मृतियां

**समाज जागरण**



तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज की फेयरवेल पार्टी- गोल्डन गुडबाय में अंतिम वर्ष के स्टुडेंट्स ने रैंप वॉक कर अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का बेजोड़ प्रदर्शन किया। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मेहमानों समेत अपने जूनियर्स का मन मोह लिया। हरियाणवी, पंजाबी, राजस्थानी और बॉलीवुड गीतों पर स्टुडेंट्स ने आकर्षक नृत्य और गायन की प्रस्तुति से पूरा वातावरण उत्साह से भर दिया। फेयरवेल टाइटल्स के लिए अंतिम चयन टैलेंट राउंड के जरिए किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभागियों से प्रश्न भी पूछे गए और उनके समग्र प्रदर्शन के आधार पर अंतिम निर्णय लिया गया। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके आडिटोरियम में फेयरवेल पार्टी- गोल्डन गुडबाय का शंखनाद हुआ। इस अवसर पर टीएमयू मेडिकल कॉलेज में बायोकैमिस्ट्री के प्रोफेसर डॉ. उमर फारुख बतौर मुख्य अतिथि, कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी की एचओडी प्रो. रुचि कांत, फॉरेंसिक साइंस के एचओडी श्री रवि कुमार, ऑप्टोमेट्री के एचओडी डॉ. राकेश यादव, डॉ. योगेश कुमार आदि मौजूद रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. रेनू चौधरी, श्रीमती प्रियंका सिंह, डॉ. पिनाकी अदक, श्रीमती सौम्या त्रिपाठ आदि शामिल रहे। प्रो. नवनीत कुमार ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। संचालन श्रीमती सौम्या त्रिपाठी ने किया।

मुख्य अतिथि डॉ. उमर फारुख ने कहा, स्टुडेंट्स की यात्रा आसान नहीं होती और यहां तक पहुंचने में उनके स्वयं के प्रयासों के साथ-साथ उनके शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया, एआई का सही उपयोग करके हम स्वयं को और बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें कभी सीखना बंद नहीं करना चाहिए। डिग्री के साथ-साथ कौशल भी आवश्यक हैं। उन्होंने अपना संबोधन एक शेर के संग समाप्त किया। ऑप्टोमेट्री विभाग के शेख भाजी को मिस्टर पैरामेडिकल और फॉरेंसिक साइंस विभाग की सलोनी को मिस पैरामेडिकल चुना गया। मिस्टर ईवनिंग का खिताब आरआईटी विभाग के समीर ने जीता, जबकि मिस ईवनिंग का खिताब एमएलटी विभाग की वर्तिका को प्रदान किया गया। इसी क्रम में बी. ऑप्टोमेट्री में मिस्टर फेयरवेल का खिताब गुलशन और मिस फेयरवेल का खिताब सानिब सैफी को मिला, जबकि एम. ऑप्टोमेट्री में प्रीति रानी को मिस फेयरवेल चुना गया। एमएलटी में आकाश को मिस्टर फेयरवेल और नंदिनी को मिस फेयरवेल से सम्मानित किया गया। फॉरेंसिक साइंस में अलीम और त्रिप्ती, एमआरआईटी विभाग में प्रलय और पलक और आरआईटी विभाग में मयंक और मिस्बाह को क्रमशः मिस्टर और मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया।

> **खास बातें** : ऑप्टोमेट्री के शेख भाजी मिस्टर तो फॉरेंसिक की सलोनी मिस पैरामेडिकल आरआईटी के समीर मिस्टर तो एमएलटी विभाग की वर्तिका मिस ईवनिंग बी.ऑप्टोमेट्री में गुलशन मिस्टर तो सानिब को मिस फेयरवेल का खिताब एम.ऑप्टोमेट्री में प्रीति रानी को मिस फेयरवेल के टाइटल से नवाजा गया एमएलटी में आकाश मिस्टर फेयरवेल और नंदिनी मिस फेयरवेल से सम्मानित फॉरेंसिक साइंस में अलीम मिस्टर तो त्रिप्ती को चुना गया मिस फेयरवेल एमआरआईटी विभाग में प्रलय मिस्टर तो पलक बनी मिस फेयरवेल आरआईटी विभाग में मयंक और मिस्बाह क्रमशः मिस्टर और मिस फेयरवेल

# अमर पुर को मिल सकता हैं तहसील का दर्जा

**मीना सिंह ने राजस्व मंत्री से की मांग**

बिरसिंहपुर पाली -- मानपुर क्षेत्र की लोक प्रिय विधायक सुश्री मीना सिंह ने अमरपुर को तहसील की सौगात दिलाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को निभाती दिख रही है। मालुम होवे की क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए सतत प्रयास रत



विधायक ने गत दिवस राजधानी में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा से मिलकर शीघ्र ही अमरपुर को तहसील मुख्यालय बनाने की मांग की है। बताया जाता है कि क्षेत्र की जनता की बहु प्रतीक्षित मांग को लेकर क्षेत्र की संवेदनशील विधायक सुश्री मीना सिंह ने इस पर पहल शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार राजस्व मंत्री ने विधायक की बात और क्षेत्र की जनता की सुविधा को दृष्टि गत रखते हुए माननीय विधायक जी के अनुरोध पर अपनी सहमति प्रदान कर दी है। अमरपुर क्षेत्र को अपनी छोटे छोटे कार्यों के लिए मानपुर के चक्कर लगाने पडते है। बताया जाता है कि अमरपुर में तहसील कार्यालय के खुल जाने से लगभग आसपास के चालीस गाँव के लोगों को बडी सुविधा मिल जायेगी। इस मांग की पूर्ति हो जाने से क्षेत्र के नागरिकों को जहाँ एक ओर बडी सौगात मिल जायेगी, वही भारतीय जनता पार्टी के हिस्से में एक और उपलब्धि इतिहास में दर्ज हो जायेगी।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी में स्कॉलर समिट 2026 का समापन; सीयूसीईटी स्कालरशिप प्राप्त करने वाले यूपी, बिहार व झारखंड के छात्रों को किया गया सम्मानित

**सीयू स्कॉलर समिट 2026 में देश के अलग अलग राज्यों से आए मेधावी, दो दिवसीय समिट में 150 0 मेधावियों को किया गया सम्मानित सीयूसीईटी के माध्यम से 50 करोड़ की स्कॉलरशिप देकर मेधावियो के सपनों को पंख लगा रही चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, यूपी प्रतिभाओं को खोजकर राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार कर रही है : योगेन्द्र उपाध्याय, उच्च शिक्षा मंत्री**

**सीयू यूपी में विद्यार्थियों के इनोवेशन ने किया प्रभावित, विकसित भारत के निर्माण में निभाएंगे अग्रणी भूमिका: योगेन्द्र उपाध्याय, उच्च शिक्षा मंत्री, यूपी सीयूसीईटी**

**सिर्फ एंट्रेंस टेस्ट नहीं, देश की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का मिशन है : सतनाम सिंह संधू, राज्यसभा सांसद व चांसलर, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी**

उन्नाव / लखनऊ 11 जून 2026। देश की पहली एआई ऑगमेंटेड मल्टीडिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश में दो दिवसीय सीयू स्कॉलर समिट 2026 का आयोजन किया गया। इस समिट में 1500 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इनमें मुख्यतः उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड के विद्यार्थी शामिल हैं। दरअसल, यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आयोजित सीयूसीईटी (चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट) के माध्यम से 50 करोड़ रुपये तक की स्कॉलरशिप देने की घोषणा की थी। इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप मिली है। इन्हीं प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान करने के लिए सीयू स्कॉलर समिट का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के अंतिम दिन मुख्य अतिथि को तौर पर उत्तर प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय शामिल हुए। इस अवसर पर विशेष तौर पर राज्यसभा सांसद व चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू, प्रो. (डॉ.) विनीत कुमार नायर, वाइस चांसलर, सीयू यूपी समेत चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी के प्रो वाइस चांसलर प्रो डॉ टीपी सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री, योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश में आकर मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है। यह केवल एक विश्वविद्यालय नहीं, बल्कि प्रतिभाओं को खोजने, उन्हें तराशने और राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करने का एक उत्कृष्ट केंद्र है। आज यहां विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नवाचारों और शोध मॉडलों को देखकर मैं निःशब्द हूं। फुटप्रिंट्स से बिजली उत्पादन जैसे अभिनव विचार यह दशार्ते हैं कि भारत का युवा केवल सीख नहीं रहा, बल्कि भविष्य के समाधान भी तैयार कर रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मूल उद्देश्य शिक्षा को तकनीक, रोजगार और संस्कार से जोड़ना है, और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी इस विजन को प्रभावी ढंग से साकार कर रही है। यहां के विद्यार्थियों में मैंने तकनीक के साथ राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना भी देखी है। राष्ट्रभक्ति केवल सीमा पर देश की रक्षा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने ज्ञान, नवाचार और कर्म के माध्यम से देश को आगे बढ़ाना भी राष्ट्रसेवा है। संधू जी और उनकी टीम इसी भावना के साथ युवाओं को भविष्य के लिए तैयार कर रही है।

आज उत्तर प्रदेश देश का उभरता हुआ उच्च शिक्षा हब बन रहा है और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी जैसी विश्वस्तरीय संस्थाओं की उपस्थिति इस परिवर्तन को नई गति दे रही है। मुझे विश्वास है कि यहां के विद्यार्थी विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे और अपने ज्ञान, अनुसंधान तथा नवाचार से भारत को वैश्विक नेतृत्व की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद व चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू ने कहा कि सीयूसीईटी केवल एक प्रवेश परीक्षा नहीं, बल्कि प्रतिभा को पहचानने और आर्थिक बाधाओं को दूर कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने का एक सशक्त माध्यम है। इसी उद्देश्य से स्कॉलरशिप की पहल की है, ताकि कोई भी योग्य छात्र आर्थिक कारणों से अपने सपनों से समझौता न करे। हम सभी अपने जीवन में जो सपने पूरे नहीं कर पाते, उन्हें अपने बच्चों के माध्यम से साकार होते देखना चाहते हैं। इसलिए बच्चों के सपनों में किया गया निवेश सबसे महत्वपूर्ण निवेश है। आज की जेन-जी के सपने पहले से कहीं अधिक बड़े, वैश्विक और महत्वाकांक्षी हैं। एआई दुनिया के हर क्षेत्र को बदल रहा है और आने वाले समय में तकनीक इतनी सक्षम होगी कि एक व्यक्ति स्वयं पूरी कंपनी संचालित करने की क्षमता रखेगा। ऐसे दौर में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश का लक्ष्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि ऐसे फ्यूचर लीडर्स तैयार करना है जो एआई और उभरती तकनीकों की शक्ति का उपयोग कर समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को भी सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने की उपलब्धी हासिल करने पर बधाई देता हूं जिनके नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उनके नेतृत्व के 4399 दिनों और लगातार तीसरे कार्यकाल ने देश के विकास के संकल्प को नई गति प्रदान की है।

# 'विकसित भारत' के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा यूपी: मुख्यमंत्री

**– नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**
**– मानव विकास, सुशासन और जनभागीदारी को विकास की धुरी बनाकर 'विकसित भारत' के संकल्प को नई गति देने पर हुआ सार्थक विमर्श**

**समाज जागरण**

लखनऊ/नई दिल्ली, 11 जून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को नई दिल्ली में नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक हुई। इसमें अनेक मुद्दों पर सार्थक चर्चा की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सम्मिलित रहे। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर इसे साझा भी किया।
मुख्यमंत्री ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक में सम्मिलित हुआ। 'विकसित भारत@ 2047 के लिए समावेशी मानव विकास' की थीम पर केंद्रित इस बैठक में मानव विकास, सुशासन और जनभागीदारी को विकास की धुरी बनाकर 'विकसित भारत' के संकल्प को नई गति देने पर सार्थक विमर्श हुआ।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश भी प्रत्येक नागरिक के सशक्तीकरण को विकास का आधार बनाकर 'विकसित भारत' के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।
बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमन, जगत प्रकाश नड्डा, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, धर्मेंद्र प्रधान, मनसुख मण्डाविया समेत अनेक मंत्री व कई राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद रहे।

# मोदी सरकार के गौरवपूर्ण 12 वर्ष: विश्वास, विकास और जनकल्याण की उपलब्धि को धूमधाम से मनाएगी योगी सरकार

**– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर उत्तर प्रदेश में भी होगा भव्य आयोजन**
**– मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकभवन में करेंगे मीडिया से संवाद, मोदी सरकार द्वारा देश की विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का भी करेंगे शुभारंभ**
**– मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह लखनऊ व शाम को वाराणसी में होने वाले भव्य समारोह में रहेंगे उपस्थित**
**– भाजपा संगठन के पदाधिकारियों के साथ ही राजग सरकार के सहयोगी दलों के नेता व मंत्री भी रहेंगे मौजूद**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 11 जूनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर शुक्रवार को भव्य आयोजन होगा। योगी सरकार पूरे प्रदेश में विश्वास, विकास व जनकल्याण के गौरवपूर्ण 12 वर्ष की उपलब्धि को धूमधाम से मनाएगी। मुख्यमंत्री सुबह लखनऊ व शाम को वाराणसी में होने वाले भव्य समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। वहीं लोकभवन में होने वाले कार्यक्रम में राजग सरकार के सहयोगी दलों (अपना दल एस, सुभासपा, राष्ट्रीय लोकदल व निषाद पार्टी) के प्रमुख/मंत्री भी मौजूद रहेंगे।
पीएम मोदी के सुशासन के 12 वर्ष की उपलब्धियों को बताएगी योगी सरकार
सुशासन को समर्पित पीएम मोदी के द्वारा 140 करोड़ भारतीयों की निरंतर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकभवन में मीडिया संवाद करेंगे। मोदी सरकार के नेतृत्व में जनकल्याण, अवस्थापना एवं आस्था को मिले सम्मान के विषय में संपूर्ण जानकारी भी देंगे। मोदी सरकार के 12 वर्षों की विकास यात्रा को लेकर यहां प्रदर्शनी भी लगेगी। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।
सरकार के साथ ही भाजपा संगठन व सहयोगी दल के नेता भी रहेंगे मौजूद
भव्य समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ संगठन की तरफ से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष/केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी भी रहेंगे। साथ ही उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री व सहयोगी दल अपना दल (एस) के आशीष पटेल, निषाद पार्टी के डॉ. संजय निषाद, सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर व राष्ट्रीय लोकदल के अनिल कुमार भी रहेंगे।

**इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाएंगे सीएम योगी**
लोकभवन में मुख्य कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अपने सरकारी आवास से इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाएंगे। सीएम योगी नोएडा में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की 110 में से 45 इलेक्ट्रिक बसों (प्रथम चरण) का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फ्लैग ऑफ करेंगे। साथ ही नोएडा इलेक्ट्रिक बस डिपो का भी शुभारंभ करेंगे। यहां कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता ह्यनंदीह्ण व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह भी मौजूद रहेंगे।

**शाम को वाराणसी में होने वाले कार्यक्रम में पहुंचेंगे मुख्यमंत्री**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार शाम को बाबा विश्वनाथ की नगरी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी पहुंचेंगे। वे यहां गिरिजा देवी सांस्कृतिक संकुल चौकाघाट में होने वाले कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री यहां शहरी आजीविका मिशन, उद्योग विभाग समेत विभिन्न विभागों की योजना के लाभार्थियों को भी सम्मानित करेंगे। यहां एक जनपद-एक व्यंजन समेत अनेक विभागों के स्टॉल भी लगेंगे।

# योगी सरकार के शिक्षा विजन को मिली नई मजबूती, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी में मेधाओं का सम्मान

**– सीयू स्कॉलर समिट-2026 का भव्य समापन, 1500 मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान**
**– सीयूसीईटी के जरिए 50 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप, यूपी, बिहार और झारखंड के विद्यार्थियों को मिला प्रोत्साहन**






**समाज जागरण**

उन्नाव/लखनऊ, 11 जून। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से देश के प्रमुख उच्च शिक्षा केंद्र के रूप में उभर रहा है। इसी दिशा में शिक्षा, नवाचार और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश में आयोजित दो दिवसीय सीयू स्कॉलर समिट-2026 का गुरुवार को भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड सहित विभिन्न राज्यों से आए 1500 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।
उन्नाव स्थित परिसर में आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय रहे। उनके साथ राज्यसभा सांसद एवं चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू, कुलपति प्रो. (डॉ.) विनीत कुमार नायर, प्रो वाइस चांसलर प्रो. डॉ. टी.पी. सिंह समेत विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**योगी सरकार में यूपी बन रहा उच्च शिक्षा का हब**
उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी जैसे विश्वस्तरीय संस्थानों की उपस्थिति प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिला रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्रदेश सरकार शिक्षा को तकनीक, रोजगार और संस्कारों से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है।
मंत्री ने विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि यहां प्रस्तुत शोध मॉडल और तकनीकी परियोजनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि भारत का युवा केवल ज्ञान अर्जित नहीं कर रहा, बल्कि भविष्य की चुनौतियों के समाधान भी तैयार कर रहा है। फुटप्रिंट्स से बिजली उत्पादन जैसी अभिनव अवधारणाएं विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

**50 करोड़ की स्कॉलरशिप से मेधाओं को मिल रही नई उड़ान**
विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आयोजित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (उवउएळ) के माध्यम से 50 करोड़ रुपये तक की स्कॉलरशिप देने की घोषणा की गई है। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। इन्हीं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित सीयू स्कॉलर समिट में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक बाधाओं को दूर कर प्रतिभाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।

**सीयूसीईटी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का मिशन**
राज्यसभा सांसद एवं चांसलर सतनाम सिंह संधू ने कहा कि सीयूसीईटी केवल एक प्रवेश परीक्षा नहीं बल्कि प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने का एक राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने कहा कि किसी भी योग्य विद्यार्थी को आर्थिक कारणों से अपने सपनों से समझौता नहीं करना चाहिए। इसी सोच के साथ विश्वविद्यालय ने व्यापक स्कॉलरशिप कार्यक्रम शुरू किया है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी के सपने वैश्विक हैं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पूरी दुनिया को बदल रहा है। आने वाले समय में तकनीक इतनी सक्षम होगी कि एक व्यक्ति स्वयं एक पूरी कंपनी संचालित कर सकेगा। ऐसे में विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं बल्कि ऐसे भविष्य के नेता तैयार करना है जो एआई और उभरती तकनीकों के माध्यम से समाज और राष्ट्र को नई दिशा दे सकें।

**एआई और नई तकनीकों पर विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव**
कार्यक्रम में देश के कई प्रतिष्ठित उद्योग विशेषज्ञों, नीति निमार्ताओं और विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अमन गुप्ता (को-फाउंडर, बोट), डॉ. शैलेश कुमार (रिलायंस जियो), अस्वथी वेणुगोपाल (कॉग्निजेंट), अर्पित त्रिवेदी (हिताची सिस्टम्स इंडिया) सहित कई विशेषज्ञों ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, एआई, डेटा साइंस, एंटरप्राइज टेक्नोलॉजी और भविष्य के करियर अवसरों पर विस्तृत चर्चा की।
इसके अलावा अभिनेता एवं गायक अपारशक्ति खुराना, गायिका असीस कौर तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

**इनोवेशन, स्किल और ग्लोबल एक्सपोजर पर फोकस**
विशेषज्ञों ने कहा कि वर्तमान समय में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल स्किल्स, समस्या समाधान क्षमता, नवाचार सोच और नई तकनीकों की समझ विकसित करनी होगी। उन्होंने बताया कि आने वाले वर्षों में एआई और डिजिटल तकनीक लगभग हर क्षेत्र को प्रभावित करेंगी, इसलिए जो विद्यार्थी समय के साथ स्वयं को अपडेट रखेंगे, उनके लिए रोजगार और उद्यमिता के अवसर अधिक होंगे।
कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन ने दोहराया कि देश की पहली एआई ऑगमेंटेड मल्टीडिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी के रूप में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा, इंडस्ट्री-रेडी स्किल्स, वैश्विक अवसर और नवाचार आधारित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पीएम मोदी के मार्गदर्शन में योगी सरकार ने बदली यूपी की तस्वीर

**– सपा सरकार में ठहरे निवेश, औद्योगिक विकास और रोजगार को मुख्यमंत्री योगी ने दी रफ्तार**
**– एक्सप्रेसवे, हवाई अड्डे, रक्षा गलियारे, एफडीआई समेत कई मामलों में देश का ग्रोथ इंजन बन रहा यूपी**
**– वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ता प्रदेश, 50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों से बना ड्रीम डेस्टिनेशन**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 11 जून। कभी निवेशकों की प्राथमिकता सूची में पीछे रहने वाला उत्तर प्रदेश आज देश की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था में शामिल हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों में प्रदेश ने औद्योगिक विकास, निवेश, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन के क्षेत्र में बड़े स्तर पर उपलब्धियां हासिल की हैं। केंद्र व राज्य सरकार के अभूतपूर्व तालमेल ने विकास की कई अहम पहलों के जरिए यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर किया है।

**सपा सरकार में उपेक्षित, योगी सरकार में रिकॉर्ड निवेश**
2017 से पहले सपा सरकार के दौरान उत्तर प्रदेश में निवेश की गति लगभग ठहर सी गई थी। कानून-व्यवस्था, बुनियादी ढांचे और निवेश-अनुकूल माहौल की कमी को निवेशकों की बड़ी चिंता माना जाता था, लेकिन 2017 के बाद स्थिति तेजी से बदली।
पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश को 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन निवेश प्रस्तावों से लगभग 1.10 करोड़ रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के चार चरणों में 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रोजेक्ट धरातल पर उतारे जा चुके हैं, जिनसे लगभग 60 लाख रोजगार अवसर पैदा हुए हैं। वहीं 7.5 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट के साथ 5वीं जीबीसी प्रस्तावित है। पिछली सपा सरकार के मुकाबले यह बदलाव दशार्ता है कि निवेशकों का विश्वास उत्तर प्रदेश में पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत हुआ है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत जटिल प्रक्रियाओं के अनुपालन में कमी लाने के लिए यूपी को भारत में प्रथम स्थान मिला है। 65 विभागों में प्रक्रियागत 4,675 अनुपालन कम किए गए है। व्यापार में सुगमता को बढ़ावा देने के लिए 13 राज्य अधिनियमों में लगभग 99 प्रतिशत छोटे दंडात्मक प्रावधानों को हटाया गया है।

**एक्सप्रेसवे क्रांति से औद्योगिक विकास में तेजी**
उत्तर प्रदेश की औद्योगिक सफलता के पीछे सबसे बड़ा आधार मजबूत बुनियादी ढांचा है। 2017 तक प्रदेश में सीमित एक्सप्रेसवे नेटवर्क था, जिनकी संख्या महज दो थी। वहीं आज उत्तर प्रदेश 22 एक्सप्रेसवे वाले राज्य के रूप में विकसित हो रहा है। फिलहाल यूपी में 9 एक्सप्रेसवे संचालित, 3 निमार्णाधीन और 10 प्रस्तावित हैं। देश के कुल एक्सप्रेसवे नेटवर्क का लगभग 55 प्रतिशत हिस्सा अकेले उत्तर प्रदेश में विकसित हो रहा है।
एक्सप्रेसवे के किनारे 26 जिलों में 27 स्थानों पर 5,300 हेक्टेयर भूमि औद्योगिक विकास के लिए चिन्हित की गई है। बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीआईडीए) के माध्यम से 56,662 एकड़ क्षेत्र में नया औद्योगिक शहर विकसित किया जा रहा है, जो आने वाले वर्षों में औद्योगिक विकास का बड़ा केंद्र बनेगा।

**जल-थल-आकाशः हर तरफ खुले रास्ते**
वर्ष 2017 से पहले यूपी में केवल दो हवाई अड्डे (लखनऊ, वाराणसी) पूरी तरह और गोरखपुर हवाई अड्डा आंशिक रूप से क्रियाशील था। मोदी सरकार के मार्गदर्शन में योगी सरकार ने 9 वर्षों में इस क्षेत्र में तेजी से विकास किया। नतीजा यह कि प्रदेश में 17 हवाई अड्डे वर्तमान में चालू हैं और 7 अन्य हवाई अड्डों का विकास जारी है। नोएडा (जेवर) अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के संचालन के साथ ही यूपी 5 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला पहला राज्य बन गया।
माल ढुलाई के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) के तहत पूर्वी फ्रेट कॉरिडोर का 1,050 किमी से अधिक हिस्सा यूपी से गुजरता है। पूर्वी और पश्चिमी डीएफसी का जंक्शन दादरी में स्थित है। भारत के 111 राष्ट्रीय जलमार्गों में से 11 यूपी में हैं। भारत का पहला मल्टी-मॉडल टर्मिनल और फ्रेट विलेज (100 एकड़ से अधिक) वाराणसी में निमार्णाधीन है।

**एफडीआई, फैक्ट्रियों और निर्यात में ऐतिहासिक वृद्धि**
औद्योगिक विकास का सबसे बड़ा संकेतक विदेशी निवेश, फैक्ट्रियों की संख्या और निर्यात होता है। इन तीनों क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। जून 2000 से मार्च 2017 तक प्रदेश में मात्र 3,303 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया था। जबकि अप्रैल 2017 से जून 2025 के बीच यह आंकड़ा बढ़कर 17,004 करोड़ रुपये तक पहुंच गया और इसमें लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। योगी सरकार के कुशल नेतृत्व में इसमें पांच गुना से अधिक वृद्धि हुई है।
इसी तरह फैक्ट्रीज एक्ट 1948 के तहत पंजीकृत फैक्ट्रियों की संख्या सपा सरकार में 2016-17 में 14,169 थी, जो फरवरी 2026 तक बढ़कर 31,459 हो गई। यानी प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों की संख्या दोगुने से अधिक हुई। निर्यात के क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला। 2016-17 में प्रदेश का कुल निर्यात 86 हजार करोड़ रुपये था, जो फिलहाल दो लाख करोड़ से आगे निकल चुका है। आईटी और आईटीईएस निर्यात में और भी अधिक वृद्धि हुई है। यह 2015 के 15 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 82 हजार करोड़ का आंकड़ा पार कर चुका है। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात भी 7 वर्षों में लगभग 1,058 प्रतिशत बढ़ा है। यह 3,862 करोड़ (2017-18) से बढ़कर 44,744 करोड़ (2024-25) हो चुका है।

**एमएसएमई व ओडीओपी बने गेमचेंजर**
योगी सरकार की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में एक एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाना है। वर्तमान में प्रदेश के एमएसएमई क्षेत्र में 3.11 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना ने स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। योजना के तहत 20,396 उद्यमियों को 903.63 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई, जिससे सवा तीन लाख से अधिक रोजगार अवसर सृजित हुए। कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए 8,435 लाभार्थियों को 80.48 करोड़ रुपये की सहायता दी गई। इसके साथ ही 24 जिलों में 30 कॉमन फैसिलिटी सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। साथ ही विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के माध्यम से सवा चार लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षण और आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। प्लेज योजना के तहत 12 औद्योगिक पार्कों (10 से 50 एकड़) के विकास पर भी काम चल रहा है।

**रक्षा, सेमीकंडक्टर और डेटा सेंटर में नई पहचान**
पहले उत्तर प्रदेश को मुख्य रूप से कृषि प्रधान राज्य माना जाता था, लेकिन गुजरे 9 वर्षों में यूपी हाई-टेक उद्योगों का केंद्र बनकर उभरा है। रक्षा औद्योगिक गलियारे के 6 नोड झांसी, चित्रकूट, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और कानपुर विकसित किए जा रहे हैं। इस क्षेत्र में अब तक करीब दो सौ एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं, जिनमें लगभग 35 हजार करोड़ रुपये के निवेश और लगभग 55 हजार से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है।
यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित की जा रही है। एचसीएल और फॉक्सकॉन का यह संयुक्त उपक्रम 3,700 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा। प्रदेश में डेटा सेंटर उद्योग भी तेजी से विकसित हो रहा है। 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश से आठ डेटा सेंटर पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। वर्ष 2030 तक 5 गीगावाट क्षमता और 2047 तक 40 गीगावाट क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

**वैश्विक मंच पर बढ़ी यूपी की साख**
योगी सरकार ने निवेश आकर्षित करने के लिए वैश्विक स्तर पर भी सक्रिय प्रयास किए हैं। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2026 के दौरान एआई, डेटा सेंटर और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में 2.94 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए। सिंगापुर और जापान यात्राओं के दौरान 1.5 लाख करोड़ रुपये के एमओयू प्राप्त हुए और 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनसे लगभग 5 लाख रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है। यह दशार्ता है कि उत्तर प्रदेश अब वैश्विक निवेशकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन चुका है।

# योगी सरकार की मॉनिटरिंग का असर, मई में 99.24 प्रतिशत बिजली शिकायतों का हुआ निस्तारण

**– पीवीवीएनएल, डीवीवीएनएल, पीयूवीवीएनएल और केस्को में शिकायतों का शत-प्रतिशत समाधान**
**– मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में की जा रही बिजली की निर्बाध आपूर्ति**
**– 1912 हेल्पलाइन और ऑनलाइन ट्रैकिंग से शिकायत समाधान हुआ अधिक पारदर्शी और आसान**

**समाज जागरण**

लखनऊ 11 जूनः उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी के बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेशवासियों को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। एक ओर जहां तापमान लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है और बिजली की मांग में भारी वृद्धि दर्ज की जा रही है, वहीं दूसरी ओर उप्र. पावर कारपोरेशन लिमिटेड उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निस्तारण में भी नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मई में प्राप्त कुल शिकायतों में से 99.24 प्रतिशत शिकायतों का सफल समाधान कर विभाग ने अपनी कार्यकुशलता और जवाबदेही का परिचय दिया है।

**99.24 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण हुआ**
आंकड़ों के अनुसार, मई महीने में प्रदेश भर से कुल 1855713 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 1841683 शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कर दिया गया। शिकायतों के निस्तारण की दर 99.24 प्रतिशत रही, जो उपभोक्ता सेवा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सतत मॉनिटरिंग और ऊर्जा विभाग की सक्रिय कार्यशैली के चलते उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है।

**एमवीवीएनएल में 6 लाख 30 हजार से ज्यादा शिकायतों का हुआ निस्तारण**
प्रदेश के सभी डिस्कॉम पर प्राप्त शिकायतों के आंकड़ों पर नजर डालें तो पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) में 404173 शिकायतें दर्ज की गईं, जबकि दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डीवीवीएनएल) में 359501 शिकायतें प्राप्त हुईं। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एमवीवीएनएल) में 633102 शिकायतें, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीयूवीवीएनएल) में 338104 शिकायतें और कानपुर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी (केस्को) में 1,20,833 शिकायतें दर्ज हुईं। इन सभी डिस्कॉम पर आने वाली लगभग सभी शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है।

**शिकायतों का सफल समाधान हुआ**
जिसमें बिजली आपूर्ति से संबंधित शिकायतें सबसे अधिक रही है। इसके अलावा बिल भुगतान, बिल संशोधन, स्मार्ट मीटर, मीटर संबंधी समस्याएं, सेवा संबंधी शिकायतें तथा कर्मचारियों के खिलाफ शिकायतें भी बड़ी संख्या में प्राप्त हुईं। हालांकि विभागीय टीमों ने इन सभी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अधिकतर मामलों का सफल समाधान किया है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में बिजली सप्लाई से संबंधित सबसे अधिक 4 लाख 80 हजार से ज्यादा शिकायतें प्राप्त हुईं। इन शिकायतों पर लगातार निगरानी रखी गई और लगभग सभी मामलों का निस्तारण कर दिया गया।

**पीयूवीवीएनएल की सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण**
इसी प्रकार पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में 2 लाख 97 हजार से अधिक शिकायतें दर्ज हुईं, जिनका शत-प्रतिशत निस्तारण किया गया। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में 2 लाख 52 हजार से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं और सभी शिकायतों का समाधान सुनिश्चित किया गया।
पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में 2 लाख 13 हजार से अधिक शिकायतें दर्ज हुईं, जिनका भी 100 प्रतिशत निस्तारण किया गया। वहीं केस्को क्षेत्र में 94,944 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए सभी शिकायतों का समाधान किया गया है।

**अब उपभोक्ता ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं शिकायत**
यूपीपीसीएल ने डिजिटल सेवाओं के विस्तार के माध्यम से भी उपभोक्ताओं को बड़ी सुविधा प्रदान की है। अब उपभोक्ता न केवल अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं, बल्कि उसकी स्थिति की जानकारी भी घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं। 1912 शिकायत प्रबंधन प्रणाली और ऑनलाइन ट्रैकिंग सुविधा के माध्यम से शिकायतों की निगरानी पहले की तुलना में अधिक आसान और पारदर्शी हो गई है। उपभोक्ता वेबसाइट और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जाकर अपनी शिकायत की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वहीं उप्र. पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल 1912 पर आने वाली शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए लगातार निर्देशित करते रहते हैं।

# गन्ना विकास विभाग के सहयोग से 3500 विद्यार्थियों को मिलेगी रोजगारपरक शिक्षा व प्लेसमेंट सहयोग

**– उत्तर प्रदेश चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग तथा वाधवानी फाउंडेशन की अनुषांगिक संस्था स्किल्स डेवलपमेंट नेटवर्क (एसडीएन) के मध्य रोजगारपरक शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार प्राप्ति के लिए हुआ एमओयू**
**– सहकारी गन्ना समितियों के सहयोग से संचालित 09 इंटर कॉलेजों/महाविद्यालयों के लगभग 15,440 छात्र-छात्राओं को दी जाएगी रोजगारपरक शिक्षा एवं उद्योगोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण**
**– अध्ययन सत्र के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स कार्यक्रम होगा संचालित**
**– फाउंडेशन के सहयोग से एआई पर आधारित अत्याधुनिक लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, डिजिटल कंटेंट एवं इंटरएक्टिव शिक्षण सामग्री निःशुल्क होगी उपलब्ध**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 11 जून। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रथम चरण में सहकारी गन्ना समितियों के सहयोग से संचालित इंटर कालेजों एवं महाविद्यालयों के जर्जर भवनों को ठीक कराया गया। यहां अतिरिक्त शैक्षणिक कक्षों का निर्माण भी कराया जा रहा है। इन कॉलेजों में दी जा रही शिक्षा को रोजगारपरक बनाने के उद्देश्य से चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग ने युवाओं को कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विभाग ने वाधवानी फाउंडेशन के "स्किल्स डेवलपमेंट नेटवर्क (एसडीएन) के साथ एमओयू किया है। इसका उद्देश्य सहकारी गन्ना समितियों के सहयोग से संचालित शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक कौशल प्रदान करना है, जिससे वे रोजगार, स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में सफलतापूर्वक आगे बढ़ सकें।

**75 से 90 घंटे का दिया जाएगा विशेष कौशल विकास प्रशिक्षण**
गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस. ने बताया कि प्रदेश में सहकारी गन्ना समितियों द्वारा संचालित 09 इंटर कॉलेजों/महाविद्यालयों में लगभग 15,440 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। वर्तमान परिदृश्य में उद्योगों की मांग के अनुरूप व्यावहारिक ज्ञान, संचार कौशल, तकनीकी दक्षता, नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क, समस्या समाधान तथा कार्यस्थल के अनुरूप व्यवहार विकसित करना भी आवश्यक है। यह एमओयू इसे ध्यान में रखकर किया गया है। प्रथम चरण में लगभग 3,500 विद्यार्थियों को 75 से 90 घंटे का विशेष कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं के समग्र विकास व कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्हें रोजगारोन्मुखी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
प्रशिक्षण कार्यक्रम में "एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स कार्यक्रम" के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रभावी संचार कौशल, साक्षात्कार की तैयारी, शैक्षणिक लेखन, व्यक्तित्व विकास, प्रस्तुतिकरण, कौशल विकास, डिजिटल साक्षरता, व्यावसायिक नैतिकता, नेतृत्व क्षमता तथा कार्यस्थल पर अपेक्षित व्यवहार संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

**शिक्षकों व विद्यार्थियों को निःशुल्क उपलब्ध होगी शिक्षण सामग्री**
फाउंडेशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुनील दहिया ने बताया कि एआई (ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर आधारित अत्याधुनिक लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) डिजिटल कंटेंट एवं इंटरएक्टिव शिक्षण सामग्री सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को निःशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी। इस प्लेटफॉर्म पर डिजिटल कंटेंट, वीडियो लेक्चर, मूल्यांकन मॉड्यूल, अभ्यास सामग्री तथा इंटरैक्टिव शिक्षण संसाधन उपलब्ध रहेंगे। इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण घटक "एंटरप्रेन्योरियल माइंडसेट प्रोग्राम" भी होगा, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों में उद्यमशीलता की भावना विकसित की जाएगी। कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप, व्यवसाय प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, अवसरों की पहचान तथा स्वरोजगार के विभिन्न आयामों की जानकारी प्रदान की जाएगी।

राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ देंगे परामर्श
समय-समय पर 'राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कार्यशालाएं, मास्टरक्लास, करियर परामर्श सत्र भी होंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वर्तमान प्रवृत्तियों, रोजगार के अवसरों, नई तकनीकों एवं भविष्य की आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त होगी। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार एवं इंटर्नशिप के अवसरों से जोड़ना भी है। कार्यक्रम की नियमित समीक्षा भी होगी।

# आरक्षित डिब्बों में सफर बना चुनौती, यात्रियों की सुरक्षा पर उठे सवाल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



11 जून। भारतीय रेलवे यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और सम्मानजनक यात्रा का दावा करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से बिल्कुल उलट नजर आ रही है। हालात ऐसे हैं कि कई ट्रेनों के कोच क्षमता से कहीं अधिक यात्रियों की भीड़ से भरे रहते हैं। रेलवे की व्यवस्थाएं लगातार सवालों के घेरे में हैं। कहीं यात्री ट्रेनों के दरवाजों पर लटककर जान जोखिम में डालने को मजबूर हैं और आए दिन हादसों का शिकार हो रहे हैं, यात्रियों के बीच लगातार घटनाएं घटित हो रही है।तो कहीं आरक्षित डिब्बों में कन्फर्म टिकटधारी यात्रियों को भी अपनी सीट के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (22449) में सामने आई अव्यवस्थाओं ने रेलवे के दावों की एक बार फिर पोल खोल दी है।

किशनगंज से दिल्ली जा रही संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला यात्री ने बताया कि कन्फर्म आरक्षण होने के बावजूद उनकी सीट पर अन्य लोगों ने कब्जा जमा रखा था। कई बार अनुरोध और विरोध के बावजूद सीट खाली नहीं की गई। अपनी ही आरक्षित सीट पर बैठने के लिए उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा। इससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा।

यात्रियों के अनुसार ट्रेन में इतनी अधिक भीड़ थी कि डिब्बे के भीतर चलना-फिरना और शौचालय तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया था। शौचालय गंदगी से भरे हुए थे, जबकि एक शौचालय का कुंडा टूटा हुआ था। स्वच्छता और यात्री सुविधाओं के नाम पर रेलवे की व्यवस्थाएं पूरी तरह नाकाम साबित हुईं।

यात्रियों ने आरोप लगाया कि ट्रेन में रेल नीर की निर्धारित कीमत 15 रुपये होने के बावजूद उनसे 20 रुपये वसूले जा रहे थे। उनका कहना है कि जब रेलवे पूरा किराया और आरक्षण शुल्क वसूल रही है, तब बुनियादी सुविधाओं और निगरानी व्यवस्था का अभाव गंभीर चिंता का विषय है।

सबसे गंभीर बात यह रही कि पूरे सफर के दौरान न तो कोई टीटीई टिकट जांच के लिए पहुंचा और न ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) का कोई जवान दिखाई दिया। आरक्षित डिब्बों में अनधिकृत यात्रियों की भीड़ लगातार बढ़ती रही और यात्री खुद को असुरक्षित महसूस करते रहे, लेकिन उनकी शिकायत सुनने वाला कोई नहीं था। यात्रियों ने ट्रेनों के समय पालन पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकांश ट्रेनें निर्धारित समय से करीब दो घंटे की देरी से चल रही हैं, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ जाती हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब कन्फर्म टिकटधारी यात्री भी अपनी सीट, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं, तो रेलवे के दावों पर कैसे भरोसा किया जाए? आरक्षण का पूरा किराया वसूलने के बावजूद यदि यात्रियों को उनकी आरक्षित सीट, सुरक्षा और सम्मानजनक यात्रा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, तो यह रेलवे की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

यात्रियों ने रेल मंत्रालय और रेलवे प्रशासन से मांग की है कि आरक्षित कोचों में अनधिकृत यात्रियों के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाई जाए, नियमित टिकट जांच सुनिश्चित की जाए तथा सुरक्षा, स्वच्छता और समयबद्ध परिचालन व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए। उनका कहना है कि रेलवे को केवल दावों और विज्ञापनों तक सीमित रहने के बजाय जमीनी स्तर पर सुधारात्मक कदम उठाने होंगे, अन्यथा यात्रियों का भरोसा रेलवे व्यवस्था से पूरी तरह उठ जाएगा।

रेलवे की बदहाल व्यवस्था और जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता का खामियाजा आखिरकार आम यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। जब आरक्षित डिब्बों में सफर करने वाले यात्रियों को भी सीट, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़े, तो रेलवे के "सुरक्षित और आरामदायक यात्रा" के दावे स्वतः ही कटघरे में खड़े हो जाते हैं।

# अवैध बालू खनन पर बड़ी कार्रवाई, 16 वाहन जब्त, 70 से अधिक नावें नष्ट

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंन।**



11 जून। जिले में अवैध बालू खनन के खिलाफ प्रशासन ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 16 बालू लदे वाहनों को जब्त किया तथा 70 से अधिक नावों को नष्ट कर दिया। यह विशेष अभियान जिला पदाधिकारी विशाल राज और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के संयुक्त नेतृत्व में चलाया गया।

किशनगंज थाना क्षेत्र के बेलवा चौक से बेलवा घाट तक करीब चार घंटे तक चले इस अभियान के लिए छह विशेष टीमों का गठन किया गया था। छापेमारी के दौरान अवैध बालू परिवहन में संलिप्त 12 ट्रक, 3 हाइवा और 1 ट्रैक्टर को जब्त किया गया। इसके अलावा अवैध खनन में प्रयुक्त 70 से अधिक नावों को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया।

प्रशासन के अनुसार जब्त किए गए वाहनों की जांच खनन विभाग और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद संबंधित वाहन मालिकों और संचालकों के विरुद्ध जुमार्ना लगाने के साथ-साथ प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

इस व्यापक अभियान में 100 से अधिक प्रशासनिक पदाधिकारी और 200 से ज्यादा पुलिसकर्मी शामिल रहे। छापेमारी दल में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, एसडीपीओ-1, एसडीपीओ-2, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, पुलिस उपाधीक्षक यातायात सहित जिले के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध बालू खनन और इसके परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। प्रशासन का कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। :::

यह संस्करण समाचार की भाषा को अधिक संतुलित, प्रभावशाली और प्रकाशन योग्य बनाता है, साथ ही तथ्यों को स्पष्ट एवं क्रमबद्ध तरीके से प्रस्तुत करता है।

# ठाकुरगंज के पथरिया गांव में मिला दुर्लभ पैंगोलिन, ग्रामीणों ने दिखाई जागरूकता

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंन।**



11 जून। ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत पथरिया गांव में बुधवार को एक दुर्लभ वन्यजीव पैंगोलिन मिलने से क्षेत्र में उत्सुकता का माहौल बन गया। ग्रामीणों की जागरूकता और संवेदनशीलता के कारण इस दुर्लभ जीव को सुरक्षित बचाकर वन विभाग के हवाले कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार गांव के निवासी परीक्षण राय एवं अन्य ग्रामीणों ने पैंगोलिन को देखा। प्रारंभ में लोग इसे पहचान नहीं सके, लेकिन बाद में इसके दुर्लभ वन्यजीव होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने सूझबूझ का परिचय देते हुए उसे किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाया। ग्रामीणों ने सावधानीपूर्वक उसे सुरक्षित रखा और तत्काल वन विभाग तथा प्रशासन को इसकी सूचना दी।

मुखिया प्रतिनिधि अजय सिंह ने बताया कि पैंगोलिन को सुरक्षित रूप से वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों द्वारा उसकी स्वास्थ्य जांच की जाएगी, जिसके बाद उसे उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा करते हुए कहा कि वन्यजीव संरक्षण में आम लोगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। समय पर सूचना मिलने से दुर्लभ जीव की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी।

स्थानीय लोगों के अनुसार इस क्षेत्र में पैंगोलिन का दिखाई देना अत्यंत दुर्लभ घटना है। यह जीव सामान्यतः जंगलों और प्राकृतिक आवासों में पाया जाता है तथा अपनी विशिष्ट शल्कयुक्त संरचना के कारण पहचाना जाता है। अवैध शिकार और तस्करी के कारण इसकी संख्या लगातार घट रही है, जिसके चलते यह संरक्षित वन्यजीवों की श्रेणी में शामिल है।

ग्रामीणों की जागरूकता की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि वन्यजीवों के संरक्षण के लिए समाज और प्रशासन दोनों की साझा भागीदारी आवश्यक है। पथरिया गांव के लोगों ने दुर्लभ जीव की सुरक्षा कर एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं कोई दुर्लभ अथवा संरक्षित वन्यजीव दिखाई दे तो उसे नुकसान पहुंचाने के बजाय तुरंत विभाग या स्थानीय प्रशासन को सूचना दें, ताकि उसकी सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

# पटना में फ्रिज का कंप्रेसर फटने से लगी भीषण आग, झुलसीं मां और दो बेटियां

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के चांदमारी मोहल्ले में एक घर में रखे फ्रिज का कंप्रेसर अचानक धमाके के साथ फट गया। विस्फोट इतना जोरदार था कि इसकी चपेट में आकर घर में रखी गैस सिलेंडर में भी आग लग गई। इस हादसे में घर में मौजूद मां और उनकी दो बेटियां गंभीर रूप से झुलस गईं। मिली जानकारी के अनुसार, शाहपुर निवासी सरिता देवी (38 वर्ष) अपने परिवार के साथ घर में सो रही थीं। तभी अचानक घर के भीतर रखे फ्रिज के कंप्रेसर में जोरदार धमाका हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि पूरा मोहल्ला दहल उठा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पास रखे गैस सिलेंडर को भी अपनी चपेट में ले लिया। धमाके की आवाज सुनते ही आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। पड़ोसियों ने साहस दिखाते हुए आग की लपटों के बीच घर में प्रवेश किया और झुलसी हुई सरिता देवी और उनकी दो पुत्रियों, कृति कुमारी (17) व प्रीति कुमारी (15) को सुरक्षित बाहर निकाला। आनन-फानन में तीनों को इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां फिलहाल उनका उपचार चल रहा है।घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम दमकल के साथ मौके पर पहुँची। कड़ी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया और इसे आसपास के घरों में फैलने से रोक दिया। दानापुर पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच में मामला फ्रिज के कंप्रेसर में हुए तकनीकी खराबी के कारण विस्फोट का लग रहा है। इस घटना ने एक बार फिर गर्मी के मौसम में इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के रखरखाव और उनकी सुरक्षा को लेकर बड़ी चेतावनी दी है।

# पटना में साइबर ठगी गिरोह का पदार्फाश

## B.Tech इंजीनियर मास्टरमाइंड समेत तीन गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना की साइबर थाना पुलिस ने एक हाई-प्रोफाइल साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक बड़े नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में पति-पत्नी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह देश भर में अब तक 400 से अधिक लोगों को अपना शिकार बनाकर एक करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कर चुका है। पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि इस गिरोह का सरगना गौरव राज है, जो इ.ळीँ की पढ़ाई कर चुका है। नौकरी न मिलने की हताशा में उसने अपराध का रास्ता चुना और पटना के एक किराए के मकान से अपना 'ठगी का ऑफिस' संचालित करना शुरू किया। अपराध की इस साजिश में उसकी पत्नी सपना कुमारी और साला निखिल कुमार सक्रिय रूप से शामिल थे। गिरोह की मुख्य सदस्य सपना कुमारी थी। वह फरार्टेदार अंग्रेजी बोलकर खुद को बैंक अधिकारी या कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव के रूप में पेश करती थी। लोगों को क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने, एटीएम पिन जनरेट करने और रिवॉर्ड पॉइंट रिडीम करने का लालच दिया जाता था। जैसे ही पीड़ित अपनी गोपनीय बैंकिंग जानकारी साझा करते, गिरोह उनके खाते खाली कर देता था। पुलिस की छापेमारी में गिरोह के कब्जे से 3 मोबाइल फोन, 3 एटीएम कार्ड, 5 सिम कार्ड, एक लैपटॉप और 2 फर्जी पहचान पत्र (नाम पता विवरण के साथ) बरामद किए गए हैं। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (ठउफ्छ) पर इस गिरोह के खिलाफ देश भर से 400 से अधिक शिकायतें पहले से दर्ज थीं, जिसके आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर इन्हें धर दबोचा। पटना साइबर पुलिस ने नागरिकों को आगाह करते हुए कहा है कि किसी भी अनजान कॉल पर अपना ओटीपी, पिन, पासवर्ड या बैंकिंग विवरण साझा न करें। साथ ही, एनीडेस्क या टीमव्यूअर जैसे रिमोट एक्सेस ऐप डाउनलोड करने से बचें। यदि किसी के साथ धोखाधड़ी होती है, तो तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर या साइबर क्राइम पोर्टल पर रिपोर्ट करें। फिलहाल, पुलिस गिरोह के अन्य सहयोगियों की तलाश कर रही है।

# एनडीए में खींचतान के बीच उपेंद्र कुशवाहा को दिल्ली बुलाने की तैयारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार एनडीए में एमएलसी टिकट को लेकर जारी घमासान के बीच एक बड़ी राजनीतिक खबर सामने आई है। सियासी गलियारों में चर्चा जोरों पर है कि भाजपा आलाकमान ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा (RLM) प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा को केंद्रीय राजनीति में सक्रिय करने का मन बना लिया है। सूत्रों का दावा है कि 20 जून के आसपास प्रस्तावित मोदी कैबिनेट के फेरबदल में उपेंद्र कुशवाहा को जगह मिल सकती है।सूत्रों के अनुसार, भाजपा ने कुशवाहा के सामने पटना का मोह छोड़ दिल्ली आइए का नया राजनीतिक प्रस्ताव रखा है। भाजपा नेतृत्व चाहता है कि कुशवाहा राज्य की राजनीति के बजाय केंद्र में जिम्मेदारी संभालें। उल्लेखनीय है कि 2014 की मोदी सरकार में उपेंद्र कुशवाहा मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं, इसलिए उनका प्रशासनिक अनुभव भाजपा के लिए उपयोगी माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पिछले कुछ दिनों से भाजपा और आरएलएम के बीच तल्खी देखी जा रही थी। इसके पीछे मुख्य रूप से दो कारण बताए जा रहे हैं: पहला, कुशवाहा द्वारा पार्टी के भाजपा में विलय का प्रस्ताव ठुकराना। दूसरा, भाजपा द्वारा उनके बेटे दीपक प्रकाश को पार्टी के सिंबल पर एमएलसी बनाने का ऑफर देना, जिसे उन्होंने स्वीकार नहीं किया। इन तमाम मतभेदों को सुलझाने के लिए उपेंद्र कुशवाहा फिलहाल दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। वे भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के निरंतर संपर्क में हैं और गठबंधन की कड़वाहट को दूर कर ऑल-इज-वेल की स्थिति बनाने में जुटे हैं। जानकारों का कहना है कि अगले दो हफ्तों में दीपक प्रकाश के भविष्य को लेकर कोई सम्मानजनक बीच का रास्ता निकाला जा सकता है। अब सबकी निगाहें 20 जून के संभावित कैबिनेट विस्तार पर टिकी हैं। क्या उपेंद्र कुशवाहा केंद्र की राजनीति में वापसी करेंगे या बिहार के समीकरणों में कोई नया मोड़ आएगा, यह देखना दिलचस्प होगा।

# पति ने लोहे की रॉड से पीटकर पत्नी की किया हत्या, 24 घंटे में गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**




कुटुंबा (बिहार)दहेज की मांग पूरी न होने पर एक पति ने अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर दी। मामला औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा थाना क्षेत्र के ग्राम दधपा का है। पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस के अनुसार, 10 जून 2026 को सनोज मेहता, पिता अवधेश मेहता, निवासी दधपा ने अपनी पत्नी अंजलि कुमारी की लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर हत्या कर दी थी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था।मृतका के परिजनों के बयान पर कुटुम्बा थाना में कांड संख्या 92/26 के तहत मामला दर्ज किया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए कुटुम्बा थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान और मुखबिर की सूचना पर आरोपी सनोज मेहता को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।प्राथमिकी में मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही सनोज मेहता दहेज की मांग कर अंजलि को प्रताड़ित कर रहा था। मांग पूरी न होने पर उसने लोहे की रॉड से सिर पर वार कर अंजलि की हत्या कर दी।

# टण्डवा थाना पुलिस की कार्रवाई: हत्या कांड में फरार चल रहे पिता-पुत्र को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) करीब 9 महीने पुराने हत्या कांड में फरार चल रहे पिता-पुत्र को नबीनगर प्रखंड के टण्डवा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। दोनों आरोपियों पर एक व्यक्ति की हत्या का आरोप है।पुलिस के अनुसार, टण्डवा थाना कांड संख्या 118/25, दिनांक 03.09.2025 में कंचन गांव निवासी एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद से ही मामले के अभियुक्त फरार चल रहे थे।

मृतक के परिजनों के बयान पर टण्डवा थाना में बीएनएस की धारा 103(1)/238/3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।मामले में नामजद दोनों अभियुक्तों मुनारिक रजवार पिता स्व. मंगर रजवार और अजय रजवार पिता मुनारिक रजवार
दोनों ग्राम कंचन, थाना टण्डवा, जिला औरंगाबाद के निवासी हैं। थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी इलाके में छिपे हुए हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी कर दोनों को दबोच लिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# जमीनी-रास्ता विवाद: लाठी-डंडे चले, 7 लोग गंभीर रूप से घायल, सदर अस्पताल रेफर

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)नगर पंचायत नवीनगर अंतर्गत रामपुर बूढ़ी बांध गांव में जमीनी और रास्ता विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। लाठी-डंडे और लोहे की रॉड चलने से एक पक्ष के 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर किया गया है।घायल रामप्रीत पासवान ने बताया कि दूसरे पक्ष के रामानंदन पासवान और बीरबल पासवान के साथ उनका लंबे समय से जमीनी और रास्ते को लेकर विवाद चला आ रहा है। इसी रास्ते को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और बातचीत मारपीट में बदल गई।लाठी-डंडे, रॉड से हुए हमले में एक पक्ष के लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। मारपीट में गंभीर रूप से घायल होने वालों में रामप्रीत पासवान,प्रदीप पासवान,हर्ष पासवान, दिलीप पासवान,ममता देवी, क्रांति देवी और फुलेसरी देवी शामिल है। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को नवीनगर रेफरल अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

घायल रामप्रीत पासवान ने बताया कि इस जमीनी और रास्ता विवाद का मामला पहले से नवीनगर थाना और जनता दरबार में दर्ज है।

# पटना के बिहटा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## अंतर-जिला बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश, तीन शातिर गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। बिहटा पुलिस ने एक सक्रिय अंतर-जिला बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन शातिर चोरों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोरों में हड़कंप मच गया है। घटना गुरुवार की है, जब बिहटा पुलिस की टीम इलाके में गश्त कर रही थी। इसी दौरान महादेवा रोड स्थित बाबा बिटेश्वरनाथ मंदिर के पास पुलिस ने एक युवक को संदिग्ध अवस्था में बाइक का लॉक तोड़ते हुए देखा। पुलिस ने बिना समय गंवाए आरोपी को रंगे हाथ दबोच लिया। थाने लाकर की गई कड़ी पूछताछ में आरोपी ने गिरोह का राज खोल दिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी कर उसके दो अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तीनों आरोपियों की पहचान साहिल कुमार, विवेक कुमार और आकाश कुमार के रूप में हुई है। ये सभी पटना और भोजपुर जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। बिहटा थानाप्रभारी अमित कुमार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि ये तीनों एक संगठित गिरोह बनाकर लंबे समय से सक्रिय थे। इनका 'मॉडस ऑपरेंडी' बेहद शातिर था; ये लोग पहले बाइक चोरी करते थे और फिर कुछ समय तक उसे सुरक्षित स्थान पर छिपाकर रखते थे। मौका मिलते ही ये उन बाइकों को दूसरे जिलों में ले जाकर औने-पौने दामों में बेच देते थे। पुलिस अब इस गिरोह के पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इनके तार किन-किन अन्य जिलों से जुड़े हैं और इन्होंने अब तक कुल कितनी बाइकों को निशाना बनाया है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं और चोरी की गई अन्य बाइकें भी बरामद की जा सकेंगी। बिहटा पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। पुलिस प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे अपने वाहनों को हमेशा सुरक्षित स्थान पर ही पार्क करें और कहीं भी कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो बिना देरी किए स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

# पटना के फुलवारी शरीफ में 17 जून को लगेगा जन सहयोग शिविर, मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ स्थित नदियावां (कुरकुरी पंचायत) में आयोजित होने वाले विशेष सहयोग शिविर की तिथि में बदलाव कर दिया गया है। अब यह शिविर 16 जून के बजाय 17 जून 2026 को आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के शामिल होने की प्रबल संभावना है। उनके प्रस्तावित दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं और सुरक्षा समेत अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शिविर की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार को पटना के जिलाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने नदियावां पहुंचकर आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। सुरक्षा, पेयजल, बिजली, यातायात, पार्किंग और चिकित्सा सुविधाओं सहित तमाम व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। आयोजन स्थल पर उमड़ने वाली हजारों की भीड़ को देखते हुए विशाल वाटर-प्रूफ पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही, मंच तक पहुंचने के लिए रास्तों को सुगम और चौड़ा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में आने वाले आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा गया है ताकि स्टॉल लगाने से लेकर शिकायतों के निवारण तक की प्रक्रिया सुचारू रहे। स्थानीय कुरकुरी पंचायत के मुखिया रवि कुमार ने बताया कि प्रशासनिक कारणों से तिथि में परिवर्तन किया गया है और अब पूरी मशीनरी 17 जून के कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटी है। इस सहयोग शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। शिविर में राशन कार्ड, पेंशन, आवास योजना, भूमि विवाद, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा समेत सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जाएगी और उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। नदियावां और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इस आयोजन को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। प्रशासन ने क्षेत्र के निवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# बिहार के बीपीएल परिवारों के लिए बड़ी राहत

## अब छतों पर लगेगा मुफ्त सोलर पैनल, शून्य होगा बिजली बिल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार के गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए राज्य सरकार एक बेहद लाभकारी योजना लेकर आई है। केंद्र की ह्यपीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनाह्न की तर्ज पर अब बिहार सरकार बीपीएल परिवारों को बड़ी सौगात देने की तैयारी में है। सरकार अब इन परिवारों के घरों की छतों पर मुफ्त में सोलर पैनल लगवाएगी, जिससे उन्हें महंगे बिजली बिलों से हमेशा के लिए निजात मिल सकेगी।योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सरकार ने प्रथम चरण में राज्य के 8 जिलों का चयन किया है। इन जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर काम शुरू किया जाएगा। बिजली कंपनियों (NBPDCL और SBPDCL) के माध्यम से सर्वे कर लाभार्थियों की पहचान की जाएगी और फिर उनके घरों की छतों पर सोलर सिस्टम इंस्टॉल किए जाएंगे। इन अनुभवों के आधार पर बाद में इस योजना का विस्तार पूरे बिहार में किया जाएगा। इस योजना का सबसे बड़ा लाभ यह है कि गरीब परिवारों का बिजली बिल पूरी तरह शून्य हो जाएगा। हर महीने एक निश्चित यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी। इतना ही नहीं, यदि सोलर पैनल से जरूरत से अधिक बिजली का उत्पादन होता है, तो उसे ग्रिड को बेचा जा सकेगा। इससे इन परिवारों को अतिरिक्त आमदनी का जरिया भी मिलेगा। सोलर पैनल लगाने में आने वाला भारी भरकम खर्च गरीब परिवारों के लिए बड़ी बाधा था। इसे देखते हुए केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से पूरा खर्च (बेंचमार्क कॉस्ट) सब्सिडी और सरकारी फंड से उठाया जाएगा। लाभार्थियों को इसके लिए अपनी जेब से कोई राशि खर्च नहीं करनी होगी। इस पहल से न केवल गरीब परिवारों के आर्थिक बोझ में कमी आएगी, बल्कि हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे निर्बाध बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी, जिससे शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव आएंगे।

# 'लालू यादव दूसरे नेल्सन मंडेला', JCB पर चढ़कर मना जन्मदिन, उतरते समय फिसले केदार यादव का वीडियो वायरल

**समाज जागरण, पटना।**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के 79वें जन्मदिन पर राजधानी पटना में समर्थकों ने अनोखे अंदाज में जश्न मनाया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके जन्मदिन को "सद्भावना दिवस" के रूप में मनाते हुए जेसीबी (बुलडोजर) पर चढ़कर केक काटा, ढोल-नगाड़ों की थाप पर नारेबाजी की और अपने नेता के प्रति सम्मान प्रकट किया।